# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-06-2022

# थाने पर बुलायी पुलिस, नहीं पहुंचे हिस्ट्रीशीटर

गोरखपुर (एसएनबी)। माफिया, हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस नकेल कसने की तैयारी कर चुकी है। इनकी गतिविधियों को खंगालने के लिए पुलिस थाने पर तलब किया था। लेकिन हिस्ट्रीशीटर डर की वजह से थाने पर हाजिर नहीं हुए। गोरखपुर जोन के 11 जिलों की पुलिस अब करीब 2000 माफिया और हिस्ट्रीशीटरों को सलाखों के पीछे पहुंचाएगी। पुलिस उनके मुकदमों की कुंडली खंगाल रही है। मुकदमों की सूची बनाने के बाद पुलिस कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाएगी। साथ ही उनकी निगरानी भी की जाएगी कि वे इस समय अपराध में सक्रिय हैं कि नहीं। यह सब एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर किया जा रहा है। एडीजी ने सभी के मुकदमों का ब्योरा मांगा है।

दरअसल गोरखपुर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने माफिया और हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी कार्रवाई करने को निर्देश दिया था। जिसके बाद एडीजी ने हर जिले की पुलिस को कहा है कि वह अपने-अपने थानों के 5-5 माफिया और हिस्ट्रीशटरों की निगरानी करें। उनके मुकदमों की सूची तैयार करें और जोन कार्यालय भेजें।

**एक दरोगा करेगा एक माफिया की निगरानी :** एडीजी ने निर्देश दिया है कि थाने का एक दरोगा एक माफिया के पीछे लगेगा। इसी प्रकार एक हिस्ट्रीशीटर के पीछे भी एक दरोगा लगेगा। हर थाने की पुलिस अपने अपने थाने के टॉप 5 माफिया और टप 5 हिस्ट्रीशीटर की सूची बनाएगा और उनपर कार्रवाई कराएगा। जोन के 11 जिलों में वर्तमान में 194 थाने हैं। जिससे जोन के 2000 माफिया और हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस कार्रवाई कराएगी।

**हिस्ट्रीशीटरों को सलाखों के पीछे पहुंचाएगी पुलिस**

**जोन के 194 थानों के टॉप 5 माफिया और हिस्ट्रीशीटरों के मुकदमों की कुंडली खंगाल रही पुलिस**

याद दिला दें कि पिछले 6 महीने से एडीजी के निर्देश पर हर जिले की पुलिस आपरेशन शिकंजा चला रही है। जिसके तहत कोर्ट में मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाई जा रही है। अभी तक जोन के करीब 200 मुकदमों में आरोपियों को सजा हो चुकी है। लेकिन इसमें किसी भी माफिया और हिस्ट्रीशीटर के मुकदमें का निस्तारण नहीं हुआ है। यानि उन्हें सजा नहीं हुई है। इसलिए एडीजी ने यह निर्देश दिया है।

अकेले गोरखपुर जिले में कुल 1520 हिस्ट्रीशीटर हैं। यहां कुल 27 थाने के 135 हिस्ट्रीशीटर चिन्हित किए गए हैं जिनके मुकदमों में पुलिस प्रभावी पैरवी करेगी। वहीं कुल 135 माफिया के भी मुकदमों की निगरानी कर उन्हें सजा दिलाया जाएगा। वहीं गोरखपुर पुलिस नए हिस्ट्रीशीटरों की काउंसलिंग भी कराएगी ताकि उनमें सुधार हो सके और वे अपराध की दुनिया छोड़ सकें।

**इन नए हिस्ट्रीशीटरों की खोली गई है हिस्ट्रीशीट :** गोरखपुर पुलिस ने ओमप्रकाश पांडेय,मनोज चौहान, विक्की भारती, आशीष निषाद, अमन दूबे, सुभाष यादव, सौरभ त्रिपाठी,सरफराज, अजीत मिश्रा उर्फ सोनू, राहुल कुमार विश्वकर्मा, लल्लू दूबे उर्फ सूर्या, आकाश गुप्ता, गौरव यादव, विशाल उर्फ कल्लू समेत 22 की हिस्ट्रीशीट हाल में ही खोली गई है।

**ये हैं माफिया :** विनोद उपाध्याय, सुधीर सिंह, प्रदीप सिंह, राजन तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, राघवेंद्र यादव, राकेश यादव, सत्यवत राय, सन्नी सिंह गोरखपुर जिले के चर्चित माफिया हैं। जिनके मुकदमों की पुलिस प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी।

# इस्कान मन्दिर मथुरा में मिला सत्यम

पाली (एसएनबी)। पाली क्षेत्र के नचनी गाँव के मूल निवासी अष्टभुजा पति तिवारी जो इस समय गोरखपुर गोरखनाथ क्षेत्र में परिवार सहित किराये के रूम में रहते थे। 25 जून को रात घर से निकला सत्यम त्रिपाठी 17 विना सूचना के कहीं चला गया था। जिसकी गुमशुदगी गोरखनाथ थाने में दर्ज कराई गई थी। पिता अष्टभुजा पति त्रिपाठी रेलवे में लोको पायलट है। रेलवे के सीसी फुटेज के आधार पर खोजना शुरू किए । जो 27 को सोमवार दोपहर में इस्कान मन्दिर मथुरा में वेटे को पाए। फोन द्वारा मिलने की सूचना दी। जिससे परिवार को लोगों ने राहत की सांस ली है।

# दवा कराकर लौट रही महिला पर आकाशी बिजली गिरने से मौत

देईडीहा (एसएनबी)। गोला थाना क्षेत्र के सरम (परवरपार) गाँव निवासी अनीता देवी पत्नी हरिकेश यादव उम्र 30 वर्ष आज सुवह दस वजे दवा लेने के लिए गोपालपुर चौराहे पर गई थी।दोपहर सवा दो वजे दवा लेकर वापस आ रही थी कि गाँव से कुछ दूरी पर सकरीआ पोखरी के पास अचानक तड़क भड़क के साथ आकाशीय विजली गरजी और अनीता के ऊपर गिर गई जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।



आकाशीय बिजली गिरने से हुई महिला की मृत्यु के बाद एकत्रित ग्रामीण।

**मां की मौत की खबर मिलते ही दो मासूम बच्चो हो गए अनाथ**

अनीता देवी के शरीर का कुछ हिस्सा जल गया।घटना की जानकारी गाँव वालों को हुई तो शव को उठा कर घर ले गए और हल्का लेखपाल और गोला थाने की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर लेखपाल उमेश पासवान तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर तहसील प्रशासन को अवगत कराया। उपजिलाधिकारी गोला रोहित कुमार मौर्य ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर सरकार द्वारा मिलने वाले आर्थिक सहायता प्रदान करने का परिवार को आश्वासन दिया। घटनास्थल पर गोला थाने की पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा वनवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अनीता देवी के दो वच्चे हैं। वड़ा वेटा अर्पित 5 वर्ष और लड़की आरुषि 3 वर्ष की है। पति हरिकेश दुवई में रहकर मजदूरी करता है जो एक सप्ताह में घर आने वाला था। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

# जेसीबी ने बाइक सवार बालक को कुचला,मौत

## भटहट बास स्थान के समीप शव रखकर चार घंटे सड़क किया जाम

**दो युवक घायल, अस्पताल में भर्ती**

**आक्रोशित भीड़ ने की तोड़फोड़, जेसीबी में आग लगाने की कोशिश**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सोमवार की शाम गुलरिया थाना क्षेत्र के भटहट बास स्थान रोड स्थित जंगल माघी चौराहे के समीप जेसीबी और बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक बालक की मौके पर मौत हो गयी जबकि दो घायल हो गए। जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने जेसीबी और तीन डम्फर को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आग लगाने की भी कोशिश की गयी लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने रोक लिया। वहीं 50 लाख रुपया मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने चार घटे तक सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटों समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने। मामला बढ़ते देख मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।



गुलरिहा में मृतक बालक



अवैध मिट्टी खनन में शामिल जेसीबी द्वारा भटहट बास स्थान रोड पर हुई दुर्घटना में मृत युवक के शव को रखकर सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों से वार्ता करते सीओ गुलरिहा।

**भटहट प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा क्षेत्र के परसौना के जंगल मोहम्मद बरवां निवासी अभिषेक गुप्ता 14 वर्ष पुत्र धर्मेंद्र गुप्ता, सत्यम 17 वर्ष पुत्र जोगिंदर, अरुण निषाद (16 वर्षीय) पुत्र बुद्धिराम तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर सोमवार की शाम करीब चार बजे रामनगर बाजार करने गये थे। घर वापस आते समय, सड़क के किनारे स्थित नाले से अवैध मिट्टी खनन करके रोड पर चढ़ रही जेसीबी ने बाइक सवारों को जोरदार ठोकर मार दिया। जिसमें अभिषेक गुप्ता की मौके पर मृत्यु हो गई। वही गाड़ी चालक सत्यम व अरूण को गंभीर चोटे आई है। सत्यम की हालत गंभीर बनी है। घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया गया।

परिजन शव को सड़क पर रखकर जेसीबी चालक की गिरफ्तारी तथा 50 लाख रूपये मुआवजे की मांग करते हुए घंटो रोड को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा ,गुलरिहा चिलुआताल पिपराइच पुलिस के साथ ही नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन वह बात नहीं माने।



घटना में घायल युवक

इस दौरान सदर संसद प्रतिनिधि संजय सिंह मौके पर पहुंच कर परिजनों को समझाया तथा फोन पर एसडीएम कुलदीप ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुदान दिलाया जाएगा तथा मुकदमा दर्ज कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। एसडीएम ने इंश्योरेंस की धनराशि दिलाने का भी आश्वासन दिया।

## पुलिस प्रशासन की मिली भगत से हो रहा है खनन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर जिले में शहर हो या देहात स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मिली भगत से बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। आये दिन ट्रैक्टरट्राली,जेसीबी व डंफर से कुचल कर लोगों की जान जा रही है। जानकारों का कहना है कि शहर और देहात इलाके की पुलिस की मिली भगत से खनन हो रहा है। पुलिस का दलील है कि खनन रोकने का काम प्रशासन और खनन विभाग का है। जबकि पुलिस खनन करने वालों की मिली भगत से उनकी जेब गरम कर धड़ल्ले से खनन करवा रही है। जिस इलाके में खनन करने वाले जेब गरम नहीं करते है वहां पर पुलिस कुछ गाड़ियों को चालान कर सीज कर कागजी खानापूर्ति करती है। खनन विभाग भी वहीं पर छापेमारी करता है जहां पर तालमेल गड़बड होता है। अब आम लोग यह बात कह रहे हैं कि हर इलाके में पुलिस खनन के बदले मोटी कमाई कर रही है।

# पुलिस हस्तक्षेप से मां को मिला बच्चा

**पति-पत्नी के विवाद में ढाई साल के नौनिहाल को नहीं मिल पा रहा था मां का आंचल**

**पिपराइच (एसएनबी)।** पति पत्नी में चल रहे विवाद के कारण ढाई साल का लड़का मां के आंचल से दूर हो गया था मां की ममता ने बच्चे को दुर होने से रोक रहा था लेकिन पति के जिद के आगे मां के आंचल में बच्चा नहीं आ पा रहा था। थक हार कर मां ने आज पुलिस के पास पहुंच कर सारी बात बताई इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया और थानाध्यक्ष उदयशंकर कुशवाहा के निर्देशन में पुलिस ने बच्चे के साथ उसके पिता को आज थाने बुलाया और गंभीरता पूर्वक हस्तक्षेप करने के बाद आज सोमवार को बच्चा मां को मिल गया।

मिली जानकारी के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के कुरूमौल उर्फ बड़हरा का था। आज सोमवार को साबरिन खातून नाम की महिला आयी और उसने बताया कि पति पत्नी में एक माह से विवाद चल रहा है ।हम दोनों अलग-अलग रह रहे हैं।विवाहिता पति से नाराज होकर मायका खलीलाबाद अपने मायका रहने लगी थी।

पति ढाई साल के बेटे जयद को अपने कब्जे में रख लिया था। जिसे सभी के समझाने के बाद भी बच्चे को मां को देने के लिए तैयार नहीं हो रहा था लेकिन पिपराइच पुलिस ने काफी समझा बुझाकर बच्चे को मां साबरिन को सुपुर्द करा कर मामले का पटाक्षेप कर दिया। बच्चे को पाने के बाद मां उसे लेकर नम आंखों से पुलिस को धन्यवाद देते हुए थाने से चली गई।

# दोबारा लगाया तो जब्त होगा ठेला, जुर्माना भी लगेगा

गोरखपुर (एसनबी)। शहर के बिछिया कैंप में 26 वीं वाहिनी पीएसी गेट से ताड़ीखाना तक ठेला लगाने वालों को हटाने के लिए स्थानीय पुलिस तथा नगर निगम इंफोर्समेंट टास्क फोर्स ने संयुक्त अभियान चलाया। दोबारा ठेला लगाने पर ठेला समेत सामान भी जब्त करने की चेतावनी दी गई। सड़क किनारे ठेला लगाए जाने से जाम बने रहने की शिकायत मिल रही थी। अभियान सुपर मार्केट से लेकर ताड़ी खाना तक चलाया गया। टास्क फोर्स के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने बताया कि अभी ठेला लगाने वालों को चेतावनी दी गई है। मंगलवार से यदि ठेला लगाते हुए लोग मिलेंगे तो ठेला जब्त करने के साथ ही जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसी सड़क से गायत्री नगर, मोहनापुर, काशीपुरम, हनुमान मंदिर रोड से लेकर झरना टोला के लोग आते-जाते हैं। लोगों की शिकायत है कि ठेला लगने से ट्रैफिक जाम रहता है जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है।

**बिछिया में नगर निगम व स्थानीय पुलिस ने चलाया अभियान**

**सड़क किनारे ठेला न लगाने की दी चेतावनी**



# सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

खोराबार (एसएनबी)। वीडियो वनाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी मनवढ़ युवक को खोरावार थाने के सिपाही विशाल यादव ने सोमवार की शाम नरही गांव के पास से दौड़ाकर दवोच लिया। मनवढ़ युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था। मामला सामने आने के वाद युवक की तलाश में पुलिस लगी हुई थी। जानकारी के अनुसार सोमवार को तालकंदला निवासी एक युवक ने वीडियो के जरिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल किया था। युवक ने सरकार के खिलाफ अपशव्द भरी वातें भी किया था साथ ही 2022 में चुनाव के वारें में गाली गलौज करने के साथ सरकार को धमकी दिया था। मामले की जानकारी पुलिस अफसरों को हुई तो तत्काल मनवढ़ युवक की तलाश शुरू कर दी गयी। सोमवार की देर शाम पुलिस ने नहरी गांव के पास से आरोपी युवक को दवोच लिया।



युवक का वीडियो हुआ वायरल

सिपाही ने नरही ताल कंदला से दौड़ा कर दबोचा

# चाकू की नोक पर दंपति से लूट करने वालों पर केस

हरपुर बुदहट(एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू चौकी अंतर्गत ग्राम बकुलही में रविवार भोर में मकान दुकान में सो रहे दम्पत्ति को चाकू दिखाकर लाखों के गहने और रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की धारा (394) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रविवार की देर शाम में एसपी साउथ अरुण सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

बताते चले कि बकुलही में बदमाशो ने दम्पत्ति को चाकू का भय दिखाकर कमरे में रखे जेवरात और रुपये लूट ले गए थे। बदमाश ने छीनाझपटी में पीड़ित सीबी सिंह को दाँत से काट भी लिया था। बदमाश ने दोनो पति पत्नी को कमरे में बंद कर दिया था। सुबह ग्रामीणोंध्पुलिस द्वारा दम्पत्ति को कमरे से मुक्त कराया गया।

**हरपुर बुदहट इलाके के बकुलही में बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

रविवार दिन भर सीओ खजनी अनिल कुमार सिंह, थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव और चौकी प्रभारी नवनीत नागर मामले की तहकीकात करते रहे। देर शाम एसपी साउथ अरुण सिंह ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया।

# प्रदेश में थाना स्तर पर 16,158 टॉप टेन अपराधी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और वेहतर वनाने व अपराध नियंत्रण के लिए गृह विभाग द्वारा 100 दिनों के लिए निर्धारित कार्ययोजना की समीक्षा अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने सोमवार को की। इसमें वताया गया कि शासन के निर्देश पर अव 25 के वजाय विभिन्न प्रकार के 50 माफिया को चिह्नित कर उनके विरुद्ध हुई कार्रवाई की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। इन माफिया से ₹844 करोड़ की वसूली हो चुकी है। दूसरी ओर प्रदेश में थाना स्तर पर 16,158 टॉप 10 अपराधी चिह्नित किये गये, जिनके विरुद्ध अव तक 83721 अभियोग पंजीकृत कराये जा चुके है तथा ₹648 करोड़ की सम्पत्ति भी जव्त की जा चुकी है।

■ 83,721 मुकदमे दर्ज कर ₹648 करोड़ की सम्पत्ति हुई जब्त

■ एससीआरबी का पुलिस महानिदेशक मुख्यालय की अपराध शाखा में हुआ विलय

अपर मुख्य सचिव ने वताया कि पांच नई वीडीडीएस टीमों तथा 10 नई एएस चेक टीमों के लिए भी जनशक्ति का चिह्नांकन कर लिया गया है। स्वाट की एक नई कमांडो टीम के गठन और ट्रेनिंग के लिए भूमि का चिह्नीकरण किया जा चुका है। इसी तरह अयोध्या में एसटीएफ की यूनिट के गठन, 135 कमांडो की नियुक्ति एवं उपकरणों/संसाधनों की व्यवस्था की कार्यवाही भी पूर्ण की जा चुकी है।

## दस मिनट हुआ 112 यूपी का रिस्पांस टाइम

112 यूपी के रिस्पांस टाइम को 10 मिनट किये जाने के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया गया है। वर्ष 2017 में यह 38.32 मिनट था। प्रदेश के 1531 थानों में साइवर हेल्प डेस्क की स्थापना की जा चुकी है। साइवर हेल्प लाइन नम्वर 1930 पर आ रही शिकायतों को वरीयता पर निस्तारित कराने के क्रम में अव तक 1090 पर प्राप्त 25,123 शिकायतों पर विधिक कार्यवाही करते हुये 4 करोड़ 13 लाख से अधिक की धनराशि होल्ड करायी गयी।

## भर्ती का लक्ष्य किया पूरा

पुलिस विभाग में युवाओं को रोजगार उपलव्ध कराने के 100 दिन के अभियान के तहत 10 हजार पलिस भर्ती के निर्धारित लक्ष्य को समय से पहले पूर्ण कर लिया गया है। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ का नाम परिवर्तित कर धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय करने के निर्देश जारी किये गये है। यूपीएसएसएफ की तीन कंपनियों को कानपुर मेट्रो की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है तथा इस वल की एक वटालियन को नई वर्दी से भी सुसज्जित किया गया है।

एससीआरवी का पुलिस महानिदेशक मुख्यालय की अपराध शाखा में विलय किया जा चुका है। डिजिटल वॉलंटियर सीम्प्लान एप से अव तक 15,30,454 सदस्यों को जोड़ा जा चुका है। वैठक में सचिव गृह वीडी पॉल्सन व तरुण गावा के अलावा विशेष सचिव, संयुक्त सचिव समेत गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# डिवाइडर बनाने के विरोध में छात्रों ने किया धरना-प्रदर्शन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 June):** डीडीयूजीयू के हास्टल परिसर के सामने टूटे डिवाइडर के निर्माण का सोमवार को छात्रों ने विरोध किया. पहले उन्होंने प्रदर्शन किया और जब बात नहीं बनी तो धरने पर बैठ गए. डिवाइडर न बनाने देने के पीछे छात्रों का तर्क था कि डिवाइडर बन जाएगा तो उन्हें यू-टर्न तक जाने के लिए दूरी तय करनी पड़ेगी. पीडब्ल्यूडी व जिला प्रशासन के अधिकारियों की दो फिट रास्ता छोड़ने की सहमति के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया.

छात्रावास के सामने करीब 10 फिट डिवाइडर नहीं बना था. इसे बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने सोमवार को मिट्टी गिराना शुरू किया. इसकी जानकारी होते ही छात्रनेता यशपाल सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों छात्र वहां पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया. छात्रों के सड़क पर उतरने की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र त्रिपाठी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए. छात्रों ने वार्ता के दौरान बाइक से आने-जाने के लिए जगह छोड़ने की मांग की. आधे घंटे तक कहा-सुनी के बाद दो फिट रास्ता छोड़ने पर सहमति बनी. धरना-प्रदर्शन करने वालों में सन्नी सिंह, विकास यादव, अशीष सिंह, पीयूष, मनोज आदि शामिल रहे.



विरोध-प्रदर्शन करते स्टूडेंट.

# प्रेमिका से मिलने पहुंचा बदमाश, अरेस्ट

प्रेमिका से मिलने पहुंचे बदमाश को गांव के लोगों ने रविवार की रात तमंचा के साथ पकड़ लिया. पिटाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया. पकड़ा गया आरोपित 10 दिन पहले जमानत पर जेल से छूटा था. आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया.

# एक तमंचा व दो कारतूस मिले

तिवारीपुर के घुनघुन कोठा गांव निवासी दुर्गेश निषाद रविवार रात दो बजे गांव के बाहर घूम रहा था. संदेह होने पर गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही उसे पकड़ लिया. आरोपित के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व दो कारतूस मिले. भटहट चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी आरोपित को थाने ले आए. पूछताछ में उसने बताया कि प्रेमिका से मिलने के लिए आया था. गांव के बाहर उसका इंतजार कर रहा था. चौकी प्रभारी ने बताया कि संतकबीर नगर जिले के धनघटा थाने की पुलिस ने दुर्गेश को चोरी के मामले में जेल भेजा था. उसके विरुद्ध गोरखपुर व संतकबीर नगर में कई मुकदमे हैं. 19 जून को वह जमानत पर छूटा था.

# भूमि विवाद में मारपीट, जिला पंचायत सदस्य सहित 5 जख्मी

**PIPIGANJ (27 June):** भूमि विवाद को लेकर रविवार को पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ताल लिखिया के टोला दिन्नूपुर में दो पक्षों में मारपीट हो गई. इसमें वार्ड नंबर 14 से जिला पंचायत सदस्य शांति देवी सहित पांच व्यक्ति घायल हो गए. पुलिस ने सोमवार को दोनों पक्षों से 11 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है.

## दोनों पक्षों को आई चोटें

दिन्नूपुर निवासिनी शांति देवी के पुत्र दीप नारायन व उनके पट्टीदार राम करन यादव के बीच रविवार की शाम करीब पांच बजे भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई. इसमें एक पक्ष से जिला पंचायत सदस्य शांति देवी, उनकी पुत्री अर्चना व पुत्र दीप नारायण घायल हो गए. दूसरे पक्ष से भी दो व्यक्तियों को चोटें आई हैं. घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. अर्चना की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. जिला पंचायत सदस्य के सिर में चोटें आई हैं.

## गंभीर धाराओं में केस दर्ज

पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य के पुत्र दीप नारायन की तहरीर पर राम करन यादव, चन्द्रिका यादव, घिसियावन यादव, एक अन्य समेत कुल चार लोगों के विरुद्ध मारपीट, लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. दूसरे पक्ष से राम करन यादव की तहरीर पर पुलिस ने दीप नारायन यादव, सुरेश, शीला, विकास, वंदना, अर्चना व एक अन्य के विरुद्ध बलवा, मारपीट, धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है.

**“दोनों पक्षों में घर के सामने दीवार बनाने को लेकर मारपीट हुई है. दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज करके घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है.**

**दुर्गेश कुमार सिंह,** थानाध्यक्ष, पीपीगंज

# एम्स और एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 16.82 लाख

### खोराबार थाना पुलिस ने एयर होस्टेस समेत तीन पर दर्ज किया मुकदमा




GORAKHPUR (27 June): एम्स व इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने 16.82 लाख रुपए ले लिए. नौकरी न मिलने पर रुपए वापस करने का दबाव बनाने पर फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया. पीड़ित ज्वाइन करने पहुंचे तो जालसाजी की जानकारी हुई. खोराबार थाना पुलिस ने जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद खुद को एयर होस्टेस बताने वाली युवती उसके साथी समेत तीन लोगों के खिलाफ जालसाजी कर रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है.

## खुद को बताया ग्राउंड स्टाफ

खोराबार के प्रेमनगर निवासी रुपेश कुमार की जान पहचान सूबा बाजार काली मंदिर के पास रहने वाले अभिनेष निषाद उर्फ सोनू से थी. खुद को इंडिगो एयरलाइंस का ग्राउंड स्टाफ बताते हुए उसने एम्स व एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया. रुपेश के इच्छा जताने पर खुद को इंडिगो की एयर होस्टेस बताने वाली नेहा निषाद से फोन पर बात करायी. नेहा ने हैदराबाद में नौकरी दिलाने का भरोसा देते हुए नरसिम्हा रेड्डी नाम के एक व्यक्ति से बात कराई.

## दिया नियुक्ति पत्र

झांसे में फंसे रुपेश ने अपने दो भाइयों को नौकरी दिलाने की इच्छा जताते हुए आरोपितों के कहने पर उनके खाते में कई बार में 16 लाख रुपए भेज दिए. नौकरी न मिलने पर रुपेश ने दबाव बनाया तो आरोपितों ने इंडिगो एयरलाइंस हैदराबाद में उसके छोटे भाई नितेश की नौकरी लगने की जानकारी देते हुए नियुक्ति पत्र दिया. नितेश हैदराबाद पहुंचा तो एयरलाइंस के अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र कूटरचित होने की जानकारी देते हुए लौटा दिया. रुपेश का आरोप है कि जालसाजी की जानकारी होने पर उसने रुपए वापस मांगे तो अभिनेष, नेहा व उसके साथी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं.

## तारामंडल में रहती है नेहा

पीड़ित ने खोराबार पुलिस को बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी करने वाली नेहा इस समय तारामंडल में किराए पर कमरा लेकर रहती है. अभिनेष से उसकी पुरानी जान पहचान है. दोनों का एक गिरोह है, जिसमें कई अन्य लोग भी शामिल हैं. यह गिरोह नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता है.

**"नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोराबार थाना पुलिस जांच कर रही है. साक्ष्य मिलने पर आरोपितों को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा.**

**कृष्ण कुमार विश्नोई,**
एसपी सिटी गोरखपुर

# जेसीबी ने किशोर को कुचला, रोड जाम कर पब्लिक ने की तोड़फोड़

**GORAKHPUR (27 June):** भटहट-बांसस्थान मार्ग पर जंगल माघी के पास सोमवार शाम जेसीबी की चपेट में आए बाइक सवार किशोर की मौत हो गई, उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद जुटे गांव के लोगों ने जेसीबी, डंपर में तोड़फोड़ करने के साथ ही भटहट-बांसस्थान मार्ग पर किशोर का शव रख जाम लगा दिया. वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए राहगीरों की पिटाई कर उनके वाहन में तोड़फोड़ की.

जंगल मुहम्मद बरवां निवासी धर्मेंद्र गुप्ता का बेटा अभिषेक गुप्ता (14) गांव के सत्यम (17) पुत्र योगेंद्र व अरुण के साथ बाइक पर सवार होकर रामनगर बाजार से सामान खरीद कर शाम पांच बजे घर जा रहे थे. जंगल माघी के पास जेसीबी ने बाइक में ठोकर मार दी. चपेट में आए अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे की जानकारी होने पर जुटे गांव के लोगों ने सड़क पर



जाम लगा दिया. कुछ दूरी पर खनन में लगे तीन डंपर व एक जेसीबी तोड़ दी. राहगीरों के वीडियो बनाने पर दौड़ाकर पीटने के साथ ही वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया. शाम 6 बजे फोर्स के साथ पहुंचे सीओ चौरीचौरा अखिलानंद उपाध्याय ने परिजनों को समझाकर किशोर का शव कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन गांव के लोग जेसीबी चालक के साथ ही मालिक को मौके पर बुलाने व 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की मांग करने लगे. शाम साढ़े सात बजे नायब तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा मौके पर पहुंचे. उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने व अवैध खनन बंद कराने का भरोसा देकर जाम खत्म कराया.

## राहगीरों को पीटा, पुलिस मौन

किशोर की मौत के बाद गांव के लोगों ने सड़क पर शव रख जाम लगा दिया. जंगल माघी निवासी असगर व उसके साले रसूल अहमद को भीड़ ने तोड़फोड़ का वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए दौड़ाकर पीट दिया. नटवां जंगल के रहने वाले अजय कुमार को पीटने के बाद जाम लगाने वालों ने उनकी बाइक तोड़ दी. मरीज को लेकर जाम में फंसी एम्बुलेंस को भी जाम लगाने वालों ने नहीं जाने दिया. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी चुप्पी साध यह सब देखते रहे.

# चोरी का ट्रैक्टर बरामद

पीपीगंज थाने की पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर को मुर्गी फार्म हाउस से लावारिस हाल हाल में बरामद कर लिया. थानेदार दुर्गेश सिंह ने बताया कि जंगल झझवा निवासी धर्मानंद जायसवाल ने 20 मई को ट्रैक्टर चोरी होने का केस दर्ज कराया था. रविवार को ट्रैक्टर को झंगहा के एक गांव से लावारिस हाल में बरामद कर लिया.

# गौ-तस्कर को पुलिस ने जेल भेजा

सहजनवां पुलिस ने फरार चल रहे गौ-तस्कर को सोमवार को अरेस्ट कर लिया. पकड़े गए आरोपी की पहचान महराबारी निवासी नवियास के रूप में हुई है. प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार ने बताया कि बड़गो पुलिया के पास से आरोपी को पकड़कर जेल भिजवा दिया गया.

# स्मैक कारोबार एक्सपोज सीओ कोतवाली करेंगे जांच

**FOLLOW UP**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 June):** गोरखपुर में स्मैक व गांजा के कारोबारियों पर पुलिस ने जांच बैठा दी है. न सिर्फ जांच बैठाई है. बल्कि पुलिस का दावा है कि इनके कारोबारियों को पकड़कर कार्रवाई भी की जाएगी. इसके लिए गोरखपुर पुलिस ने बाकायदा ट्विटर पर कोतवाली सीओ कल्याण सिंह सागर को जांच देने संबंधी जानकारी भी शेयर की है. वहीं, राजघाट थाना प्रभारी ने मामले की जांच करते हुए सरप्राइज दबिश की बात कही है, ताकि इन कारोबारियों को पकड़ा जा सके.

बता दें, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने 27 जून को 'गोरखपुर पुलिस का गजब कंट्रोल! चौकी के करीब से 150 में स्मैक' न्यूज प्रमुखता से पब्लिश की थी. नशे का कारोबार सार्वजनिक होने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था. दरअसल, पिछले कई दिनों से लगातार इस बात का शिकायत आ रही थी कि शहर के कई इलाकों में अवैध ढंग से स्मैक, गांजा और कच्ची शराब का धंधा जोरों पर चल रहा है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के स्टिंग ऑपरेशन में राजघाट थाना अंतर्गत अमरूद की बगिया में स्मैक का कारोबार बच्चों से कराने की बात स्पष्ट हो गई थी.




राजघाट थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि सरप्राइज दबिश दी जाएगी. क्योंकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह भाग जाते हैं, लेकिन इस बार मामले में सख्त कार्रवाई होगी.

## अंजान बनी रही पुलिस

टीपी नगर पुलिस चौकी के ठीक सामने फलों के ठेले से लेकर पान की गुमटी तक इस अवैध धंधे की जानकारी है, लेकिन पुलिस इस अवैध कारोबार को जानकर भी अब तक अंजान बनी रही.

# मोबाइल नंबर नहीं देने पर मनबढ़ों ने पीटा

तरकुलहा में पत्नी का मोबाइल नंबर नही देने पर मनबढ़ों ने झंगहा थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर निवासी रविकांत त्रिपाठी को बेरहमी से पीटा. पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह वह सोमवार की शाम को स्वजन के साथ चौरी चौरा थाने के तरकुलहा में मंदिर दर्शन के लिए गए थे. इस दौरान वह झूला झूलने चले गए. कुछ मनबढ़ उनकी पत्नी से मोबाइल नंबर मांगने लगे. रविकांत वहां पहुंचे तो इसका विरोध करने लगे. इसे लेकर मनबढ़ों ने उन्हें बेरहमी से पीटा.

# थाने के टॉप 5 माफियाओं पर नजर हर दरोगा को एक की जिम्मेदारी

**i UPDATE**

दो हजार माफिया हिस्ट्रीशीटरों को सलाखों के पीछे पहुंचाएगी पुलिस

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (27 June): गोरखपुर जोन के 11 जिलों की पुलिस अब करीब दो हजार माफिया और हिस्ट्रीशीटरों को सलाखों के पीछे पहुंचाएगी. पुलिस उनके मुकदमों की कुंडली खंगाल रही है. मुकदमों की सूची बनाने के बाद पुलिस कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाएगी. साथ ही उनकी निगरानी भी की जाएगी कि वे इस समय अपराध में सक्रिय हैं कि नहीं. यह सब एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर किया जा रहा है. एडीजी ने सभी के मुकदमों का ब्योरा मांगा है.

## पांच-पांच माफिया की निगरानी

दरअसल हाल ही में गोरखपुर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने माफिया और हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया था. जिसके बाद एडीजी ने हर जिले की पुलिस को कहा है कि वह अपने-अपने थानों के पांच-पांच माफिया और हिस्ट्रीशटरों की निगरानी करें. उनके मुकदमों की सूची तैयार करें और जोन कार्यालय भेजें.

## एक दरोगा करेगा एक माफिया की निगरानी

एडीजी ने निर्देश दिया है कि थाने का एक दरोगा एक माफिया के पीछे लगेगा. इसी प्रकार एक हिस्ट्रीशीटर के पीछे भी एक दरोगा लगेगा. हर थाने की पुलिस अपने अपने थाने के टॉप फाइव माफिया और टॉप फाइव हिस्ट्रीशीटर की सूची बनाएगा और उनपर कार्रवाई कराएगा. आपको बता दें कि जोन के 11 जिलों में वर्तमान में 194 थाने हैं. जिससे जोन के दो हजार माफिया और हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस कार्रवाई कराएगी.

## कोर्ट में कराई जाएगी प्रभावी पैरवी

दरअसल पिछले छह महीने से एडीजी के निर्देश पर हर जिले की पुलिस ऑपरेशन शिकंजा चला रही है. जिसके तहत कोर्ट में मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाई जा रही है. अभी तक जोन के करीब 200 मुकदमों में आरोपियों को सजा हो चुकी है. लेकिन इसमें किसी भी माफिया और हिस्ट्रीशटर के मुकदमें का निस्तारण नहीं हुआ है. यानी उन्हें सजा नहीं हुई है. इसलिए एडीजी ने यह निर्देश दिया है.

### इन नए हिस्ट्रीशीटरों की खोली गई है हिस्ट्रीशीट

- ओमप्रकाश पांडेय
- विक्की भारती
- अमन दूबे
- सौरभ त्रिपाठी
- अजीत मिश्रा उर्फ सोनू
- लल्लू दूबे उर्फ सूर्या
- गौरव यादव
- मनोज चौहान
- आशीष निषाद
- सुभाष यादव
- सरफराज
- राहुल कुमार विश्वकर्मा
- आकाश गुप्ता
- विशाल उर्फ कल्लू समेत 22 की हिस्ट्रीशीट हाल में ही खोली गई है.



### ये हैं माफिया

- विनोद उपाध्याय
- सुधीर सिंह
- प्रदीप सिंह
- राजन तिवारी
- ओमप्रकाश पांडेय
- राघवेंद्र यादव
- राकेश यादव
- सत्यव्रत राय
- सत्री सिंह गोरखपुर जिले के चर्चित माफिया है. जिनके मुकदमों की पुलिस प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी.



### गोरखपुर में हैं 1520 हिस्ट्रीशीटर

अकेले गोरखपुर जिले में कुल 1520 हिस्ट्रीशीटर हैं. यहां कुल 27 थाने के 135 हिस्ट्रीशीटर चिन्हित किए गए हैं जिनके मुकदमों में पुलिस प्रभावी पैरवी करेगी. वहीं कुल 135 माफिया के भी मुकदमों की निगरानी कर उन्हें सजा दिलाया जाएगा. वहीं गोरखपुर पुलिस नए हिस्ट्रीशीटरों की काउंसलिंग भी कराएगी ताकि उनमें सुधार हो सके और वे अपराध की दुनिया छोड़ सकें.

# चोरी हुआ ट्रैक्टर पुलिस ने किया बरामद

पीपीगंज नगर पंचायत के जंगल झझवा निवासी धर्मानंद जायसवाल का ट्रैक्टर माह भर पहले उनके घर के सामने से चोरी हो गया था. चोरी गया ट्रैक्टर झंगहा थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है. धर्मानंद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके पुलिस ट्रैक्टर की तलाश में जुटी थी. रविवार को पुलिस को पता चला कि झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव के पास ट्रैक्टर लावारिस स्थिति में पड़ा है. थानाध्यक्ष दुर्गेश सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर को पुलिस बरामद कर लिया है. वाहन चोर की तलाश जारी है.

# दंपती से लूट के आरोप में मुकदमा

बकुलही गांव में सीबी सिंह व उनकी पत्नी को चाकू दिखाकर लूट के आरोप में हरपुर-बुदहट थाना पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज किया है. सीबी सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि बदमाशों ने शनिवार की रात उनके घर में घुसकर उन्हें व उनकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया और वह नकदी व कीमती जेवरात लूट ले गए.

# प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी तमंचे के साथ गिरफ्तार


- घुनघुन टोला थाना तिवारीपुर का रहने वाला है युवक
- संतकबीरनगर में चोरी के मामले में जेल से छूट कर आया है युवक

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार रात में प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। वह संतकबीरनगर के धनघटा क्षेत्र में चोरी के मामले में जेल जा चुका है 19 जून को ही छूट कर बाहर निकला था।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। रात लगभग दो बजे गांव में संदिग्ध अवस्था में युवक को घूमता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। भटहट चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में युवक की पहचान दुर्गेश निषाद निवासी घुनघुन टोला थाना तिवारीपुर के रूप में हुई। गोरखपुर व संतकबीरनगर जनपद के थानों में उसके ऊपर कई मुकदमे दर्ज है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसकी बाइक को पुलिस ने सीज कर दी है।

# गो तस्कर को गिरफ्तार किया

सहजनवा। गो तस्करी में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने 11 गोवंश के साथ अभियुक्त नवियास उर्फ भोला महराबारी, सहजनवा को बड़गो के पास से गिरफ्तार किया।



सोमवार को जेल में पुस्तकालय का लोकार्पण किया गया।

# जेल का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली

पादरी बाज़ार। जिला जेल में सोमवार को जिला जज, सीजेएम, डीएम, एसएसपी और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल का संयुक्त निरीक्षण किया। जेल में निरुद्ध बंदियों के शिक्षा के लिए लाइब्रेरी बनवाया है, उक्त नवीन पुस्तकालय का लोकार्पण जिला जज, डीएम एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा किया गया। बंदियों को पढ़ने के लिए 501 पुस्तकों को दान किया।

# महिलाओं को बच्चों के साथ थाने में बैठाने वाले थानेदार हटे

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। फरियाद लेकर समाधान दिवस पर पहुंची एक ही परिवार की महिलाओं को बच्चों के साथ थाने में बैठाने के मामले में गगहा थानेदार संजय सिह को एसएसपी डा. विपिन ताडा ने सोमवार को अपराध शाखा में ट्रांसफर कर दिया।

पुलिस लाइन में तैनात रहे निरीक्षक विनोद अग्निहोत्री को गगहा थाने का प्रभार मिला है। 15 जून को जनसुनवाई में भी खराब व्यवहार की शिकायत पर थानेदार को चेतावनी मिली थी, लेकिन सुधार नहीं हुआ था। इसके बाद एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कार्रवाई की।

# सीएम योगी पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले को दबोचा

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द कहने का एक युवक का वीडियो सामने आया है। वीडियो में युवक सीएम योगी के के ऊपर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कह रहा है कि सपा की सरकार आने वाली है।

ऐसे में माना जा रहा है कि वीडियो चुनाव के पहले का है लेकिन सोमवार को वीडियो सामने आने के बाद पुलिस के जांच शुरू कर दी है। डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर वीडियो की जांच कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। दावा किया जा रहा है कि वीडियो में मुख्यमंत्री को अपशब्द कहने वाला युवक खोराबार इलाके के तालकंदला गांव का रहने वाला विशाल यादव पुत्र सुरेंद्र यादव है। युवक खुद मोबाइल से वीडियो बनाकर सीएम के खिलाफ अपशब्द कहते हुए 2022 के चुनाव नतीजों के बारे में भी धमकियां देते हुए सपा की सरकार आने की बात कर रहा है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने विशाल को गिफ्तार कर लिया है।

## गो तस्करी का आरोपित गिरफ्तार

सहजनवां : गो तस्करी के आरोप में सोमवार को सहजनवां थाना पुलिस ने महराबारी निवासी नवियास उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सहजनवां अजुल कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (जासं)

## चोरी गया ट्रैक्टर पुलिस ने किया बरामद

पीपीगंज : पीपीगंज नगर पंचायत के जंगल झझवा निवासी धर्मानंद जायसवाल का ट्रैक्टर माह भर पहले उनके घर के सामने से चोरी हो गया था। चोरी गया ट्रैक्टर झंगहा थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है। धर्मानंद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके पुलिस ट्रैक्टर की तलाश में जुटी थी। रविवार को पुलिस को पता चला कि झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव के पास ट्रैक्टर लावारिस स्थिति में पड़ा है। थानाध्यक्ष दुर्गेश सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर को पुलिस बरामद कर लिया है। वाहन चोर की तलाश जारी है। (जासं)

## मुख्यमंत्री पर की अभद्र टिप्पणी, आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : खोराबार क्षेत्र के रहने वाले युवक ने मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामला तालकंदला गांव का है। वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करते युवक को सुना जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक खोराबार थाना नरेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर सेल की मदद से आरोपित विशाल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। (जासं)

## दंपती से लूट के आरोप में मुकदमा

हरपुर बुदहट : बकुलही गांव में सीबी सिंह व उनकी पत्नी को चाकू दिखाकर लूट के आरोप में हरपुर-बुदहट थाना पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज किया है। सीबी सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि बदमाशों ने शनिवार की रात उनके घर में घुसकर उन्हें व उनकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया और वह नकदी व कीमती जेवरात लूट ले गए। (जासं)

# डिवाइडर बनाने विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हास्टल परिसर के सामने टूटे डिवाइडर के निर्माण का सोमवार को छात्रों ने विरोध किया। पहले उन्होंने प्रदर्शन किया और जब बात नहीं बनी तो धरने पर बैठ गए। डिवाइडर न बनाने देने के पीछे छात्रों का तर्क था कि डिवाइडर बन जाएगा तो उन्हें यू-टर्न तक जाने के लिए दूरी तय करनी पड़ेगी। पीडब्ल्यूडी व जिला प्रशासन के अधिकारियों की दो फिट रास्ता छोड़ने की सहमति के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया।

छात्रावास के सामने करीब दस फिट डिवाइडर नहीं बना था। इसे बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने सोमवार को मिट्टी गिराना शुरू किया। इसकी जानकारी होते ही छात्रनेता यशपाल सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों छात्र वहां पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। छात्रों के सड़क पर उतरने की



डिवाइडर बनाने का विरोध करते गोवि हास्टल के छात्र • जागरण

सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र त्रिपाठी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। छात्रों ने वार्ता के दौरान बाइक से आने-जाने के लिए जगह छोड़ने की मांग की। आधे घंटे तक कहा-सुनी के बाद दो फिट रास्ता छोड़ने पर सहमति बनी। धरना-प्रदर्शन करने वालों में सन्नी सिंह, विकास यादव, अशीष सिंह, पीयूष, मनोज आदि शामिल रहे।

# आत्मबल मिला तो संवर गया सताई गईं महिलाओं का जीवन

उमेश पाठक • गोरखपुर

22 फरवरी 2021 को एक युवती अपनी मां के साथ मेडिकल कालेज स्थित वन स्टाप सेंटर पहुंची थी। युवती डरी-सहमी थी तो उसकी मां तनावग्रस्त। दो बच्चों के पिता ने युवती से दुष्कर्म किया था और बाद में उसका अपहरण कर दूसरे प्रदेश में लेकर चला गया। युवती किसी तरह से उसके चंगुल से भागकर आयी थी, लेकिन आरोपित लगातार उसे व उसकी मां को धमकी दे रहा था। स्थानीय थाने पर कोई सुनवाई नहीं थी। वन स्टाप सेंटर में युवती की काउंसिलिंग कर उसका आत्मबल बढ़ाया गया और पुलिस से बात कर सहायता दिलाई गई। आरोपित को जेल भेज दिया गया और युवती अब स्वयं सहायता समूह से जुड़कर जीवन-यापन कर रही है।

किसी के उत्पीड़न से टूटने वाली यह अकेली युवती नहीं है। आए दिन इस तरह के मामले आते रहते हैं। ऐसे में मेडिकल कालेज



में स्थित वन स्टाप सेंटर से उन्हें सहायता मिलती है। जिनकी कहीं सुनवाई नहीं होती, उन्हें यहां सहारा दिया जाता है और उनकी समस्या का समाधान कर सुरक्षा प्रदान की जाती है।

उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के साथ उनका भी ध्यान रखा जाता है, जो किसी मानसिक परेशानी के कारण भटक जाती हैं। इसी तरह का एक मामला 26 जून 2021 को सेंटर के संचालकों के संज्ञान में आया था। एक भटकी युवती गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर मिली थी।

आरपीएफ ने उसे वन स्टाप सेंटर तक पहुंचाया। कई दिनों तक काउंसिलिंग करने के बाद युवती

### इस तरह के मामले में मिली सहायता

| | |
|---|---|
| केंद्र की अल्पावास सुविधा के तहत आवासित पीड़िताएं | 2243 |
| सुलह-समझौता द्वारा निस्तारित मामले | 973 |
| विधिक परामर्श द्वारा निस्तारित मामले | 90 |
| पुलिस सहायता द्वारा निस्तारित मामले | 186 |
| संपत्ति, मानसिक उत्पीड़न, कार्यस्थल पर उत्पीड़न | 980 |

अपने बारे में बता सकी। गुजरात के सूरत शहर की रहने वाली यह युवती एक बैंक में कर्मचारी है और कुछ व्यक्तिगत कारणों से परेशान होने से बदहवाश होकर घर से निकल गई थी।

युवती कुछ सामान्य हुई तो उसके घरवालों को सूचना देकर उसे वापस भेजा गया। अलग-अलग कारणों से उत्पीड़न की शिकार सैकड़ों महिलाएं मानसिक रूप से परेशान हो जाती हैं। कुछ महिलाएं स्वयं भी इस सेंटर से संपर्क करती हैं, तो कुछ महिलाएं किसी की सहायता से वहां तक पहुंचती हैं। एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के जरिये भी यह केंद्र महिलाओं की सहायता करता है।

किसी कार्यस्थल पर महिला का उत्पीड़न होता है तो, उन्हें भी यहां से सहयोग मिलता है। आठ मार्च 2016 से लेकर 31 मई 2022 तक उत्पीड़न के विभिन्न तरह के मामलों में 4475 महिलाओं की समस्या का समाधान हो चुका है।

**यह है वन स्टाप सेंटर**: गोरखपुर में वन स्टाप सेंटर की स्थापना आठ मार्च 2016 को हुई थी। जिला प्रोबेशन कार्यालय के अंतर्गत संचालित होने वाले इस केंद्र में हर

- **मेडिकल कालेज में स्थापित वन स्टाप सेंटर के सहयोग से दूर हो रही समस्या**
- **विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न की शिकार 4475 महिलाओं व बालिकाओं को मिल चुकी है सहायता**


वन स्टाप सेंटर की स्थापना के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं की सहायता की गई है। यहां उत्पीड़न की शिकार महिलाओं की मदद कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाता है।

**सर्वजीत सिंह**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

तरह की हिंसा में पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान की जाती है। कुछ दिनों के लिए यहां महिलाओं को शरण भी दी जाती है। अधिकतर महिलाओं को घर भेज दिया जाता है, जिनमें सुधार नहीं होता, उन्हें किसी अन्य शरणालय में स्थानांतरित कर दिया जाता है। महिलाओं को पुलिस एवं विधिक सहायता भी यहां से दिलाई जाती है।

# जेल में बंदियों के लिए खुला पुस्तकालय

**जासं, गोरखपुर** : जेल प्रशासन ने बंदियों के लिए अहम कदम उठाते हुए जेल में पुस्तकालय खोला है। पुरानी पाकशाला (रसोईघर) में खुले पुस्तकालय में 500 धार्मिक, इतिहास, साहित्य, प्रतियोगिता, सामाजिक ज्ञान से जुड़ीं पुस्तकों को रखा गया है। डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. विपिन ताडा के साथ सोमवार की शाम जेल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज तेज प्रताप तिवारी ने नवनिर्मित पुस्तकालय व नवनिर्मित जेल अस्पताल के भवन का शुभारंभ किया।



जेल के पुस्तकालय का निरीक्षण करते जिला तेज प्रताप तिवारी, साथ में डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डा. विपिन ताडा। ● सौजन्य से : जेल प्रशासन

जेल में निरुद्ध बंदियों को बेहतर भविष्य बनाने का हौसला देकर उनके अंदर नई उर्जा का संचार करने के लिए जेल प्रशासन ने सर्किल के बीच में स्थित पुरानी पाकशाला में पुस्तकालय खोला है। इसका उद्धेश्य धार्मिक, सामान्य ज्ञान, इतिहास व महापुरुषों की जीवनी से जुड़ी पुस्तकों के जरिए उनके नकारात्मक विचार को खत्म करना है। जेलर प्रेम सागर शुक्ल ने बताया कि सुबह आठ से शाम पांच बजे तक पुस्तकालय में बैठकर बंदी समाचार पत्र, धार्मिक, साहित्यिक व स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी पुस्तकों को पढ़ सकेंगे।

स्वयंसेवी संस्था की मदद से पुस्तकालय का और विस्तार किया जाएगा। पुस्तकालय के अलावा जिला जज ने नवनिर्मित अस्पताल का भी लोकार्पण किया। 18 बेड वाले नए अस्पताल में डाक्टर, फार्मासिस्ट के लिए अलग कमरा है। पहले से 20 बेड का अस्पताल चल रहा है। जिला जज ने जेल के पुस्तकालय को 501 पुस्तकें दान दी हैं।

**जेल में किया पौधरोपण** : शाम पांच से सात बजे तक जेल का निरीक्षण करने के बाद जिला जज तेज प्रताप तिवारी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. विपिन ताडा ने जेल परिसर में आम, नीम, पीपल का पौधा लगाया। इस दौरान जेल अधीक्षक ओपी कटियार, जेलर प्रेम सागर शुक्ल, डिप्टी जेलर बृजेश पांडेय उपस्थित रहे।

# पीएसी गेट से ताड़ीखाना तक हटाया अतिक्रमण

अमर उजाला ब्यूरो

## नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम और शाहपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

गोरखपुर। नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम और शाहपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से बिछिया कैंप में 26 वीं वाहिनी पीएसी गेट से ताड़ीखाना तक अतिक्रमण हटाया। इस दौरान सुपर मार्केट से लेकर ताड़ीखाना तक सड़क की दोनों पटरियों पर ठेला लगाने वालों को चेतावनी दी गई।

प्रवर्तन टीम के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने बताया कि अभी ठेला और रेहड़ी वालों को चेतावनी दी गई है। मंगलवार से यदि ठेला लगाते हुए लोग मिलेंगे तो ठेला जब्त करने के साथ ही जुर्माना भी वसूला जाएगा।

इसी सड़क से गायत्री नगर, मोहनापुर, काशीपुरम, हनुमान मंदिर रोड से लेकर झरना टोला के हजारों नागरिक गुजरते हैं। लोगों की शिकायत है कि सड़क पर ट्रैफिक जाम से लोग, घरों में कैद रहने को विवश होते हैं।

नगर निगम के अभियान के दौरान अनिल कुमार मौर्य, संतोष श्रीवास्तव, दिलीप राजभर, संजय पटेल, सजन अग्रवाल, पंकज, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज

हरपुर बुदहट। इलाके के बकुलही गांव में रविवार सुबह दंपती को बंधक बनाकर लूट के मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। लूट की धारा में केस दर्ज पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सहिजना निवासी जयप्रकाश सिंह की बगल के गांव बकुलही में भी मकान है, जिसमें उनके बेटे सीबी सिंह हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। वह अपनी पत्नी सपना के साथ रहते हैं। रविवार की सुबह 3 बजे के करीब एक व्यक्ति उनके घर में घुस गया। खटपट की आवाज होने पर दंपती की नींद खुल गई। चोर-चोर चिल्लाते ही उसने चाकू निकाल लिया और फिर दंपती को एक कमरे में बंद कर दिया। घर से गहना और नकदी लेकर आरोपी फरार हो गया। रविवार देर रात एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। ब्यूरो

# प्रशासन ने अतिक्रमण पर चलवाया बुलडोजर

बड़हलगंज। प्राचीन शिव मंदिर बाबा जलेश्वरनाथ मंदिर के पोखरे पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने सोमवार को बुलडोजर चलवा दिया। जिसके बाद कब्जाधारकों में अफरा-तफरी मच गई। तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अविनाश मल्ल के नेतृत्व में पहुंची राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने सीमांकन किए गए पोखरे का बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटवा दिया। तहसीलदार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। संवाद

# छात्रावास के सामने डिवाइडर बनाने के विरोध में छात्रों ने किया प्रदर्शन

## हंगामे के बाद दो फीट रास्ता छोड़ने पर बनी सहमति, तब माने छात्र

धरना - प्रदर्शन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास के सामने टूटे हुए डिवाइडर के निर्माण के विरोध में छात्रावासियों ने प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। छात्रों का कहना था कि छात्रावास से वे सीधे विवि परिसर में चले जाते हैं, डिवाइडर बनने से उन्हें घूमकर जाना पड़ेगा।

पीडब्ल्यूडी व जिला प्रशासन के अधिकारियों और छात्रों के बीच दो फीट रास्ता छोड़ने की सहमति के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया।



गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्रावास के सामने डिवाइडर बनाए जाने का विरोध कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत करती पुलिस। अमर उजाला

छात्रावास के सामने करीब दस फीट डिवाइडर नहीं बना था। इसे बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने सोमवार को मिट्टी गिराना शुरू किया। इसकी जानकारी होते ही छात्रनेता यशपाल सिंह राणा के नेतृत्व में भारी संख्या में छात्र पहुंच गए और विरोध करते हुए धरना शुरू कर दिया। छात्रों के सड़क पर आने की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र त्रिपाठी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

छात्रों ने उनसे वार्ता के दौरान बाइक से आने-जाने की जगह छोड़ने की मांग की। जिस पर दो फीट रास्ता छोड़ने पर सहमति बनी। मुख्य नियंता ने बताया कि छात्रों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया। दो फीट रास्ता छोड़ने की सहमति के बाद छात्र चले गए।

छात्रनेता यशपाल सिंह राणा ने कहा कि अगर भविष्य में रास्ता बंद करने की कोशिश की गई तो आंदोलन किया जाएगा। धरना देने वालों में सन्नी सिंह, विकास यादव, आशीष सिंह, पीयूष, मनोज, प्रांजल आदि शामिल रहे।

# असलहा संग प्रेमिका से मिलने गया युवक गिरफ्तार

गुलरिहा। पुलिस ने अवैध असलहे के साथ एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वह प्रेमिका से मिलने इलाके के एक गांव में गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान तिवारीपुर के घुनघुन कोठा निवासी दुर्गेश निषाद के रूप में हुई। आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा बरामद कर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# चौरीचौरा उपद्रव का एक और आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। झंगहा के जवान को शहीद का दर्जा दिलाने के बहाने भोपा बाजार में आगजनी, तोड़फोड़ के एक और आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान झंगहा के नई बाजार निवासी भानु गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, झंगहा निवासी धनंजय यादव की मौत के बाद शहीद का दर्जा दिलाने को लेकर जुलूस निकाला गया था। इस दौरान भोपा बाजार में भीड़ उग्र हो गई और जमकर बवाल किया था। ब्यूरो

# हर जिले के पांच हिस्ट्रीशीटरों का ब्योरा मांगा

गोरखपुर। जोन के सभी जिले के टॉप-5 हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस शिकंजा कसेगी। मुकदमों की सूची बनाने के बाद पुलिस कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाएगी। साथ ही उनकी निगरानी भी की जाएगी कि वे इस समय अपराध में सक्रिय हैं कि नहीं। यह सब एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर किया जा रहा है। एडीजी ने सभी के मुकदमों का ब्योरा मांगा है। जानकारी के मुताबिक, एडीजी ने निर्देश दिया है कि थाने का एक दरोगा एक माफिया के पीछे लगेगा। इसी प्रकार एक हिस्ट्रीशीटर के पीछे भी एक दरोगा लगेगा। हर थाने की पुलिस अपने-अपने थाने के टॉप 5 माफिया और टॉप 5 हिस्ट्रीशीटर की सूची बनाएगा और उन पर कार्रवाई कराएगा। ब्यूरो

# जेल में नवीन पुस्तकालय का लोकार्पण



**गोरखपुर।** मंडलीय कारागार में सोमवार को जिला जज तेज प्रताप तिवारी, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने नवीन पुस्तकालय का लोकार्पण किया। इस दौरान जिला जज ने जेल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में मुख्य रूप से बैरकों, पाकशाला और बंदियो से उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। जानकारी के मुताबिक, जेल में निरुद्ध बंदियों की शिक्षा के लिए जेल प्रशासन की ओर से लाइब्रेरी बनवाया गया है। ब्यूरो

# मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**खोराबार।** सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने का इलाके के एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल हो गया। मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही जांच शुरू कर दी गई। देर रात तक पुलिस ने आरोपित विशाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, मामला खोराबार के तालकंदला गांव का है। वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करते विशाल को सुना जा सकता है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्यूरो

# नौकरी के लालच में गंवाए 16.82 लाख

## फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया, खोराबार पुलिस ने एयर होस्टेस समेत तीन पर दर्ज किया मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एम्स व इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर 16.82 लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि नौकरी न मिलने पर रुपये वापस मांगने पर फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। पीड़ित ज्वाइन करने पहुंचे तो जालसाजी की जानकारी हुई। खोराबार पुलिस ने जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद खुद को एयर होस्टेस बताने वाली युवती उसके साथी समेत तीन लोगों के खिलाफ जालसाजी कर रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, खोराबार इलाके के प्रेमनगर निवासी रूपेश कुमार ने दिए तहरीर में लिखा है कि मेरी जान पहचान सूबा बाजार काली मंदिर निवासी अभिनेष निषाद उर्फ सोनू से थी। वह खुद को इंडिगो एयरलाइंस का ग्राउंड स्टाफ बताते हुए एम्स व एयरलाइंस में नौकरी लगवाने का भरोसा दिया। रूपेश ने नौकरी लगवाने की इच्छा जताई तो खुद को इंडिगो एयर होस्टेस बताने वाली नेहा निषाद से फोन पर बात कराई। नेहा ने हैदराबाद में नौकरी दिलवाने का भरोसा देते हुए नरसिम्हा रेड्डी नाम के एक व्यक्ति से बात कराया। झांसे में फंसे रूपेश ने अपने दो अन्य भाइयों को नौकरी दिलाने की इच्छा जताते हुए आरोपितों के कहने पर उनके खाते में कई बार में 16 लाख रुपये भेज दिए। नौकरी न मिलने पर रूपेश ने रुपये वापस मांगे तो इंडिगो एयरलाइंस हैदराबाद में उसके छोटे भाई नितेश की नौकरी लगने की जानकारी देते हुए नियुक्ति पत्र दे दिया गया। जिसे लेकर नितेश हैदराबाद पहुंचा तो एयरलाइंस के अधिकारियों ने कूटरचित होने की जानकारी देते हुए लौटा दिया।

रूपेश का आरोप है कि जालसाजी की जानकारी होने पर उसने रुपये वापस मांगा तो अभिनेष, नेहा व उसके साथी जान से मारने की धमकी देने लगे। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है, आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठगों से बचने का तरीका बताया

**गोरखपुर।** साइबर क्राइम के प्रति जागरुकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को कार्मल गर्ल्स स्कूल में किया गया। साइबर थाने के उपनिरीक्षक दिव्येन्दु तिवारी ने छात्राओं और शिक्षकों को साइबर ठगों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा की अनजान कॉल करने वाले को अपने बैंक खाता का नंबर, एटीएम कार्ड, पासवर्ड अन्य वित्तीय लेनदेने में प्रयोग होने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां साझा न करें। जालसाजी होने पर संबंधित बैंक की शाखा पर जाकर संपर्क करें। इस दौरान राजीव यादव, जया रंजन यादव, खुशबू मौर्या आदि मौजूद रहें। संवाद

# पीड़ित को बेवजह थाने में बैठाने पर थानेदार हटाए गए

**गोरखपुर।** गगहा थाने में बिना वजह पीड़ित को पांच घंटे तक बैठाए जाने के मामले में थानेदार संजय कुमार सिंह को हटाकर अपराध शाखा भेज दिया गया है।

वहीं, कुछ दिन पहले जनसुनवाई के दौरान लापरवाही में हटाए गए इंस्पेक्टर विनोद कुमार अग्निहोत्री को गगहा का नया थानेदार बनाया गया है। 25 जून को गगहा थाने पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में छोटे बच्चों संग पहुंचीं महिला फरियादियों को गगहा पुलिस ने पांच घंटे थाने पर बैठा लिया था। इस दौरान गगहा थाना पर बैठी महिलाओं एवं छोटे बच्चों की रोते-बिलखते वीडियो वायरल हुआ था। मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने कार्रवाई कर दी। ब्यूरो

# शादी का झांसा देकर नर्स से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** शादी का झांसा देकर नर्स से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने रविवार रात बस स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने धोखे से मई में दूसरी युवती से शादी भी रचा ली थी। इसकी जानकारी होने के बाद नर्स ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान महराजगंज के कोतवाली इलाके के सोनरा गांव निवासी दिवाकर शर्मा के रूप में हुई। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि युवती एक नर्सिंग होम में नर्स है। एक साल पहले वह महराजगंज के एक मॉर्ट में काम करती थी। यहीं पर काम करने वाले युवक से उसकी मुलाकात हो गई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इस बीच युवती ने काम छोड़कर गोरखपुर के एक नर्सिंग होम में नर्स का काम शुरू कर दिया। यही पर किराये के कमरे में रहती थी। आरोप है कि 10 मई को दिवाकर ने दूसरी लड़की से शादी कर ली थी। ब्यूरो

# छह माह में 2207 ने 'चिड़िया' उड़ाकर पा लिया इंसाफ

## 12 गंभीर मामले मिलने पर पुलिस ने थाने में केस दर्ज किया, सोशल मीडिया को बढ़ावा देने के लिए एसएसपी कर रहे निगरानी

शिवम सिंह

**गोरखपुर।** जिले में पिछले छह माह में 2207 ने 'चिड़िया' उड़ाकर (ट्वीट करके) पुलिस से इंसाफ पाया है।

इनमें से 12 ऐसे हैं, जिनकी ऑनलाइन शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। सोशल मीडिया को बढ़ावा देने के लिए एसएसपी डॉ. विपिन ताडा खुद निगरानी कर रहे हैं। वहीं, इसका दुरुपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। झूठी सूचना से भ्रम फैलाने वालों पर केस दर्ज किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस थाने-चौकी में फरियाद लेकर जाने से अधिकतर लोग हिचकते हैं। वहीं, ऐसे भी फरियादी हैं, जिनके प्रार्थनापत्र पर थाने में कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे लोग या तो सीधे अफसरों के पास पहुंचते हैं या सोशल मीडिया की मदद ले रहे। इसमें यूपी कॉप के अलावा ट्विटर बड़ा सहयोगी हो गया है। लोग ट्विटर पर ट्वीट करके अपनी समस्या पुलिस के अधिकारियों तक पहुंचा रहे हैं। छह महीने में 22 सौ से ज्यादा लोगों ने ट्वीट कर अपनी बात अफसरों तक पहुंचाई और उनकी फरियाद सुनी गई। गंभीर मामले सामने आए तो केस दर्ज किया गया। एसएसपी का मानना है कि इससे लोगों को आसानी से न्याय मिल जाता है, लेकिन इसका कई लोग दुरुपयोग भी करते हैं। हालांकि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाती है।

### कई ट्वीट ने पुलिस की नींद उड़ाई

घर बैठे न्याय पाने की प्रक्रिया का दुरुपयोग भी होता है। कई लोग हैं, जो गलत सूचना देकर पुलिस की नींद उड़ा चुके हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में एसिड अटैक की फर्जी सूचना हो या हाल में सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में नौसड़ में आगजनी का मामला। इन फर्जी मामलों ने पुलिस की परेशानी बढ़ा दी थी। ऐसे लोगों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। भ्रामक सूचना देने वालों पर केस दर्ज कर पुलिस जेल भेजने का काम कर रही है।

### इन महीनों में आईं इतनी शिकायतें

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | 432 | दो में केस दर्ज |
| फरवरी | 389 | दो में केस दर्ज |
| मार्च | 456 | एक में केस दर्ज |
| अप्रैल | 302 | |
| मई | 343 | |
| जून | 286 | सात में केस दर्ज |

सोशल मीडिया से मिलने वाली शिकायतों पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। छह महीने में 2207 शिकायतें सामने आईं। सभी मामलों का निपटारा किया गया। 12 गंभीर मामलों में केस दर्ज किया गया। दुरुपयोग करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। - **डॉ. विपिन ताडा**, एसएसपी

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 28-6-22

# आनलाइन फ्राड के जरिये खाते से उड़ाया गया पैसा साइबर सेल ने कराया वापस

**देवरिया(एसएनबी)।** आनलाइन फ्राड करके एक व्यक्ति के खाते से उड़ाया गया 2.57 लाख रूपये को साइबर सेल ने आज पीड़ित के खाते में वापस करा दिया। मालूम हो कि अनवर खान पुत्र अख्तर खान निवासी मकान नं. 674 वार्ड नं. 7 यमुना सदन भरौली बाजार थाना कोतवाली ने फेसबुक पर एड देखकर कनाडा में रोजगार हेतु आइनलाइन सम्पर्क किया। इसके पश्चात अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को झांसे में लेकर रूपये 2.57 लाख की धोखाधड़ी कर ली गयी थी। इस मामले में पीड़ित ने अपनी फरियाद पुलिस अधीक्षक से की तो उन्होंने उक्त प्रकरण के तत्काल निस्तारण हेतु साइबर सेल टीम को निर्देशित किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में साइबर सेल द्वारा आवेदक का पूरे रूपये 2.57 लाख उसके खाते में वापस कराया। साइबर सेल की टीम में एस.आई. राहुल सिंह, कां. शिवमंगल यादव, आ. प्रद्युम्न जायसवाल, आ. दीपक सोनी, आ. विजय राय, म.आ. प्रियंका मिश्रा एवं पूर्णिमा चौधरी शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 28-6-22

# पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**देवरिया(एसएनबी)।** एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की देर रात जिले के चार क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है। एसपी श्री शर्मा द्वारा क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किये गये बदलाव में भाटपाररानी के क्षेत्राधिकारी पंचम लाल अब बरहज के क्षेत्राधिकारी होंगे जबकि बरहज के क्षेत्राधिकारी देव आनंद अब सलेमपुर के क्षेत्राधिकारी होंगे। क्षेत्राधिकारी कार्यालय/वीआईपी का कार्यभार देख रहे प्रेमनारायण तिवारी अब भाटपाररानी के क्षेत्राधिकारी होंगे। जबकि सलेमपुर के क्षेत्राधिकारी विनय कुमार यादव अब क्षेत्राधिकारी कार्यालय/वीआईपी होंगे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 28-6-22

# पुलिस प्रशासन की लापरवाही से मौत से जूझ रहा वृद्ध बाबूलाल

बंगरा बाजार ।

सहारा न्यूज ब्यूरो

खामपार थाना क्षेत्र के करौंदा गांव निवासी 80 वर्षीय बाबूलाल प्रसाद पुत्र स्व. रामयश प्रसाद पुलिस प्रशासन की शिथिलता व लापरवाही के कारण जीवन और मौत से जूझ रहा है। घटना घटित होने के पश्चात पुलिस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर अपनी साख बचाने में जुट गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार बाबूलाल अपनी पैतृक आबादी की भूमि जो कई वर्षो से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ी हुई थी उसी भूमि पर उमेश पुत्र बाबूलाल नवीन निर्माण करा रहा था कि गांव के ही विरेन्द्र प्रसाद पुत्र रामऔतार द्वारा अपना बताकर अवरोध खड़ा कर दिया गया। मामला थाना दिवस तक पहुंचा थानादिवस के अधिकारी द्वारा जांच पड़ताल कराया गया जिसमें उक्त भूमि पर बाबूलाल का दावा सच निकला। जिसके सम्बन्ध मे हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट भी प्रेषित कर दिया गया। अगले थाना दिवस पर दोनों पक्षों की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी द्वारा स्थानीय पुलिस को निर्माण में व्यवधान समाप्त कराने का निर्देश देते हुए सावधानी बरतते हुए पुलिस की मौजूदगी में निर्माण कराने का निर्देश दिया। पुलिस द्वारा उमेश को निर्माण सामग्री गिराकर निर्माण शुरू करने को कहा गया। सामान गिरने के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी, डण्डा, व ईंट से प्रहार कर बाबूलाल पुत्र रामयश, पार्वती पत्नी रामयश, उमेश पुत्र बाबूलाल को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयी। जहां पार्वती को प्राथमिक उपचार के पश्चात छोड़ दिया। लेकिन गम्भीर रूप से घायल उमेश व बाबूलाल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया । जिला चिकित्सालय में बाबूलाल की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां बाबूलाल जीवन-मौत से जूझ रहे है।

इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। शेष की तलाश जारी है । पुलिस द्वारा किसी प्रकार की शिथिलता नही बरती गयी है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 28-6-22

# आनलाइन फ्राड के जरिये खाते से उड़ाया गया पैसा साइबर सेल ने कराया वापस

देवरिया(एसएनबी) । आनलाइन फ्राड करके एक व्यक्ति के खाते से उड़ाया गया 2.57 लाख रूपये को साइबर सेल ने आज पीड़ित के खाते में वापस करा दिया। मालूम हो कि अनवर खान पुत्र अख्तर खान निवासी मकान नं. 674 वार्ड नं. 7 यमुना सदन भरौली बाजार थाना कोतवाली ने फेसबुक पर एड देखकर कनाडा में रोजगार हेतु आइनलाइन सम्पर्क किया। इसके पश्चात अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को झांसे में लेकर रूपये 2.57 लाख की धोखाधड़ी कर ली गयी थी। इस मामले में पीड़ित ने अपनी फरियाद पुलिस अधीक्षक से की तो उन्होंने उक्त प्रकरण के तत्काल निस्तारण हेतु साइबर सेल टीम को निर्देशित किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यविक्षण में साइबर सेल द्वारा आवेदक का पूरे रूपये 2.57 लाख उसके खाते में वापस कराया। साइबर सेल की टीम में एस.आई. राहुल सिंह, कां. शिवमंगल यादव, आ. प्रद्युम्न जायवसाल, आ. दीपक सोनी, आ. विजय राय, म.आ. प्रियंका मिश्रा एवं पूर्णिमा चौधरी शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि०-28-6-22

# पांच हत्यारोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोनाह सूरतपूरा में शनिवार की देर शाम जमीनी विवाद के चलते राजगीर मिस्त्री की लाठी डण्डे से पीटकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में मृतक के परिजन के तहरीर पर पुलिस ने 6 व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। बताते चलें कि गोनाह सूरतपुरा निवासी सुशील सिंह पुत्र महिमा सिंह का उनके पट्टीदार रविन्द्र सिंह से जमीनी विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर उनके पट्टीदार ने उन पर शनिवार की रात हमला कर हत्या कर दिया। इस मामले में पुलिस ने रामअवतार सिंह के तहरीर पर हत्यारोपी रविन्द्र सिंह, राजीव सिंह, राहुल सिंह, अभिषेक सिंह, अभिमन्यु सिंह, छेदी सिंह सहित अन्य अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम गठित की गयी थी। जिसमें एक टीम में उपनिरीक्षक अरबिन्द कुमार, उप निरीक्षक मनीष सिंह यादव, हेड कांस्टेबल शिवसागर यादव, रविप्रताप राव, ज्ञानेन्द्र राय, विजय यादव, महिला आरक्षी कंचन यादव, पूनम यादव क्षेत्र भ्रमण पर थे, कि जरिये मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने नारायणपुर रोड स्थित ग्राम शीतल माझा के समीप से अभिमन्यु सिंह, अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जो भागने की फिराक में थे। वहीं गठित पुलिस की दूसरी टीम में कोतवाली प्रभारी विजय सिंह, कां. उमेश चौहान, अभय सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, राजेश प्रताप सिंह, अमित गिरी, रामप्रवेश यादव, महिला आरक्षी स्मिता सिंह, अनमोल सिंह व रूचि सिंह क्षेत्र भ्रमण थे, मुखबीर की सूचना पर पिड़रा घाट के समीप से तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से हत्या में प्रयुक्त किये गये लाठी को भी जब्त कर धारा 302 के तहत जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-28-6-22

# पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**देवरिया(एसएनबी)**। एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की देर रात जिले के चार क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है। एसपी श्री शर्मा द्वारा क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किये गये बदलाव में भाटपाररानी के क्षेत्राधिकारी पंचम लाल अब बरहज के क्षेत्राधिकारी होंगे जबकि बरहज के क्षेत्राधिकारी देव आनंद अब सलेमपुर के क्षेत्राधिकारी होंगे। क्षेत्राधिकारी कार्यालय/वीआईपी का कार्यभार देख रहे प्रेमनारायण तिवारी अब भाटपाररानी के क्षेत्राधिकारी होंगे। जबकि सलेमपुर के क्षेत्राधिकारी विनय कुमार यादव अब क्षेत्राधिकारी कार्यालय/वीआईपी होंगे।

हिन्दुस्तान दि०-28-6-22

# तस्कर की तलाश में देवरिया पहुंची झारखंड जीआरपी

देवरिया, निज संवाददाता। झारखंड प्रदेश के रांचीं रेलवे स्टेशन की जीआरपी सोमवार को सदर कोतवाली पहुंची। जहां कोतवाली पुलिस के सहयोग से शहर के साकेत नगर मोहल्ले में पहुंच कर युवक के बारे में पूछताछ की। परिजनों ने युवक को छह माह से घर नहीं आने.की बात कहीं।

झारखंड पुलिस युवक के बारे में जानकारी एकत्र करने के बाद वापस लौट गई। रांची जीआरपी ने पिछले दिनों दो युवकों था। जिसमें देवरिया जिले के युवक का नाम बताया था। झारखंड प्रदेश के रांची रेलवे स्टेशन की जीआरपी ने पिछले दिनों दो युवकों को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों तस्करों ने देवरिया जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के साकेत नगर मोहल्ले के रहने वाले एक गांजा तस्कर के बारे में जानकारी दिया था।

हिन्दुस्तान दि० 28-6-22

# आरोपी पति, ससुर और सास गिरफ्तार

भागलपुर। मईल थाना क्षेत्र के पनिका गांव में तीन दिन पूर्व हुए दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति, ससुर व सास को गिरफ्तार कर लिया है।

पनिका गांव निवासी अमरजीत बरनवाल पुत्र मृत्युंजय बरनवाल की पत्नी जूही उम्र 30 वर्ष की बीते तीन दिन पूर्व मौत हो गई थी। मृतका के भाई राहुल बरनवाल पुत्र व्यास बरनवाल निवासी हुस्सेपुर थाना भोरे गोपालगंज, बिहार ने आरोप लगाया था कि बहन के पति अमरजीत बरनवाल, ससुर मृत्युंजय बरनवाल और सास पूनम देवी ने दहेज के लिए गला दबाकर हत्या कर दिया।

हिन्दुस्तान दि० 28-6-22

# राजमिस्त्री की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

## कार्रवाई

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के गोनाह सुरतपुरा गांव में डीह के भूमि विवाद में एक राजमिस्त्री की लाठी डण्डा और राड से मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने सोमवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसमें रुद्रपुर कोतवाली की दो टीमों ने अलग अलग आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर पकड़ी है।

क्षेत्र के गोनाह सुरतपुरा गांव के रहने वाले सुशील सिंह और रविन्द्र सिंह के बीच दरवाजे के सामने स्थित डीह के भूमि का पहले से विवाद चल रहा था। जिसमें मामला न्यायालय में भी चल रहा है, जबकि पुलिस ने पहले भी शांतिभंग की कार्रवाई थी। उसी भूमि को लेकर शनिवार की सायं जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के सुशील सिंह मौत हो गई। मामले में मृतक सुशील सिंह के चाचा रामअवतार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज की थी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें बनाई गई थी। .

## आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

आरोपित उदयवीर सिंह पुत्र वशिष्ट सिंह निवासी करौता थाना झगहा गोरखपुर को दबोच लिया। जबकि दूसरी टीम एसएसआई अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित की गई थी। जिसने नामजद आरोपी अभिषेक सिंह व अभिमन्यु सिंह पुत्रगण स्व.छेदी सिंह को पकड़ लिया। सभी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया ।

हिन्दुस्तान दि० 28-6-22

# चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा

देवरिया। रामपुर कारखाना में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच 14 जून को नोकझोंक हो गई थी। कस्बा निवासी मो. इफ्तिखार अली कुरैशी ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बगलगीर ने विवाद में 17 जून को घर में घुस कर मारपीट किया था। जयप्रकाश, धनंजय, सतेंदर व जय सिंह पर दर्ज कर लिया।

हिन्दुस्तान दि०-28-6-22

# बिहार भेजे जा रहे गोवंशीय पशु बरामद

बरियारपुर। थाना क्षेत्र के चमनपुरा के पास से पुलिस ने गायों से भरी पिकअप गाड़ी को पकड़ा। पुलिस को देखते ही तस्कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को सीज कर दिया है। बरामद गायों को गौशाला भेज दिया गया।

बरियारपुर थाने के कांस्टेबल सुनील यादव व कृष्ण कुमार रविवार रात को बरियारपुर चौराहा पर रात्रि गस्त पर थे। चौराहे पर पर पिकअप गाड़ी को रोकने का इशारा किए तो चालक गाड़ी ले कर भागने लगा। थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद राजभर व दारोगा अनिल यादव धुसवा से महुआपाट घाट वाले रास्ते पर चमनपुरा गांव के पास पिकअप गाड़ी को रोक लिए।

हिन्दुस्तान दि०-28-06-22

# देवरिया में किशोरी व युवक ने जहर खाकर जान दी

बरहज(देवरिया), हिटी। बरहज तहसील क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को एक किशोरी और युवक ने जहर खाकर जान दे दी। एक ही बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले दोनों रिश्ते में पट्टीदारी के भाई बहन थे और उनमें काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

बरहज क्षेत्र के एक गांव 17 वर्षीया किशोरी का गांव के ही रिश्ते में भाई लगने वाले युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों कुछ दिन पूर्व गांव से भागे थे। मामला थाने पर भी पहुंचा था। तब पुलिस ने दोनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया था। परिजनों के समझाने के बावजूद दोनों का मिलना-जुलना जारी था। इसी बात को लेकर किशोरी के परिजनों ने उसे एक दिन पहले काफी डांटा था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे किशोरी ने घर पर ही जहर खा लिया। इसपर परिजन उसे सीएचसी बरहज ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

उधर, किशोरी के जहर खाने की जानकारी युवक को हुई तो उसने भी जहर खा लिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## बस्ती में पेड़ से लटके मिले किशोर-किशोरी के शव

बस्ती। सोनहा थाना क्षेत्र के खैरा गाव के बाग में सोमवार सुबह महुआ के पेड़ पर किशोर-किशोरी के शव लटके मिले। परिजनों के अनुसार, दोनों में प्रेम प्रसग था। दोनों एक ही गाव के रहनेवाले थे। > P 06

दैनिक जागरण दि०-28-6-22

# रुद्रपुर के कोतवाल विजय सिंह निलंबित

जासं, रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोनाहसूरतपुरा में अधेड़ की हत्या के मामले में लापरवाही सामने आने पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सोमवार की रात कोतवाल विजय सिंह को निलंबित कर दिया है। उनकी जगह निरीक्षक राजू सिंह को नया कोतवाल बनाया गया है। इसके पूर्व क्षेत्र के महराजगंज में पिता-पुत्र की हत्या के मामले में भी पुलिस की लापरवाही सामने आई थी। पंद्रह दिनों के अंदर हत्या की तीन घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार्य में लापरवाही के कारण विजय सिंह को निलंबित किया गया है।

दैनिक जागरण दि० -28-6-22

# पिकअप छोड़कर भागा तस्कर चार गोवंश किए गए बरामद

- **बरियारपुर थाना पुलिस ने गाड़ी को सीज किया, गोवंश को गोशाला भेजा**
- **अज्ञात तस्कर के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज**

**जासं, करौंदी बाजार :** गोवंश को लेकर बिहार जा रहे पिकअप को पुलिस ने रविवार की रात पकड़ लिया। तस्कर पिकअप छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पिकअप को सीज कर दिया है। बरामद चार गोवंश को गोशाला भेज दिया गया।

बरियारपुर थाना के सिपाही रविवार की रात गश्त पर थे। चौराहे पर पिकअप को रोकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। इसकी सूचना थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद राजभर व उप निरीक्षक अनिल यादव को दी। पुलिस ने धुसवा से महुआपाटन घांट वाले रास्ते पर चमनपुरा गांव के पास पिकअप को रोक लिया, लेकिन अंधेरे का लाभ उठा कर चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। पिकअप पर चार गोवंश थे। जिसे पुलिस थाने पर ले गई। गायों को देवरिया शहर के कान्हा गोशाला रामगुलाम टोला भेज दिया गया। बरियारपुर थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद राजभर नें बताया कि मुकदमा दर्ज कर तस्करों की तलाश की जा रही है।

**बरियारपुर क्षेत्र बना तस्करी का सुरक्षित मार्ग :** बरियारपुर थाना क्षेत्र का महुआपाटन घाट व बैकुंठपुर के रास्ते पशु तस्करी जारी है। धुसवा चौराहा, सरौरा चौराहा, करौंदी बार्डर व बैकुंठपुर के रास्ते बिहार होकर पश्चिम बंगाल भेजी जाती हैं। दस दिनों में 19 गोवंशीय के अलावा सात व्यक्ति व पांच पिकअप बरामद हुई। 21 जून को कुशमौनी से दो पिकअप पर छह गायें व चार तस्कर, महुआपाटन घाट से एक पिकअप से तीन दुधारू गायें व तीन बछडे बरामद व तस्कर गिरफ्तार किया गया। 19 जून को मधवापुर से एक पिकअप पर तीन गाय बरामद की। चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

# तस्कर की तलाश में झारखंड के एएसआइ पहुंचे कोतवाली

**देवरिया :** झारखंड के रांची जीआरपी के एएसआइ नवल पासवान सोमवार को सदर कोतवाली पहुंचे। उन्हें शहर के साकेत नगर मोहल्ले में रहने वाले एक तस्कर की तलाश थी। उन्होंने बताया कि देवरिया के दो लोग गांजा तस्करी में रांची में पकड़े गए थे। उन्होंने अपने गैंग का सरगना साकेतनगर नगर के युवक को बताया। उसके घर गया था, लेकिन वह छह माह से घर पर नहीं है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 28-6-22

दैनिक जागरण दि०-29-6-22

# चार सीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**जासं, देवरिया:** एसपी संकल्प शर्मा ने जनपद के चार सीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। भाटपाररानी के सीओ पंचमलाल का बरहज का सीओ बनाया गया है। वह सर्किल के थानों का पर्यवेक्षण करेंगे। बरहज के सीओ देव आनंद को सलेमपुर का सीओ बनाया गया है। वह सर्किल के थानों का पर्यवेक्षण के अलावा स्टूडेंट पुलिस कैडेट, एलआयू, सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन व अनुरक्षण कार्यों का पर्यवेक्षण व निस्तारण कार्य देखेंगे।

सीओ कार्यालय व वीआइपी प्रेम नारायण तिवारी को भाटपाररानी का सीओ बनाया गया है। वह सर्किल के थानों का पर्यवेक्षण कार्य देखेंगे। सीओ सलेमपुर विनय यादव को कार्यालय व वीआइपी का कार्य सौंपा गया है। वह सीओ लाइन, अपराध शाखा के कार्यों का पर्यवेक्षण व निस्तारण का कार्य देखेंगे।

दैनिक जागरण दि०-28-6-22

# पुलिस ने पांच हत्यारोपितों को किया गिरफ्तार

- रुद्रपुर के कोनाहसूरतपुरा में रास्ते के विवाद में युवक की हत्या का मामला
- आरोपितों की निशानेदही पर घटना में प्रयुक्त लाठी व डंडा बरामद

**जागरण संवाददाता, रुद्रपुर:** गोनाहसूरतपुरा में रास्ते के विवाद में युवक की हुई पीट-पीट कर हत्या के मामले में पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपितों को जेल भेज दिया गया। उधर फरार दो अज्ञात आरोपितों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी कर लेने का पुलिस का दावा है।

रुद्रपुर कोतवाली के गोनाहसूरतपुरा के रहने वाले सुशील सिंह की पड़ोसियों ने रास्ते के विवाद में शनिवार की रात पीट कर हत्या कर दी। इस मामले में चाचा रामऔतार सिंह की तहरीर पर गांव के रवींद्र सिंह, राजू सिंह, राहुल सिंह, अभिषेक सिंह, अभिमन्यु सिंह व दो अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपितों को पिड़राघाट व शीतलमांझा के समीप से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानेदही पर घर के समीप ही रखे गए घटना में प्रयुक्त डंडा व व अन्य सामान भी पुलिस ने बरामद कर लिया। कोतवाल विजय सिंह ने कहा कि नामजद पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 28-6-22

# ट्रक जलाने के मामले में तीन गिरफ्तार

**जासं, खुखुंदू:** हादसे के बाद बैरौना में जलाए गए ट्रक के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बैरौना गांव के रहने वाले राधेश्याम का लड़का अनुज शनिवार की रात दरवाजे पर खेल रहा था। इस बीच वह ट्रक से कुचल गया और उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद बवाल बढ़ गया और आक्रोशित लोगों ने ट्रक को ही आग के हवाले कर दिया। मामले में बबलू राजभर, रामप्यारे व रामानंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अमर उजाला दि० 28-6-22

# चार पर मारपीट का मुकदमा

**रामपुर कारखाना।** भूमि विवाद में मारपीट के मामले में चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। स्थानीय नगर पंचायत के जलकल वार्ड निवासी इफ्तिखार अली कुरैशी उर्फ बबलू भाई ने थाने में तहरीर दी है। आरोप लगाया था कि 14 जून को भूमि विवाद में एक पक्ष से नोकझोंक हो गई थी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। 17 जून को चार लोगों ने गोलबंद होकर घर में घुसकर मारपीट की। आठ दिन की छानबीन के बाद रामपुर कारखाना पुलिस ने सोमवार को कमधेनवा गांव निवासी जयप्रकाश पाल, धनंजय, सतेंदर और जय सिंह के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जानमाल की धमकी का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

अमर उजाला दि०-28-6-22

## चोरों का पता लगाने में जुटी एसओजी

लार रोड। कुंडौली गांव में शनिवार की रात हुई चोरी की घटना की सोमवार को जांच करने पहुंची एसओजी ने पीड़ितों से जानकारी ली। मईल थाना क्षेत्र के कुंडौली गांव के संदीप कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह, अलख भगत के घरों में चोरों ने शनिवार को छत के रास्ते चढ़ कर घरों में दस्तक दी। घर में रखे रुपये समेत लाखों के आभूषण लेकर फरार हो गए। सुबह में जानकारी हुई तो पीड़ितों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची मईल पुलिस जांच में जुट गई। 48 घंटे बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। उधर, सोमवार को एसओजी प्रभारी अनिल यादव, हेड कांस्टेबल शशिकांत राय व मेराज अहमद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने तीनों घरों के लोगों से पूछताछ की। संवाद

अमर उजाला दि०-28-6-22

## बवाल के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

बरहज। स्थानीय नगर में 19 जून को अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ युवकों बवाल करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को फरार चल रहे दो नामजद आरोपियों को जेल भेजा है, जबकि शेष की तलाश में जुटी है। बरहज पुलिस को मुखबिर ने तहसील तिराहे पर दो आरोपियों के होने की सूचना दी। जानकारी होने पर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने घेरेबंदी की। पुलिस ने मौके से बारा दीक्षित गांव निवासी और अग्निपथ योजना के बवाल मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी सुशील प्रजापति, शुभम सोनकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 34 नामजद और 230 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में पुलिस पूर्व में 19 नामजद को जेल भेज चुकी है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-06-2022

# बैंकिंग से घर जाते समय बरतें सावधानी

**समउर बाजार।** अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं छिनैती की घटनाओं को रोकने के लिए एसओ पटहेरवा ने बार्डर क्षेत्र के बैंकों व सीएससी केन्द्रों का सघन निरक्षण करते हुये लोगों को बैंकिंग कार्य के बाद घर जाते समय सावधानियां बरतने का निर्देश देने के साथ ही संदिग्धों को कड़ी फटकार लगाते हुए बैंककर्मियों को भी आवश्यक सुझाव दिया।

# कट्टा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पटहेरवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को कट्टा-कारतूस के साथ थाना क्षेत्र के फरेंदा गेट के पास से गिरफ्तार किया। सोमवार की भोर में पटहेरवा एसओ अखिलेश कुमार सिंह मय फोर्स गस्त पर निकले थे तथा फरेंदा गाव के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस चेकिंग देख एक युवक अचानक भागने का प्रयास करने लगा। युवक को भागता देख पुलिस टीम ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास कट्टा-कारतूस बरामद हुआ। युवक की पहचान नितेश यादव पुत्र सरजू यादव निवासी नाथापट्टी थाना पटहेरवा के रूप में हुई।

# वीडियो बनाकर शारीरिक शोषण का आरोप, एक जेल गया

**रामकोला, हिसं।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के दो युवकों पर रेप कर वीडियो बनाने और वीडियो वायरल कर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 25 वर्षीय लड़की ने रामकोला थाने में पहुंच कर खुद वादी बनते हुए तहरीर सौंपा। तहरीर में बताया कि उसके घर देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के पोखर भिंडा निवासी दो युवक आये थे। एक युवक ने उसके साथ रेप किया तथा दूसरे ने वीडियो बनाया। अब दोनों वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक उत्पीड़न कर रहे हैं।



सोमवार को पकड़े गए गांजा तस्करों को मीडिया के सामने प्रस्तुत करते एसपी धवल जायसवाल।

# 53 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना, निसं।** तरयासुजान थाने की पुलिस एवं स्वाट टीम ने सोमवार को तरयासुजान थाना क्षेत्र में फोरलेन पर स्थित माधोपुर बुजुर्ग गांव के समीप 53 किलो गांजा के साथ पांच अंतर्राज्यीय तस्करों को दबोचा। उड़ीसा से लाये गये गांजे की खेप को तस्करों द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर बेचने की योजना थी।

पकड़े गये तस्करों में तीन बिहार और दो कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस की इस बरामदगी की जानकारी एसपी धवल जायसवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को थाना तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बिहार एवं कुशीनगर जिले के कुछ तस्कर मादक पदार्थों की खेप लेकर जिले की सीमा में घुसे हैं और उसे बेचने के फिराक में हैं। इस पर पुलिस टीम सक्रिय होते हुए तरयासुजान क्षेत्र में बिहार बार्डर से सटे इलाकों में तस्करों की टोह में लग गयी। इस दौरान फोरलेन पर माधोपुर बुजुर्ग गांव के समीप पांच संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने परखी बैंकों की सुरक्षा

**सपहा।** कसया पुलिस द्वारा सोमवार को सपहा चौराहे पर स्थित सेन्ट्रल बैंक समेत सहज जन सेवा केन्द्रों व एटीएम लगे जगहों के आसपास गहन चेकिंग अभियान चला कर बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की गई और उनको बिना वजह मौजूद न रहने की हिदायत दी गयी।

कसया पुलिस ने सोमवार को विभिन्न बैंकों, एटीएम,जनसेवा केंद्र में चेकिंग अभियान चलाया। टीम द्वारा मुख्य रूप से लगे सीसी टीवी कैमरे को चेक किया गया और अलार्म को भी परखा गया। बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की गई व संदिग्ध व्यक्तियों को बेवजह घूमने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

# अपहृत किशोरी को बरामद किया

**पनियहवा।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र से एक सप्ताह पूर्व बहला फुसलाकर भगाई गई एक किशोरी को हनुमानगंज पुलिस ने सोमवार की दोपहर बरामद कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी का बिहार के पिपरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# वीडियो वायरल मामले में आरोपी गया जेल

नेबुआ नौरंगिया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने पड़ोसी युवक द्वारा नहा रही युवती का अश्लील वीडियो बना वायरल करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कुछ दिनों पूर्व उक्त आरोपी अपने पड़ोस की युवती का नहाते समय वीडियो बना कर उससे शारीरिक संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल किया लेकिन जब युवती उसकी बात नहीं मानी तो आरोपी द्वारा अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कर दिया गया। युवती ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंप न्याय गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

# कार्रवाई पर भी नहीं रुक रही मादक पदार्थों की तस्करी

**फॉलोअप**

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले में पुलिस की कार्रवाई के बाद भी मादक पदार्थों की तस्करी रूक नहीं पा रही है। बिहार प्रांत के रहने वाले तस्कर अक्सर कुशीनगर जिले के रास्ते मादक पदार्थों की खेप मुकाम तक पहुंचा रहे हैं। तस्करों के पकड़े जाने के बाद भी जिले से होकर तस्करी का सिलसिला रूक नहीं पा रहा है। इस तस्करी को बिहार बॉर्डर से सटे इलाकों के रहने वाले तस्कर अंजाम दे रहे हैं।

पशु तस्करों के साथ साथ शराब तस्करों ने तस्करी को अंजाम देते हुए जिले की पुलिस के नाक में दम कर रखा था। करीब दो-तीन महीने से अवैध शराब की बरामदगी में काफी कमी आयी है हालांकि सूत्रों की मानें तो पुलिस से बचने के लिए शराब तस्करों ने तस्करी का ट्रेंड ही बदल दिया है। अब पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्करों के पकड़े जाने पर पशु तस्करी में भी कमी देखने को मिल रही है। पशु एवं शराब तस्करों के बाद अब मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले पुलिस के लिए चुनौती बनने लगे हैं। मादक पदार्थों में गांजा के अलावा चरस एवं स्मैक की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। तस्करों के पकड़े जाने के बाद यह प्रकाश में आया है कि बिहार प्रांत के रहने वाले ही मादक पदार्थों की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं।

जिले के विशुनपुरा क्षेत्र की ग्राम सभा गौरीश्रीराम का मामला

# अवैध कब्जा हटाने को 8 घंटे टॉवर पर रहा युवक

**हड़कंप**

- लेखपाल की कोशिश के बाद एसडीएम ने समझाकर उतारा
- एसडीएम ने टीम बुलाकर कराई जमीन की पैमाइश

गौरीश्रीराम, हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौरीश्रीराम हनुमान मंदिर के सामने एक युवक जमीन से अवैध कब्जा हटवाने के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। टॉवर से कूद कर जान देने की धमकी से हड़कंप मच गया। उसका आरोप था कि उसकी जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है और उसे न्याय नहीं मिल रहा है। भोर के चार बजे टावर पर चढ़ा युवक एसडीएम तमकुही के आश्वासन पर आठ घंटे बाद करीब 12 बजे टॉवर से उतरा। जमीन की पैमाइश होने पर वह संतुष्ट हुआ। उधर, मामला निपटने के बाद पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में उसका चालान कर दिया।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौरीश्रीराम हनुमान मंदिर के सामने मोबाइल टॉवर है। सोमवार सुबह ग्रामीण उधर गए तो देखा कि एक युवक टॉवर पर चढ़ा हुआ है। उसकी पहचान बरवापट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौरीशुक्ल निवासी जितेंद्र यादव पुत्र रामचंद्र यादव के रूप में हुई।



सोमवार को जमीन से अवैध कब्जा हटवाने के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़ा जितेंद्र।

ग्रामीणों ने वजह पूछी तो उसने बताया कि जब तक उसकी जमीन की पैमाइश कर अवैध कब्जा हटा नहीं दिया जाता, वह नीचे नहीं उतरेगा। पुलिस ने बात की तो वही बात दोहराई। पुलिस ने लेखपाल को बुलवाया तो भी वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। उसका आरोप था कि उसके जमीन पर एक पक्ष पक्का मकान बना रहा है लेकिन प्रशासन नहीं सुन रहा है। थाने पर शिकायत करने पर उल्टे उसी का परिवार सहित शांतिभंग में चालान कर दिया गया। उसने एसडीएम को मौके पर बुलाने की जिद ठान ली। दोपहर करीब 12 बजे उपजिलाधिकारी तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव, कानूनगो और राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम के समझाने पर जितेंद्र नीचे उतर आया। उसकी पूरी बात सुनने के साथ ही एसडीएम ने तत्काल जमीन की पैमाइश कराकर मामले का निस्तारण करा दिया। जमीन पर किसी का कब्जा नहीं पाया गया। पैमाइश के बाद उसने संतुष्टि जाहिर की। उसके बाद शांतिभंग की आशंका में उसका चालान कर दिया गया।

# हत्या के खुलासे को लेकर धरना

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के नरायनपुर कोठी में हुई आभूषण कारीगर की गला काटकर निर्मम हत्या के खुलासे की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की धरना सोमवार को पाचवें दिन जारी रहा।

पाचवें दिन बगल के बाढ़ू चौराहे पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने नुक्कड़ सभा कर जनसमर्थन की आपील करते हुए कहा कि जब तक जयराम वर्मा के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक उनका यह आंदोलन चलता रहेगा।

# दो सप्ताह बाद भी हत्यारों तक नहीं पहुंची पुलिस

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के नारायनपुर कोठी में क्षेत्रीय विधायक के आवास के चंद कदम की दूरी पर आभूषण कारीगर के दुकान के अंदर गला काटकर निर्मम हत्या के मामले में घटना के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी है। घटना के समय मौके पर पहुंचे एसपी धवल कुमार जायसवाल ने घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित कर तीन दिन में खुलासे का भरोसा दिलाया था।

# फर्जी जन्म प्रमाण में दर्ज होगा केस

- **दृष्टिबाधित नाबालिग से चार कट्ठा जमीन बैनामा कराने का मामला**
- **सब रजिस्ट्रार के यहां फर्जी जन्म प्रमाण में बालिग दिखाया गया**
- **एसडीएम खड्डा की जांच में 14 मई को पकड़ा गया था फर्जीवाड़ा**

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** खड्डा का नाबालिग दृष्टिबाधित बच्ची के नाम की जमीन बैनामा कराने के लिए जालसाजों ने जिले की महिला अस्पताल से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कराया था। डीएम के निर्देश पर अब सीएमओ इसकी जांच कर रहे हैं कि किस महिला अस्पताल से किसने यह प्रमाण पत्र जारी किया था। पकड़े गए जिम्मेदार पर एफआईआर दर्ज करायी जाएगी।

बीते 24 मई को एसडीएम खड्डा उपमा पांडेय ने खड्डा के शास्त्रीनगर मोहल्ला निवासी रामनरेश शर्मा की शिकायत पर सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में पहुंच कर जांच की थी तो रामनरेश की नाबालिग दृष्टिबाधित बेटी के नाम से दर्ज चार कट्ठा जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा कराने का मामला पकड़ा गया था। खुलासा हुआ था कि बच्ची का मौसा संजय शर्मा ही इस फर्जीवाड़े का सूत्रधार था। चूंकि नाबालिग किसी जमीन को बेच या खरीद नहीं सकता, इसलिए बच्ची के नाम से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था। एसडीएम ने पूरे मामले में सब रजिस्ट्रार कार्यालय की मिलीभगत की ओर इशारा करते हुए डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। फर्जीवाड़े के लिए लगाए गए जन्म प्रमाण पत्र व अन्य पत्रावलियां भी भेजी थी। खड्डा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी मौसा को जेल भेज दिया है।

> खड्डा की नाबालिग लड़की की जमीन का फर्जवाड़ा कर बैनामा किया गया था। एसडीएम खड्डा की रिपोर्ट पर फर्जीवाड़े में शामिल सभी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> –एस राजलिंगम, डीएम

# उड़ीसा से लाया गया 53 किलोग्राम गांजा बरामद, पांच गिरफ्तार




पकड़े गए गांजा तस्करों के बारे में जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल • जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर):** उड़ीसा से कुशीनगर लाया गया गांजा सोमवार को बिहार बार्डर इलाके से बरामद हुआ। तरयासुजान पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने फोरलेन पर यह बरामदगी कर पांच तस्करों को पकड़ा। तस्कर पिट्ठू बैग में गांजा छिपाकर रखे थे। इसकी आपूर्ति जनपद के अलग-अलग जगहों पर होनी थी।

- **पिट्ठू बैग में छिपा कर रखी गई थी गांजे की खेप**
- **जिले में अलग-अलग जगहों पर होनी थी आपूर्ति**

एसपी ने पत्रकारों को बताया कि तरयासुजान पुलिस व स्वाट टीम सुबह माधोपुर बुजुर्ग के पास गश्त पर थी। तभी बिहार से जिले में गांजे की खेप लाए जाने की जानकारी हुई। इस पर बिहार की तरफ से आई बस को रोक यात्रियों की तलाशी ली गई तो पांच युवकों के पिट्ठू बैग में प्लास्टिक के बंडल में रखा गांजा मिला। बरामद गांजे का वजन 53 किलोग्राम था। टीम ने युवकों को हिरासत में ले लिया।

उनकी पहचान हरेंद्र गोसाई निवासी रूपही ठाड़ थाना रेहड़ा जिला पश्चिमी चंपारण, पप्पू राजभर व विश्वनाथ निवासी शहर व थाना कटया बाजार जिला गोपालगंज बिहार तथा धर्मेंद्र कुशवाहा निवासी चौतार बोधीछपरा थाना हनुमानगंज व कमलेश कुशवाहा निवासी पड़री पिपरपाती थाना जटहाबाजार जिला कुशीनगर के रूप में हुई।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने स्वीकारा है कि उड़ीसा से गांजे की खेप पश्चिमी चंपारण लाई गई। वहां प्लास्टिक के छोटे छोटे बंडल में पैक कर पिट्ठू बैग में छिपाया गया।

वहां से विभिन्न माध्यमों से यहां तक पहुंचे। यहां से जिले में अलग-अलग जगहों पर इसकी आपूर्ति होनी थी। एसपी ने बताया कि तस्करों से मिली जानकारी के आधार पर जल्द ही इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा। पुलिस टीम में निरीक्षक कपिलदेव चौधरी, राजप्रकाश सिंह, दारोगा मुबारक अली आदि शामिल रहे।

# गायब किशोर तिनफेडिया रेलवे स्टेशन से बरामद

**तरयासुजान :** रामपुर बंगरा से गायब किशोर सोमवार को तिनफेडिया रेलवे स्टेशन से बरामद हुआ। पुलिस ने उसे स्वजन को सौंप दिया है। 24 जून की सुबह आठ बजे 12 वर्षीय अंकित गुप्ता उर्फ कल्लू घर से गायब हो गया था। दो दिन स्वजन ने काफी खोजबीन की। जब कोई पता नहीं चला तो पुलिस को बच्चे की मां अंतिमा देवी ने तहरीर दीं। किशोर ने बताया कि मां की डांट व मारने की धमकी से डरकर ट्रेन से गोरखपुर चला गया था। (जासं)

# इंटरनेट मीडिया पर असलहा के साथ युवक का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा:** नत्था पट्टी गांव के पूर्व प्रधान के पुत्र को अवैध असलहे के साथ अपना वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल करना महंगा पड़ गया। सोमवार को पटहेरवा पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीते शुक्रवार से इंटरनेट मीडिया में पूर्व प्रधान सरयू यादव के पुत्र नितेश यादव की दो वीडियो क्लिप वायरल हो रही थी। गांव के ही एक युवक ने इन तस्वीरों व वीडियो को एडीजी व पुलिस अधीक्षक को भेजकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इसका संज्ञान लेते हुए युवक को फरेंदहा गांव के पास से 315 बोर के अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।




असलहा के साथ युवक का वायरल फोटो।
● सौ.इंटरनेट मीडिया

# प्रधान सहित चार पर मारपीट का मुकदमा

**नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के जंगल जगदीशपुर में बीते दिनों हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को प्रधान सहित चार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। गांव के होसिला यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते 19 जून को कोटे की दुकान के लिए हुए चुनाव के दौरान वोट मांगने पर प्रधान ने मारपीट की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रधान हरिलाल प्रजापति, अवधेश प्रजापति, मंटू व सोनू कुशवाहा के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

प्रधान ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे एक पक्षीय बताया है। एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि प्रधान की तरफ से भी तहरीर मिली है, जांच कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा।

# ताला तोड़कर जनसेवा केंद्र में चोरी

**जासं, रामपुर बुजुर्ग :** हाटा कोतवाली के मोतीपाकड़ श्रीकांत में रविवार रात जनसेवा केंद्र में चोरी की घटना हुई। संचालक ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी। हाटा नगर पालिका के सरोजनी नगर मोतीपाकपड़ वार्ड श्रीकांत के अभय प्रजापति मोहल्ले में ही गौरी बाजार मार्ग पर जनसेवा केंद्र तथा बड़ौदा यूपी बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं।

रविवार शाम को दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार को सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर का ताला टूटा था तथा प्रिंटर, लैपटाप, इंवर्टर आदि गायब था। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को ऊपर की तरफ घुमा दिया गया था। डायल 112 की टीम ने दुकान का निरीक्षण किया। कोतवाल राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक समस्या समाधान पर उतरा नीचे

**जागरण संवाददाता गौरीश्रीराम, कुशीनगर :** विशुनपुरा के गौरीश्रीराम में हनुमान मंदिर के सामने उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक युवक मोबाइल फोन के टावर पर चढ़कर कूदने की धमकी देने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक टीम ने काफी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा। विवादित भूमि की पैमाइश कराकर समस्या का समाधान कराया।

टावर पर चढ़े बरवापट्टी के गौरीशुक्ल के जितेंद्र यादव का आरोप है कि उसकी भूमि पर एक व्यक्ति मकान का निर्माण कर रहा है। प्रशासन सुनवाई नहीं कर रहा है। थाने पर शिकायत करने पर स्वजन सहित उसका धारा 151 में चालान कर दिया गया। युवक ने आरोप लगाया कि उसे मामले में तहसील व पुलिस प्रशासन से न्याय नहीं मिल रहा। इससे परेशान होकर वह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर है। मौके पर जुटी भीड़ उसे नीचे उतरने के लिए मनाती रही, लेकिन वह जिद पर अड़ा रहा। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने कई घंटे प्रयास किया लेकिन युवक टावर से नीच नहीं उतरा। उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगा। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम व्यास



गौरीश्रीराम गांव में टावर पर चढ़ा जितेंद्र यादव • जागरण

नारायण उमराव को देख युवक स्वयं टावर से नीचे उतरा और अपनी समस्या बताई। राजस्व व पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने विवादित भूमि की पैमाइश कराकर युवक को भूमि पर कब्जा दिलाकर समस्या का समाधान कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष विशुनपुरा नरेन्द्र प्रताप राय, एसआइ विमलेश कुमार गुप्ता, अभिषेक यादव, सिपाही नितिश कुमार, विजय कुमार, लेखपाल पूजा प्रजापति, राजन राय, अर्जुन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# पांच पर ब्लैकमेल करने का मुकदमा

**जासं. पडरौना:** सीएचसी कुबेरस्थान में तैनात स्टाफ नर्स गिरीजा की तहरीर पर नगर कोतवाली में दो नामजद समेत पांच लोगों के विरुद्ध ब्लैकमेल करने सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। स्टाफ नर्स ने तहरीर में कहा है कि तीन चार दिन पहले एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उनसे संबंधित वीडियो व फोटो अपने पास होने धमकी दे रुपये की मांग की। वीडियो में तीन माह पूर्व आवास पर आई महिला मरीज के बारे में बातचीत शामिल है। महिला ने बताया है कि बीते रविवार को वह अपने पति व दो बेटियों संग पडरौना इलाज कराने गई थी। लौटते समय ब्लाक के सामने आरोपितों ने रोका और जान की धमकी दी।

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, रामकोला:** इलाके में 20 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती ने सोमवार को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घटना सात सितंबर 2021 की है। आरोपित रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा कि घटना वाले दिन में शाम चार बजे युवती घर में सो रही थी। इस बीच उसे अकेले देख रिश्तेदारी में आए युवक ने दुष्कर्म किया। जबकि उसके साथ रहे दूसरे युवक ने युवती की अश्लील वीडियो बना ली।

आरोप है कि वीडियो के जरिये डरा-धमकाकर आरोपित युवती का शोषण करता रहा। युवती जब युवक से शादी के लिए दबाव बनाई तो वह उसे जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

युवक की करतूत से परेशान युवती ने सोमवार को इसकी जानकारी स्वजन को दी। पीड़िता को लेकर स्वजन थाने गए। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित रमेश व अखिलेश निवासी पोखरभिंडा थाना गौरीबाजार जिला देवरिया के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। देर शाम को पुलिस ने रमेश को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने बताया कि मामला काफी पुराना है। तहरीर मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार दूसरे आरोपित को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, फोटो व वीडियो वायरल

**जासं, नेबुआ-नौरंगिया:** इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित ने युवती की वीडियो व फोटो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दी है। युवती की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शादी का झांसा देकर गांव का ही युवक, युवती से संबंध बना लिया। उसने युवती की अश्लील वीडियो बना लिया तथा फोटो भी खींच लिया। वीडियो व फोटो के माध्यम से वह युवती को ब्लैकमेल करने लगा। इधर युवती के घर वालों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी। युवक को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने लड़के वालों का नंबर पता कर वीडियो व फोटो उन्हें भेज दिए। इस वजह से युवती की शादी टूट गई। जानकारी होने पर युवती के स्वजन जब युवक के घर शिकायत करने गए तो गांव के लोग बीच-बचाव कर मामले को गांव में ही हल करने पर जोर देने लगे। गांव की पंचायत ने युवक पर 47 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। मगर युवती युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़ी रही। सोमवार को थाने में उसने तहरीर दी। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

रामकोला। थाना क्षेत्र की एक युवती ने सामूहिक दुष्कर्म और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का मुकदमा दो युवकों के खिलाफ दर्ज कराया। युवती की सूचना पर सक्रिय पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे युवक की तलाश में पुलिस लगी है।

युवती ने दी गई तहरीर में बताया कि देवरिया जिले के दो युवक उसके घर पहुंचे। दोनों ने उसके साथ रेप किया। आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए कई दिनों तक उत्पीड़न किया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके पुलिस ने आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी।

सोमवार को पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। उसके साथी की तलाश जारी है। एसएचओ नीरज राय ने बताया कि वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला पुराना है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई। संवाद

# 53 किलो गांजा के साथ पांच गिरफ्तार

## थाना तरयासुजान और स्वाट की संयुक्त टीम को मिली सफलता

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** थाना तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर माधोपुर बुजुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप एनएच 28 के समीप सोमवार की भोर में सवारी टेंपो से 53 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद गांजा की कीमत आठ लाख रुपये है।

सोमवार को एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस लाइंस सभागार में तस्करों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम ने माधोपुर बुजुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप एनएच 28 के समीप सवारी टेंपो की जांच की। इस दौरान अलग-अलग बैग में पैकेट बनाकर रखे गए 53 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गांजा तस्कर ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए गांजे का एक- एक किलो का छोटा-छोटा पैकेट बनाकर प्लास्टिक के बंडल में रखा गया था। सहूलियत के लिए पुलिस के बचने के लिए सवारी गाड़ी में बैठ गए थे। इसकी भनक भी टेंपो चालक को नहीं लगी। गांजा तस्करों की पहचान हरेंद्र गोसाई निवासी थाना रेहड़ा जिला चंपारण, पप्पू राजभर निवासी थाना कटया बाजार जिला गोपालगंज, विश्वनाथ निवासी थाना कटया बाजार जिला गोपालगंज, धर्मेंद्र कुशवाहा निवासी चौतार बोदीछापर थाना हनुमानगंज जिला कुशीनगर, कमलेश कुशवाहा निवासी पड़री पिपरपाती थाना जटहा बाजार जिला कुशीनगर के रूप में हुई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में तरयासुजान के एसओ कपिल देव चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस सभागार में गांजा तस्करों की जानकारी देते एसपी। संवाद

### जून को बरामद हुआ था 21 लाख का गांजा

13 जून को थाना तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर माधोपुर बुजुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप एनएच 28 के समीप पिकअप-बोलेरो से तस्करी के लिए ले जाए रहे 140 किलो गांजा जिसकी कीमत तकरीबन 21 लाख की बरामदगी की थी। 25 मई को तरयासुजान थाने की पुलिस ने 51 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के गिरोह के पांच गुर्गों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो बाइक भी मिली थी।

गांजा की खेप बरामद की गई है। इस रैकेट से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही कुछ और लोग भी पकड़े जाएंगे। - **धवल जायसवाल, एसपी, कुशीनगर**

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

पटहेरवा। पुलिस ने सोमवार की भोर में क्षेत्र के फरेंदहा गांव के पास से तमंचे और दो कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक फरेंदहा गांव के गेट के पास दिखा। उसे रोकने पर वह भागने लगा। पुलिस ने जब उसे पकड़कर जांच की तो उसके पास से तमंचे व दो कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक की पहचान नितेश यादव निवासी नाथपट्टी के रुप में हुई है। संवाद

# लेनदेन में सतर्कता बरतने की सलाह



**पटहेरवा।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार को बाजार के पंजाब नेशनल बैंक व बड़ौदा यूपी बैंक और सहज जनसेवा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसमें पुलिस ने लेनदेन में गोपनीय रखने और सतर्कता बरतने की सलाह दी। एसएचओ अखिलेश सिंह ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में चोरी समेत अन्य आपराधिक घटनाएं रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें लोगों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस टीम के साथ पंजाब नेशनल बैंक व बड़ौदा यूपी बैंक सहित क्षेत्र के अन्य बैंकों और सहज जन केंद्रों की जांच कर लोगों से पूछताछ की और लेनदेन करने वाले लोगों से पूरी सतर्कता बरते और सहज जनसेवा केंद्र संचालकों से सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया। संवाद

# ग्राम प्रधान समेत चार पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**पिपरा बाजार।** जंगल जगदीशपुर गांव के एक व्यक्ति ने ग्राम प्रधान पर मारपीट का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने प्रधान सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा किया है। वहीं, प्रधान ने भी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नेबुआ नौरंगिया थाना के जंगल जगदीशपुर गांव में 19 जून को गांव के बाहर नहर के पास एक गन्ने के खेत में बकरी चरने चली गई। इसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष को समझा-बुझाकर शांत करा दिया। इसमें ग्राम प्रधान हरिलाल प्रजापति ने बकरी से फसल चराने के विरोध करने पर मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। इस मामले के विपक्षी होसिला यादव की तरफ से कोटा के चुनाव में वोट मांगने को लेकर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। होसिला की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान हरिलाल प्रजापति, अवधेश प्रजापति, मंटू और सोनू कुशवाहा के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि आरोप है कि पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया एसओ गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रधान की तरफ से तहरीर दी गई है।

## प्रधान ने भी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-06-2022

# एक पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**सिन्दुरिया (एसएनबी)**। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनापुर निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध 3/4 गुंडा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया। इस बावत सिन्दुरिया थानाध्यक्ष ने कहा कि सिन्दुरिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनापुर निवासी टुन्नू शर्मा के विरुद्ध 3/4 गुण्डा अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालानी रिपोर्ट न्यायालय प्रेषित किया गया।

# 322 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवंअपराधियों परप्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 322 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 13 वाहनों से 9000 ₹शमन शुल्क वसूल किया। **शांतिभंग की आशंका में 27 गिरफ्तार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में कुल 27 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया। **90 लीटर कच्ची शराब बरामद :** जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 11 व्यक्ति के कब्जे से 90 लीटर कच्ची व 32 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# एनडीआरएफ टीम ने किया मॉक ड्रील

**पुरन्दरपुर (एसएनबी)**। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौहरपुर में आज सोमवार को दिन में एनडीआरएफ गोरखपुर की टीम इंस्पेक्टर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही एनडीआरएफ की टीम ने आपदा मित्र के साथ मिलकर संयुक्त रुप से ग्रामीणों को बाढ़ जैसी आपता से बचाव के उपायो का बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानी और किये जाने वाले उपाय की जानकारी मार्क ड्रील दिखाकर दिया गया।




क्षेत्र के दर्जनों युवको को आपदा मित्र के लिए नियुक्त किया गया। उन्हीं लोगों को बताने के लिए केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गोरखपुर टीम के इंस्पेक्टर कानाराम के नेतृत्व में बाढ़ क्षेत्र गौहरपुर में प्राकृतिक आपदा के दौरान लोगों को जान माल की तत्काल रक्षा के बारे में तकनीकी जानकारी दी गयी। एनडीआरएफ चार सदस्सीय टीम ने गौहरपुर में मार्क ड्रील किया। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में कैसे प्रबन्धन करना है इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान एनडीआरएफ लखनऊ से 12 दिवसीय प्रशिक्षण करके आये आपदा मित्र टीम भी मौजूद रही। एनडीआरएफ टीम में सर्पदंश,बाढ़ से बचाव, हार्टअटैक के अलावा अन्य विषय में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान नौतनवा तहसीलदार,हल्का राजस्व लेखपाल, गौहरपुर प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र चौधरी,अर्जुन जायसवाल, बालेदीन, महेन्द्र,लालसा, रामआशीष, विनोद, मनोज, कमलेश, अजय, हरिओम,हरीलाल, प्रद्युम्न समेत दर्जनों आपदा मित्र उपस्थित रहे।

# हेरोइन बरामदगी के मामले में सश्रम कारावास

**महराजगंज (एसएनबी)**। सोनौली क्षेत्रान्तर्गत कैलाश नगर तिराहे पर राज कुमार पुरी के पास से वर्ष 2021 में 26 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद किया गया था। इस मामले में दोषी पाये जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश सत्र नं. 1 कमलेश्वर पाण्डेय ने राज कुमार पुरी के विरुद्ध धारा 8/22 (बी) व 8/23 (बी) के तहत एक वर्ष छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही ₹ दस हजार के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

# 77900 बरामद, चोर गिरफ्तार

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर चौकी अन्तर्गत हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 12 घण्टे के अन्दर ही शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके कब्जे से चोरी का 77900 ₹ व टीन का बाक्स बरामद कर लिया। पकड़े गये आरोपी कोपुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर चौकी अन्तर्गत सीतापुर जिले का शमशाद नामक व्यक्ति किराये के मकान में रहता है। साथ ही वह फेरी लगाता है। 26 जून को लोहिया नगर निवासी आशुतोष यादव उसके किराये के मकान में घुस कर 77900 ₹ व टीन का बक्सा चुरा लिया। इस मामले मेंशमशाद की तहरीर पर पुलिस ने भादंवि की धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर 12 घण्टे के अन्दर ही आरोपी को चिउरहा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर 77900 ₹ व टीन का बाक्स बरामद कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी अजित प्रताप सि ंह , उप निरीक्षक प्रवीन प्रताप सिं ह, आरक्षी, प्रह्लाद यादव, नीरज यादव, राजेश यादव व अजय शर्मा शामिल रहे।

# चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

महराजगंज। शहर के लोहियानगर वार्ड में बीते 25 जून की रात में एक फेरी वाले के कमरे में चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक आरोपित गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से पुलिस चोरी का बाक्स व 77 हजार 900 रुपया बरामद कर ली है। आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक सीतापुर जनपद का रहने वाला शमशाद शहर में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करता है। लोहिया नगर में किराया पर कमरा लेकर उसी में रहता था। फेरी से कमाकर 80 हजार रुपया के घर के अंदर बाक्स में रखा था। 25 व 26 जून की रात में बाक्स को ही चोर उठा ले गए। लेकिन यह घटना एक सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। उसमें बाक्स ले जाते हुए आरोपित दिख रहा था।

# एनडीआरएफ ने आपदा को लेकर किया जागरूक

**लक्ष्मीपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौहरपुर में सोमवार को एनडीआरएफ गोरखपुर की टीम इंस्पेक्टर काना राम के नेतृत्व में ग्रामीणों को जागरूक किया।

बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व किए जाने वाले उपायों की जानकारी देने के साथ ही उसका माकड्रिल कर बताया गया। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एनडीआरएफ गोरखपुर टीम के इंस्पेक्टर काना राम के नेतृत्व में बाढ़ क्षेत्र गौहरपुर में प्राकृतिक आपदा के दौरान लोगों की जान-माल की तत्काल रक्षा के बारे में तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान एनडीआरएफ लखनऊ से 12 दिवसीय प्रशिक्षण करके आये आपदा मित्र टीम भी मौजूद रही। एनडीआरएफ टीम ने सर्पदंश, बाढ़ बचाव, हार्ड अटैक के अलावा अन्य विषय मे लोगों को जानकारी दी गयी। इस दौरान नौतनवा नायब तहसीलदार उत्कर्ष श्रीवास्तव, हल्का राजस्व लेखपाल धर्मेन्द्र पाण्डेय, रवि प्रताप शुक्ला गौहरपुर प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र चौधरी, अर्जुन जयसवाल, बालेदीन, महेंद्र, लालसा, राम आशीष, विनोद, मनोज, कमलेश, अजय, हरिओम, हरिलाल, प्रदुमन, समेत दर्जनों आपदा मित्र व ग्रामीण मौजूद रहें।

## अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह, जिलाध्यक्ष के घर पर रही पुलिस की निगरानी

# कांग्रेसियों के सत्याग्रह पर पुलिस का पहरा

महराजगंज, निज संवाददाता। अग्निपथ योजना के विरोध में जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों का सत्याग्रह सोमवार को पुलिस की घेराबंदी से बाहर नहीं निकल पाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह और सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भिटौली बाजार स्थित जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंच गए।

सुबह 10 बजे से शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने के लिए निकलते समय ही सदर एसडीएम मोहम्मद जसीम, सीओ अजय सिंह चौहान भारी पुलिस बल के साथ जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं को रोक लिया। ऐसे में पुलिस के पहरा के चलते कांग्रेसी जिलाध्यक्ष घर से बाहर नहीं निकल पाए। इस दौरान प्रभारी सदर कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि धारा 144 लागू है। घर से बाहर सड़क पर भीड़ के निकलने पर कार्यवाही होगी। पुलिस की सख्ती देख कांग्रेसी कार्यकर्ता भी जिलाध्यक्ष के आवास से बाहर नहीं निकल पाए।

जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने बताया कि अग्निपथ योजना मौजूदा सरकार समस्याओं का समाधान किए बिना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नई समस्याएं पैदा करेगी।

अग्निवीरों के लिए छह महीने प्रशिक्षण की अल्प अवधि का हमारे सशस्त्र बलों की गुणवत्ता, दक्षता और प्रभावशीलता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कहा कि मोदी सरकार ने एक रैंक एक पेंशन का वादा किया था। लेकिन अब इरादा बदल गया है। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना सेना में ठेके पर सैनिकों की भर्ती की योजना है। केन्द्र सरकार ने जिस तरह किसान बिल को वापस ली उसी तरह अग्निपथ योजना को भी वापस लेना पड़ेगा। नहीं तो जनपद, राज्य सहित पूरे देश में आंदोलन और तेज होगा।

इस अवसर पर गोपाल शाही, रामा प्रसाद, विनोद सिंह, नूर आलम, अकिल शेख, गुड्डू शुक्ल, आनन्द कन्नौजिया, घनश्याम मिश्र, अशुतोष त्रिपाठी, राजेश कुमार शुक्ल, नीरज नयन सिंह, घनश्याम वर्मा, अनूप कुशवाहा, जय प्रकाश दुबे, तेज बहादुर पांडेय, नंदेश्वर मिश्र आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने अग्निपथ योजना के विरोध में भिटौली बाजार स्थित आवास पर प्रदर्शन किया। • हिन्दुस्तान



सोमवार को अग्निपथ के विरोध में सत्याग्रह को रोकने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष के घर पर डटे सदर एसडीएम मो. जसीम व सीओ अजय चौहान। • हिन्दुस्तान

## विधायक भी घर से बाहर नहीं निकल पाए

फरेंदा। फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व मे सोमवार को फरेन्दा कस्बे के आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष अग्निपथ के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन को भी स्थानीय पुलिस ने रोक लिया। फरेन्दा एसडीएम राम राजीव मौर्य और सीओ कोमल प्रसाद मिश्र के नेतृत्व फरेन्दा, पुरन्दरपुर एवं बृजमनगंज थाने की पुलिस फोर्स फरेन्दा विधायक वीरेन्द्र चौधरी के आवास ग्राम सिहपुर अयोध्या में पहुंच घर घर से निकलने के पहले ही रोक लिया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार युवाओं के साथ छल कर रही है. अग्निपथ जैसी योजना युवाओं के लिए ठीक नहीं है। वहीं दूसरी तरफ विधायक के समर्थकों ने आंबेडकर तिराहे पर सभा कर अग्निपथ के विरोध में युवाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर हृदय पांडेय, रवि श्रीवास्तव, विनय तिवारी, चुन्नू दुबे, कुंज बिहारी, विजय मिश्र, राजन शुक्ला, अरविंद यादव, विनीत मणि आदि मौजूद रहे।

# मादक पदार्थ मामले में डेढ़ साल की सश्रम कैद

महराजगंज, निज संवाददाता। सोनौली कोतवाली के कैलाशनगर तिराहे 26 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामदगी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय की अदालत ने अभियुक्त राजकुमार पुरी को दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ एक वर्ष छह माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। दस हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

पत्रावली में दर्ज साक्ष्यों के मुताबिक वर्ष 2021 में सोनौली कोतवाली के तत्कालीन एसआई यशवंत किर्णेन्द्र चौधरी ने हमराहियों के साथ कुनसेरवा तिराहे पर वाहन जांच कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कैलाशनगर तिराहे पर एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ हेरोइन है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध को पकड़ ली। पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार पुरी बताया। वह सोनौली वार्ड नंबर दो शंकर गली का रहने वाला है। तलाशी में उसके पास से 26 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन मिला।

विवेचना के बाद एसआई रितेश कुमार रॉय ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय ने गवाहों का साक्ष्य अंकित कराकर सजा की मांग किया। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर राजकुमार पुरी को एक साल छह माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाया। दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

# सीओ ने बैंकों एवं एटीएम का निरीक्षण

**जासं, निचलौल:** सीओ सुनील दत्त दुबे ने सोमवार को उपनगर के बैंकों, पोस्ट आफिस, का निरीक्षण कर वहां का हाल जाना। उन्होंने इस दौरान मौजूद लोगों से बातचीत कर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपों एवं बड़े व्यापारियों के कैश जमा कराने के लिए पुलिस बल को निर्देशित किया गया है। कहा कि संदिग्ध लोगों की सूचना पुलिस को अवश्य दें।

## 17 शीशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज:** घुघली पुलिस ने नगर पंचायत घुघली निवासी मोनू के पास से 17 शीशी शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं)

## 10 लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज:** चौक पुलिस ने सोमवार को सोहगौरा निवासी नर्वदा के पास से 10 लीटर कच्ची बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपिता के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं)

## 322 वाहनों का हुआ चालान

**महराजगंज :** यातायात नियमों के उल्लंघन में सोमवार को पुलिस ने जिले के कुल 322 वाहनों का चालान किया है। साथ ही 13 वाहन चालकों से नौ हजार रुपये जुर्माना भी वसूल किया है। (जासं)

## शांतिभंग में 27 लोगों का हुआ चालान

**महराजगंज :** शांति व्यवस्था को लेकर सोमवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में 27 लोगों को शांतिभंग मामले में चालान भेज दिया है। (जासं)

## गुंडा एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**जासं, महराजगंज:** सिंदुरिया पुलिस ने मोहनापुर निवासी आरोपित टुन्नू शर्मा के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि आरोपित के ऊपर कई मामले दर्ज थे, गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# चोरी के सामान के साथ आरोपित गिरफ्तार

**लोहियानगर वार्ड में शनिवार की रात हुई थी चोरी ,सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई गिरफ्तारी**

**जासं, महराजगंज** : लोहियानगर में किराए पर रह रहे पटरी व्यवसायी शमशाद के घर में शनिवार की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपित को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।

प्रभारी कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि पटरी व्यवसायी शमशाद ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान लोहियानगर निवासी आशुतोष यादव के रूप में हुई। उसे सोमवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के पास से चोरी का बाक्स और 77900 रुपये नकद बरामदगी किए गए। उपनिरीक्षक प्रवीन सिंह, आरक्षी प्रहलाद यादव, नीरज यादव, राजेश और अजय शर्मा शामिल रहे।

# किशोरी को भगाने के मामले में दो पर मुकदमा

सिंदुरिया : थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को घर से भगाने के मामले में सिंदुरिया पुलिस ने मुख्य आरोपित व एक सहयोगी के विरुद्ध साजिश व अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई युवती के पिता की तहरीर पर की गई है। (जासं)

# पिस्टल लहराने वाले पूर्व प्रधान के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, महराजगंज:** ठूठीबारी के किशुनपुर गांव में गुरुवार को दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान पूर्व ग्राम प्रधान अभय शंकर उर्फ बबलू सिंह द्वारा असलहा लहराने का वीडियो वायरल मामले में एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने जिस असलहा को लाइसेंसी रिवाल्वर बताकर आठ लोगों का चालान और लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी थी, दरअसल वह रिवाल्वर नहीं बल्कि पिस्टल थी। वायरल वीडियो की जांच के बाद पिस्टल मामले में ठूठीबारी पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार की दोपहर में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुए 31 सेकेंड के वीडियो में दो पक्षों में विवाद के दौरान पूर्व ग्राम प्रधान हाथ में असलहा लेकर दिखाई पड़ रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू की और पूर्व ग्राम प्रधान अभय शंकर उर्फ बबलू सिंह समेत आठ लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की थी। असलहा के संबंध में पूछताछ के दौरान पूर्व ग्राम प्रधान ने उसे अपने सहयोगी मनोज का लाइसेंसी रिवाल्वर बताया था, जिसे पुलिस ने बरामद करते हुए उसका लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की थी। इधर पुलिस ने वायरल वीडियो को जांच के लिए भी भेजा था, जिसकी रिपोर्ट आने पर वायरल वीडियो में असलहे की पहचान बिना लाइसेंस के पिस्टल के रूप में हुई।

# ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर निपटाए जाएंगे मामले

**नौतनवां।** ग्राम समाधान दिवस के तहत 1 जुलाई से तहसील क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय अधिकारियों द्वारा रोस्टर के अनुसार बैठक कर विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं आदि से संबंधित मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया जाएगा।

तहसीलदार मुकेश सिंह ने बताया कि ग्राम स्तर पर राजस्व एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आने वाले मामलों को देखते हुए जिलाधिकारी ने एक पहल की शुरुआत की है। इसके तहत लाभार्थीपरक योजनाओं के समाधान के लिए दिवसवार संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीट पुलिस कांस्टेबल सहित अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारी रोस्टर के अनुसार गांव में बैठक करेंगे। इस दौरान विकास कार्यों, पेंशन, राजस्व तथा अन्य योजनाओं आदि से संबंधित आवेदनों का निस्तारण मौके पर ही कराएंगे। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-06-2022

## चोरी के सामान संग दो बाल अपचारी दबोचे

बस्ती। छावनी थाने के पचवस के रक्षाराम ने तहरीर में बताया है कि रविवार को उनकी दुकान से दो अपचारी दो सीटी कवर, हैंडल आदि सामान चोरी कर भाग रहे थे। दोनों को सामान व बाइक समेत पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों पर केस दर्ज कर लिया है। परसरामपुर पुलिस ने परसहवा कविशाल की तहरीर पर श्रृंगीनारी मंदिर से बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज किया है।

## मासूम से दुष्कर्म के प्रयास में गिरफ्तार

बढ़नी। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी कस्बे के एक मोहल्ले में रबर-पेंसिल देने के बहाने अपने घर पर बुलाकर सात वर्षीय मासूम से दुष्कर्म करने का प्रयास करने के आरोपित शिक्षक को ढेबरुआ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने रबर-पेंसिल देने के बहाने अपने रूम पर बुलाकर दुष्कर्म का प्रयास किया था।

## बाइक की चपेट में आने से मौत

चिल्हिया। चिल्हिया के बरगदवा-साहा मार्ग पर पकड़ी गांव के पास सड़क पर खेल रही ढाई वर्षीय मासूम बच्ची बाइक की चपेट में आ गई। गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। रविवार शाम साढ़े सात बजे पकड़ी गांव निवासी प्रदीप यादव की मां विंद्रावती देवी अपनी पोती पल्लवी को लेकर खेत में धान की नर्सरी देखने गई थीं।

# वेतन भुगतान को लेकर दी धरने की चेतावनी

**शिक्षक संघ**

**बस्ती, निज संवाददाता।** जनपद के 17 माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह के नेतृत्व में सोमवार को डीआईओएस डीएस यादव से मिला। शिक्षक प्रतिनिधियों ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा की मई व जून का वेतन भुगतान समय से नहीं किया गया तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में कभी भी डीआईओएस कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

डीआईओएस ने कहा कि हम शिक्षकों की कठिनाइयों से अवगत हैं। मई व जून का वेतन एक साथ निकालने के लिए संबंधित पटल सहायक को निर्देश दे रहे हैं। तदर्थ शिक्षकों को लेकर तकनीकी कारणों से वेतन रोका गया था, जिसका हल निकालने के लिए शिक्षा निदेशक माध्यमिक से मार्ग दर्शन मांगा गया है।



सोमवार को डीआईओएस डीएस यादव को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

शिक्षक नेता मारकंडेय सिंह ने कहा की वेतन न मिलने से शिक्षकों को कठिनाई हो रही है। उनके बच्चों की पढ़ाई, बैंक ऋण की अदायगी नहीं हो पा रही है। मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं के बकाया पारिश्रमिक भुगतान का मुद्दा उठाया। राम पूजन सिंह, अजय प्रताप सिंह, जय प्रकाश मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, दिग्विजय सिंह, फागू लाल गुप्ता, राम समुझ यादव, संदीप श्रीवास्तव, दिनेश शाही, आदित्य प्रताप सिंह, विशाल पांडेय, मनोज सिंह, शिव शंकर, विनोद वर्मा, गणेश कुमार पांडेय, अजीत सिंह, रवीश पांडेय, राम सूरत, प्रमोद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक सहित आठ कोरोना पॉजिटिव

- महिला अस्पताल में इलाज कराने आई पांच मरीज मिली संक्रमित
- मेडिकल कॉलेज के आधा दर्जन चिकित्सक हो चुके हैं संक्रमित

**बस्ती, निज संवाददाता।** मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक सहित आठ लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। जिला महिला अस्पताल में इलाज कराने आई पांच मरीज एंटीजन जांच में संक्रमित मिली हैं। मेडिकल कॉलेज के आधा दर्जन चिकित्सक अब तक पॉजिटिव हो चुके हैं।

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ने सोमवार को आरटीपीसीआर जांच कराई। देर शाम को मिली रिपोर्ट में वह पॉजिटिव मिले हैं। चिकित्सक का कहना है कि पूर्व में जो चिकित्सक पॉजिटिव मिले हैं, वह उनके संपर्क में थे। समस्या होने पर जांच कराई थी। अयोध्या में पढ़ाई कर रही परसरामपुर ब्लॉक के दुफेड़ी गांव की एक छात्रा कोराना पॉजिटिव मिली है। सर्जरी के लिए छात्रा ने अयोध्या में एक निजी पैथॉलोजी लैब में जांच कराई थी। गोरखपुर में रीजनल वैक्सीन स्टोर में तैनात साऊंघाट ब्लॉक के पुर्सिया गांव निवासी वरिष्ठ फार्मासिस्ट एंटीजन जांच में पॉजिटिव मिले हैं। उन्होंने सीएचसी पर एंटीजन जांच कराई थी। उनका कहना है कि बुखार आदि की समस्या होने पर उन्होंने जांच कराई थी। जिला महिला अस्पताल में हुई एंटीजन जांच में पांच मरीज पॉजिटिव मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि पॉजिटिव मिली महिलाओं की रिपोर्ट देर शाम तक पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से उनसे संपर्क नहीं हो सका था।

# रास्ते के विवाद में मारपीट में 13 लोगों पर मुकदमा

**फॉलोअप**

मुंडेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। जिले के मुंडेरवा-महादेवा मार्ग के किनारे स्थित बरम बाबा स्थान के बगल एक निजी स्कूल के रास्ते को लेकर शनिवार को दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने जमकर मारपीट हो गई थी। दोनों ही पक्षों के तरफ से मिली तहरीर के आधार पर मुंडेरवा पुलिस ने तेरह नामजद व एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मारपीट में पांच लोग घायल हुए थे।

रामपुर रेवटी निवासी रवींद्र सिंह उमा प्रताप हायर सेकेंड्री स्कूल चलाते हैं। इस विद्यालय के लिए रास्ते पर वे रविवार को मिट्टी का काम करवा रहे थे। रास्ते निर्माण की जानकारी होने पर बोदवल निवासी नवनीत सिंह और राकेश सिंह पहुंचे और पैमाइश होने के बाद ही कोई भी कार्य कराने की बात कही। आरोप है कि मारपीट में नवनीत सिंह और राकेश सिंह के सिर में गंभीर चोट आई थी। विवाद में रविन्द्र सिंह, उनके बेटे शैलेंद्र सिंह व बेटी प्रीती सिंह घायल हो गए थे। जय प्रकाश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्रताप नारायण सिंह, सत्येंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, नीशु सिंह, उमा देवी व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के वादी सर्वेश पुत्र प्रताप नारायण सिंह की तहरीर के आधार पर रमेश सिंह, वीरू सिंह, हिमांशु सिंह, जय सिंह, जयप्रकाश, नवनीत सिंह, जय सिंह, राकेश सिंह व दस अन्य अज्ञात निवासी बोदवल के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# पुलिस ने वारंटी को पकड़ा

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को वारण्टी आरोपी सुरेश प्रसाद निवासी पुरानी सब्जी मंडी रसूलनगर थाना पुरानी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# बाइक चोरी में अज्ञात पर केस

**बस्ती :** परशुरामपुर थाने के श्रृंगीनारी मंदिर परिसर से बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित विशाल वर्मा निवासी परसहवा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बाइक 14 जून को श्रृंगीनारी मंदिर परिसर से गायब हो गई थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# विवाद में तमंचे से फायर, सात पर मुकदमा

- पैकोलिया थाने के भैरोपुर गांव का है मामला
- गांव के लोग जब तक पहुंचे हमलावर धमकी देकर भाग निकले

**जासं, पैकोलिया, बस्ती:** पैकोलिया थाने के भैरोपुर गांव में सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे भूमि विवाद को लेकर गोली चलने का मामला सामने आया है। भैरोपुर गांव निवासी सीताराम पुत्र रामदौर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर उनके पट्टीदार जगदीश, शिवमूरत व राहुल पुत्रगण रामलौट, रामसिंह व रोहित पुत्रगण हृदयराम, शकुंतला पत्नी रामलौट, अमेरिका पुत्र रामधीरज ने एक राय होकर हाथ में लाठी-डंडा लेकर उनके परिवार पर हमला बोल दिया गया। जगदीश ने उनकी पत्नी वंदना को जान से मार डालने की नियत से देसी तमंचे से फायर कर दिया। गोली उनकी पत्नी के दाहिने पैर में पीछे की तरफ लगी, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनकी पत्नी की सोने की चेन, झुमकी व मोबाइल भी छीन लिया। शोर मचाने पर गांव के लोग जब बीच बचाव के लिए पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकल। घटना में उनकी भयहु संगीता व इंद्रावती को भी चोटें लगीं हैं। घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर भेजा गया है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध मारने-पीटने, हत्या के प्रयास, बलवा, छिनैती आदि की धारा में मुकदमा दर्ज मामले की छानबीन की जा रही है ।

## रहस्यमय परिस्थितियों में किशोरी गायब

**बस्ती:** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई है। परिजवारीनों ने काफी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। किशोरी के मामा ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उनकी भतीजी रविवार की शाम पांच बजे घर से निकली, लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के 23 लोगों पर केस

**जासं, मुंडेरवा, बस्ती :** मुंडेरवा-महादेवा मार्ग पर बोदवल बाजार के किनारे स्थित बरम बाबा स्थान के पास एक निजी स्कूल के रास्ते को लेकर शनिवार को दो पक्षों जमकर मारपीट हो गई थी। मामले में दोनों पक्षों की तरफ से दी गई तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजद सहित 23 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोगों को चोट आई है।

एक पक्ष के जयप्रकाश सिंह की तहरीर पर प्रताप नरायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सर्वेश सिंह, निशू सिंह, उमादेवी के अलावा दो अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

दूसरे पक्ष के सर्वेश सिंह की तहरीर पर रमेश सिंह, वीरू सिंह, हिमांशु सिंह, जय सिंह पुत्र शिवमूरत, जय प्रकाश, नवनीत सिंह, जय सिंह पुत्र रामराज, राकेश सिंह निवासीगण बोदवल व 10 अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक दिवाकर यादव को सौंपी गई है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बस्ती** : जामडीह शुक्ल निवासी पुष्पा शर्मा का आरोप है कि गांव के राजित राम शर्मा, उर्मिला देवी, पूजा, रोशनी व संजय ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके घर में घुसकर उनकी बेटी व पति को मारा पीटा। वहीं राजित राम शर्मा का आरोप है कि गांव के राधेश्याम शर्मा, प्रशांत, सुमित, कुलदीप व शालू ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें व उनके घरवालों को मारा पीटा। मारपीट से उनके सिर में गंभीर चोट आई और वे बेहोश हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# मिशन शक्ति के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**बस्ती :** एंटी रोमियो स्क्वाड बस्ती के साथ ही जिले के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम ने सोमवार को मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाया। इसमें महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीम बस्ती द्वारा थाना पुरानी बस्ती अंतर्गत भीड़भाड़ वाले स्थान रेलवे स्टेशन, मेंहदावाल रोड, बरदहिया चौराहा, हड़िया चौराहा, इटैलिया आदि जगहों पर भ्रमण कर संदिग्ध लोगों की चेकिंग की गई। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा और बचाव के लिए शासन द्वारा प्रदत्त हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181, 1076 आदि की जानकारी दी गई। (जासं)

# मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा

**बस्ती :** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ऐंटीडीह निवासी रामलौट ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने बेड़ा उजाड़ने के विवाद को लेकर 25 जून को उन्हें मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंगाराम पुत्र कल्पू, जगरानी पत्नी गंगाराम, रमेश पुत्र गंगाराम के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक जावेद खान को सौंपी गई है।

# मारपीट में मुकदमा

**बस्ती :** जगन्नाथपुर निवासी मुफीद अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गोपीनाथपुर बाजार में मीट काटने की बात को लेकर गांव के इसरार व इस्लाम ने अपशब्द कहा। विरोध करने पर मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं कलवारी थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव की रहने वाली नाजमा खातून का आरोप है कि आपसी विवाद को लेकर गांव की हसीना खातून समेत तीन लोगों ने उनकी बेटियों को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। (जासं)

# चोरी के सामान संग दो बाल अपचारी पकड़े गए

**बस्ती :** पचवस ओवरब्रिज के अंडर पास के निकट दो बाल अपचारियों को चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया है। पचवस निवासी रक्षाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके साइकिल की दुकान से दो बाल अपचारियों ने एक बोरी में दो सीट कवर, एक सीट रबर, एक पुराना ट्यूब, साइकिल की हैंडिल का 20 मुठिया, दो साइकिल का ताला व फ्राइविल निकालकर ले जा रहे थे। उन्हें पकड़ लिया गया। (जासं)

# हर्रैया में भी कांग्रेसियों ने विरोध जताया

**जासं, हर्रैया बस्ती:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हर्रैया विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने सोमवार को कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य नर्वदेश्वर शुक्ल के नेतृत्व में अग्निपथ योजना को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन हर्रैया के उप जिलाधिकारी न्यायिक अतुल आनंद को सौंपा हैं।

नर्वदेश्वर शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार सेना में भर्ती करने की पूर्व की योजना को निरस्त करके अचानक अग्निपथ योजना को लागू कर नौजवानों, बेरोजगारों एवं सैनिकों के हितों की अनदेखी कर रही है। वह तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाकर देश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की। देवी प्रसाद पांडेय, घनश्याम शुक्ला ने भी केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना की। इस मौके पर बबिता वर्मा, दयाशंकर पांडेय, तिलकराम, संतोष शुक्ला आदि थे।



हर्रैया तहसील पर ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता • जागरण

# अराजक तत्वों की करें शिकायत, मिलेगी मदद

संवाद न्यूज एजेंसी

## मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने महिला अपराधों के प्रति किया जागरूक

## क्षेत्र के गिधार गांव में पहुंची पुलिस टीम ने जगाई अलख

**रुधौली।** मिशन शक्ति फेस चार के तहत सोमवार को क्षेत्र के गिधार गांव में महिला पुलिस की टीम पहुंची। महिलाओं को प्रदेश पुलिस एवं सरकार के विभिन्न महिला अपराध नियंत्रण अभियानों के बारे में जानकारी देकर उन्हें महिला अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

उपस्थित महिलाओं को समझाते हुए महिला पुलिसकर्मी किरन सरोज ने कहा कि महिलाओं की शिकायत के त्वरित निस्तारण के लिए सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जहां महिलाओं की शिकायतें सिर्फ महिला पुलिस कर्मी सुनती हैं। उनके नाम व पता को गोपनीय रखते हुए उस पर शीघ्र कार्रवाई की जाती है। साथ पहुंचे आरक्षी सतीश यादव, महिला आरक्षी पूनम यादव व प्रियंका विश्वकर्मा ने महिला सशक्तीकरण अभियान कार्यक्रम के क्रम में सभी बच्चियों/छात्राओं एवं महिलाओं को सशक्तीकरण संबंधित बातों को बताया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 , वीमेन पावर लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, 108 एंबुलेंस सेवा, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 थाने का सीयूजी नंबर 9454403122 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया।

महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए अपील की गई एवं महिलाओं को मिशन शक्ति बुकलेट वितरित किया गया।

# चोरी के सामान संग दो बाल अपचारी पकड़े गए

**बस्ती।** छावनी थाने के पचवस निवासी रक्षाराम ने तहरीर देकर बताया है कि रविवार को उनकी दुकान से दो अपचारी दो सीटी कवर, हैंडल आदि सामान चोरी कर बाइक की तरफ बढ़ रहे थे। दोनों को सामान के साथ बाइक समेत पकड़ लिया गया। पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, परसरामपुर पुलिस ने परसहवा निवासी विशाल की तहरीर पर श्रृंगीनारी मंदिर से उनकी बाइक चोरी होने के मामले में केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

वाल्टरगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। लड़की के चाचा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उसकी भतीजी शाम पांच बजे घर से निकली लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज किया गया है। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में चार महिलाओं पर कार्रवाई

वाल्टरगंज। थाना क्षेत्र के भितिया इंदरजीत सिंह गांव की चार महिलाओं ने जमीन व बिजली कनेक्शन की बात को लेकर विवाद कर लिया। मामला थाने में पहुंचा तो दोनों पक्षों की महिलाएं थानाध्यक्ष के सामने ही विवाद करने लगीं। थानाध्यक्ष के समझाने के बाद भी दोनों पक्षों की महिलाएं नहीं मानीं। ऐसे में उनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में एक पक्ष की गायत्री तथा दूसरे पक्ष की डिंपी, सीमा पत्नी जितेंद्र, सीमा पत्नी इंद्रराज के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-06-2022

# नेपाल भेजी जा रही भारतीय खाद

जासं, सिद्धार्थनगर: भारत नेपाल सीमा के ककरहवा बार्डर पर एक बार फिर खाद की तस्करी तेज हो गई है। साइकिल, बाइक, बग्घी, टेंपो, ई-रिक्शा आदि पर खाद को लादकर तस्कर उसे नेपाल पहुंचा रहे हैं। बार्डर के पास इसे पूरे दिन एकत्र किया जाता है, फिर रात में इसे नेपाल की सीमा में भेज दिया जाता है। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां भी खाद तस्करी को रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। सीमा को जोड़ने वाले पगडंढ इनके लिए मुफीद साबित हो रहा है।

नेपाल में खाद की तस्करी होने से भारतीय बाजारों में भी खाद की कालाबाजारी शुरू हो गयी है। भारतीय क्षेत्र में भंडारण करते हुए खाद को तस्कर बड़ी चतुराई से रात के अंधेरे में सुरक्षा एजेंसियों के आंखों में धूल झोंक करके खाद सीमा पार भेज देते हैं। जहां तस्कर खाद का मोटा रकम वसूल करते हैं। भारत में यूरिया खाद की सरकारी कीमत 266 रुपये है। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि बार्डर पर तस्करी रोकने के लिए सीमा क्षेत्र से जुड़े पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं।



नेपाल बार्डर पर खाद लेकर जाता वाहन

# हर पीड़ित को न्याय दिलाना प्राथमिकता : पुलिस अधीक्षक

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने रविवार की देर शाम कार्यभार संभाल लिया। सोमवार को उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। बार्डर पर तस्करी रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले दिन जनसुनवाई में जमीन विवाद के सर्वाधिक मामले आए हैं, वह राजस्व अधिकारियों से वार्ता कर इसके समाधान कराएंगे।

एसपी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे। अपराध पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के लिए कठोर कदम उठाया जाएगा। पीड़ितों को न्याय, शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि वह 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। जो मूलतः गाजीपुर जिले के रहने वाले हैं। इसके पहले वे लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी के पद पर तैनात थे। मुरादाबाद में बतौर एसपी सिटी ,प्रयागराज में एएसपी पद पर कार्य कर चुके हैं।

उन्होंने इलेक्ट्रिक से बीटेक किया है। आइपीएस बनने के पहले वे टाटा स्टील कंपनी में नौकरी करते थे। इस दौरान भी उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी। 2016 में आईपीएस में चयनित हुए।



पुलिस लाइन सभागार में वार्ता करते एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

- **2016 बैच के आइपीएस हैं अमित कुमार आनन्द**
- **आइपीएस बनने से पहले टाटा स्टील कंपनी में थे कार्यरत**

पुलिस अधीक्षक के रूप में बुद्ध भूमि सिद्धार्थनगर उनका पहला जिला है। उन्होंने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि यहां की जिम्मेदारी मुझे मिली है। इसका निर्वहन पूरी इमानदारी से करेंगे।

कहा कि सभी थाने का भ्रमण कर भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी लेने के बाद आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

# अग्निशमन टीम ने आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

जासं, मिठवल, सिद्धार्थनगर : सोमवार को विकास खण्ड के सभागार में अग्निशमन टीम ने आग से बचाव का लोगों को प्रशिक्षण दिया। ज्वलनशील पेट्रोल तथा डीजल से आग लगने के कारणों की जानकारी दी। बताया गया कि अग्निशमन यंत्र को हमेशा तैयार व समीप रखें, जिससे विकट स्थिति में तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। किचन में जूट के बोरे या कंबल से आग पर काबू पाया जा सकता है। सिलेंडर से अगर आग निकले तो जूट के बोरे या कंबल को भिगोकर आग वाले स्थान पर जोर से पटके। सुरक्षा बरतने में कोताही ना करें। जब तक अग्निशमन की टीम आए तब तक हर नागरिक अपनी सुरक्षा करने उपाय करते रहें। आग से सुरक्षा जीवन व संपत्ति की रक्षा करने के लिए छोटी - छोटी जानकारी सभी को रखनी चाहिए, लोगों को भी जागरूक करते रहे। अग्निशमन टीम में जगदीश यादव, रामबचन यादव, दीनदयाल, शचींद्र नाथ पाठक, आफताब अहमद, दुर्गेश सिंह, राजेश, पंचराजी देवी, रजनीश, कुंवर आदि उपस्थित रहे।




गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाने का तरीका बताते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी ● जागरण

# पुलिस ने तीन वारंटियों को भेजा जेल

जोगिया : पुलिस ने सोमवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनके नाम मोहम्मद लतीफ, मोहम्मद रफी एवं मोहम्मद रईस हैं। सभी जोगिया थाना क्षेत्र के सतवाढ़ी के निवासी हैं। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राजेश शुक्ला शामिल रहे। (जासं)

## दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

बिस्कोहर। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के पिपरहवा गांव में फंदे पर लटके विवाहिता का शव मिलने के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरहवा गांव निवासी रामवेलास यादव की शादी मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के गौरडीह गांव के टोला अहिरडीह निवासी मंगल यादव की बेटी लक्ष्मी (22) से हुई थी। शनिवार की रात को लक्ष्मी का फंदे से लटका शव मिला। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के भाई शिव चरन यादव ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मृत महिला के पति व सास-ससुर तथा ननद पर मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने पिपरहवा गांव से आरोपी पति रामवेलास यादव व ससुर धुप्पन यादव को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। संवाद

# अपराध नियंत्रण है प्राथमिकता : एसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने रविवार रात में ही कार्यभार ग्रहण कर लिया। सोमवार को वह कार्यालय में बैठे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं।



एसपी, अमित कुमार आनंद। संवाद

### कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनता की सुनी बात

दोपहर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून का राज कायम करना उनकी प्राथमिकता होगी। पीड़ित को न्याय मिले और अपराध करने वालों को सजा, यह उनके कार्य का तरीका होगा। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से गाजीपुर जनपद के निवासी हैं। 2016 बैच के आईपीएस हैं। उन्होंने मुरादाबाद, प्रयागराज, मेरठ और फिर लखनऊ में सेवा दी थी। उन्होंने बताया कि एसएसपी प्रभाकर चौधरी, नितिन तिवारी सहित कई सीनियर के साथ कार्य करने का मौका मिला। अब जनपद इस जिले में सेवा की बारी है। उन्होंने बताया कि वह कानपुर से आईआईटी हैं। पांच वर्ष उन्होंने उड़ीसा की एक स्टील कंपनी में कार्य किया था। जज्बा सिविल सेवा में जाने का था। पढ़ाई जारी रही और 2016 में वह कामयाब हो गए।

# कब्रिस्तान में मिली नवजात, महिला ने दिया सहारा

## इटवा थाना क्षेत्र के परसा गांव में मिली नवजात की मां और कब्रिस्तान में छोड़ने वाले का पता लगाने में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

इटवा। क्षेत्र के परसा बुजुर्ग गांव के दक्षिण कब्रिस्तान में सोमवार सुबह करीब पांच बजे प्लास्टिक में लिपटी हुई नवजात मिली। खेत की ओर गई महिलाओं के समूह ने किलकारी सुनी। थोड़ी देर में ही वहां लोग इकट्ठा हो गए। हर किसी की जुबां से यहीं निकल रहा था कि आखिर वह मां कैसी है, जिसमें नवजात को यहां छोड़ दिया। पुलिस अब नवजात की मां और उसे इस जगह पर छोड़ने वाले का पता लगा रही है।

कब्रिस्तान में गांव के लोग पहुंचे। गांव के रामदेव विश्वकर्मा की पत्नी रेखा ने नवजात को अपनी गोद में उठा लिया। उसे लेकर वह अपने घर आईं। उन्होंने कहा कि वह उसे अपनी बेटी की तरह पालेंगी, जबकि वह पांच बेटियों की मां भी हैं।

जिगिनाधाम के महंत बाबा विजय दास सहित गांव के लोग नवजात की जान बचाने पर रामदेव व रेखा की प्रशंसा कर रहे हैं। रेखा ने नवजात को दूध पिलाया और अपने बच्चे की तरह देखभाल कर रही हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, नवजात का जन्म रात में ही हुआ होगा। नवजात के शरीर पर किसी चोट का निशान नहीं था। उसकी सेहत अच्छी है।

*परसा बुजुर्ग में नवजात के लावारिस हाल में मिलने की जानकारी मिली है। इस मामले की जांच करके दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

**- अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक**

इस बारे में इटवा के थानाध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि परसा बुजुर्ग गांव के कब्रिस्तान में नवजात मिलने पर बाल कल्याण समिति को सूचना दी गई है। नवजात का संरक्षण समिति ही करेगी, जबकि नवजात को फेंकने वाली मां का पता लगाया जा रहा है।

उसकी तलाश करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टॉवर से केबल चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

## जोगिया थाने की पुलिस ने क्षेत्र के फजिहतवा नाले के पास से पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** मोबाइल टॉवर से केबल सहित अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को जोगिया थाने की पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने कई घटनाओं का पर्दाफाश किया।

पुलिस ने भोर में क्षेत्र के फजिहतवा नाले के पास देर रात चेकिंग के दौरान तीनों को दबोचा। उनके कब्जे से चोरी के केबल, लैपटॉप सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ करने के बाद तीनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाल जोगिया दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि क्षेत्र के सतवाढ़ी गांव में बीएसएनएल कंपनी का मोबाइल टॉवर लगा हुआ है। वहां से केबल सहित अन्य सामान चोरी हुआ था। रविवार सुबह चोरी का मुकदमा दर्ज करके मामले का पर्दाफाश करने के लिए एसएसआई राजेश कुमार शुक्ल की टीम लग गई थी। सोमवार की भोर में मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य क्षेत्र के फजिहतवा नाले के पास मौजूद हैं और चोरी का सामान कहीं बेचने वाले हैं। सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसआई रणंजय सिंह सहित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान तीन संदिग्ध दिखे, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। उसके बाद घेराबंदी करके पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों की पहचान मोहम्मद लतीफ, मो. रफी, मो. रईस निवासी सतवाढ़ी के रूप में हुई। पूछताछ करने के बाद तीनों का चालान कर दिया गया।

# युवक गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

## मोहाना पुलिस ने ककरहवा सीमा पर जांच के दौरान पकड़ा



चोरी की बाइक के साथ ककरहवा पुलिस की गिरफ्त में युवक। संवाद

**ककरहवा।** मोहाना थाने की पुलिस ने रविवार देर शाम ककरहवा सीमा पर जांच के दौरान एक युवक को पकड़कर उसके पास से चोरी की बाइक और नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा बरामद की।

पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मोहाना थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम भारत-नेपाल सीमा पर ककरहवा में जांच की जा रही थी। उसी दौरान संदिग्ध हाल में बाइक से एक युवक नेपाल जाता हुआ दिखाई दिया। रोककर उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि बाइक चोरी की है। पकड़े गए युवक ने बताया कि उसने बाइक ककरहवा बाजार से चोरी की थी और उसे नेपाल में किसी व्यक्ति को बेचने जा रहा था। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा भी बरामद की गई। पूछताछ में उसने अपनी पहचान नेपाल के लुंबिनी थाना क्षेत्र के तरकुलहा निवासी तौफीक अहमद बताया। उसके बाद उस पर केस दर्ज करके उसका चालान कर दिया गया। संवाद

# वारंटी गिरफ्तार

**कपिलवस्तु।** थानाध्यक्ष कपिलवस्तु सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में न्यायालय से प्राप्त वारंट वाद संख्या 2319/17 धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित वारंटी सद्दाम पुत्र रफीक निवासी शेखाजोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता : एसपी

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने रविवार को जिले में पहुचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना, अपराध पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाना, पीड़ितों को न्याय दिलाना , घटनाओं का त्वरित खुलासा करना तथा शांति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी। नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी है, जो मूलतः गाजीपुर जिले के रहने वाले है, इसके पहले वे लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी के पद पर तैनात थे, वे मुरादाबाद में बतौर एसपी सिटी, प्रयागराज में एएसपी पद पर कार्य कर चुके है। उन्होंने इलेक्ट्रिक से बीटेक किया है, आईपीएस बनने के पहले वे टाटा स्टील में जब करते थे, उन्होंने इस दौरान भी उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखा और 2016 बैच में आईपीएस बन गए, पुलिस अधीक्षक के रूप में बुद्ध भूमि सिद्धार्थ नगर उनका पहला जिला है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि सिद्धार्थ नगर जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज पहला दिन है, जनपद के सभी थानो का भ्रमण करके जिले के भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। बताया कि सिद्धार्थनगर जिले में सबसे ज्यादे मामले राजस्व से सम्बंधित है।



# चोरी का माल बरामद, तीन गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। जिले की जोगिया थाना की पुलिस ने रविवार की शाम को मुखबिर की सूचना के आधार पर फजीहतवा नाला के पास से तीन अभियुक्तो को चोरी के माल के साथ पकड़ने में सफलता हासिल किया है। पकड़े गए अभियुक्तो के कब्जे से पुलिस टीम ने 3 बोरे में बीएसनल टावर का केवल,1 अदद लैपटप, 1 बंडल ऐलुमिनियम का तार, 2 अदद कटर बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तो ने बताया कि 25 जून 2022 को रात्रि में सतवादी म में बीएसनल टावर का केविल काट कर चोरी कर लिया गया था, अभियुक्त द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि वे जिले भर में घूम घूम चोरी करते है, तथा चोरी के सामान को बेचकर अपना जीवन यापन करते है। पकड़े गए अभियुक्तो का नाम बृजेश कुमार उर्फ लालजी यादव पुत्र विंध्याचल यादव साकिन कट कहीं थाना महोली जनपद संतकबीर नगर हाल मुकाम बुद्धा लाज भीमापार थाना कोतवाली नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर, मुकेश गुप्ता पुत्र झींनकान निवासी भगौसा थाना बेलहर कला जनपद संत कबीर नगर हाल मुकाम बेलौहा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर तथा अखिलेश प्रजापति पुत्र राजकुमार थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज के निवासी है। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जोगिया कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार शुक्ला ,उपनिरीक्षक रणजय सिंह, उपनिरीक्षक अख्तर, कांस्टेबल रमाशंकर यादव, कांस्टेबल आयुष विश्वकर्मा,कांस्टेबल देवेंद्र सिंह यादव शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति मे मौत

**खेसरहा (एसएनबी)** थाना क्षेत्र के ग्राम कुडज़ा मे हरिशंकर उर्फ भेली पुत्र संजय उम्र वर्ष 28 की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। घटना रविवार रात की है। सोमवार सुबह सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा व साकारपार चौकी इंचार्ज रामकुमार यादव पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे कर शव को कब्जे मे लेकर तफ्सीश मे जुटे हैं।

# एसएसबी व पुलिस ने की पेट्रोलिंग

**कपिलवस्तु (एसएनबी)**। भारत नेपाल बार्डर अलीगढ़वा व बजहा में एसएसबी एव पुलिस की ज्वाइंट पेट्रोलिंग की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार यादव क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में सूर्य प्रकाश सिंह थानाध्यक्ष थाना कपिलवस्तु के नेतृत्व में शांति एव कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असिस्टेंट कमांडेंट एसएसबी अलीगढ़वा की मौजूदगी में थाना स्थानीय के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण व एसएसबी के साथ सोमवार को भारत नेपाल बर्डर अलीगढ़वा में ज्वाइंट पेट्रोलिंग फ्लैग मार्च किया गया।

# टॉवर से केबल चोरी करनेवाले तीन दबोचे

जोगिया। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के सतवाढ़ी गांव में लगे बीएसएनएल टॉवर से केबल आदि सामानों की चोरी 25 जून की रात हुई थी। पुलिस ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के माल को बरामद कर लिया है।

बीएसएनएल टॉवर से केबल आदि चोरी के बाद पुलिस केस दर्ज कर चोरों को पता लगाने में जुट गई थी। सोमवार की सुबह में उसे सूचना मिली कि फजिहतवा नाला के पास तीन संदिग्ध मौजूद हैं जिनके पास बोरी में रखा केबल आदि मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर सामानों की तलाशी ली तो उनके पास से तीन बोरी में रखा बीएसएनएल टॉवर से चोरी गया केबल, एक लैपटॉप, एक बंडल एलुम्युनियम तार, दो कटर व 10 हजार रुपये नगदी बरामद हुआ।

# कानून का राज स्थापित करना पहली प्राथमिकता

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। नवागत एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि जनपद में कानून का राज कायम करना उनकी प्राथमिकता होगी। पीड़ित को न्याय मिले और अपराध करने वालों को सजा यह उनके कार्य का तरीका होगा।

रविवार रात कार्यभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से गाजीपुर जनपद के निवासी हैं। 2016 बैच के आईपीएस हैं। मुरादाबाद, प्रयागराज, मेरठ और लखनऊ में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि एसएसपी प्रभाकर चौधरी, नितिन तिवारी सहित कई सीनियर के साथ कार्य करने का मौका मिला। सभी के साथ मिलकर कार्य करेंगे।



एसपी अमित कुमार आनंद

# नहर किनारे मिली नवजात को अपनाया

बिस्कोहर। इटवा के परसा बुजुर्ग गांव के पास नहर के किनारे एक नवजात जीवित बच्ची मिली। देख कर लोगों ने शोर मचाया तो काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने गांव की एक महिला की सुपुदर्गी में दे दिया।

नहर की ओर दोपहर के समय कुछ लोग गए तो एक नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुन कर रुक गए। देखा कि बच्ची पड़ी है और आसपास कोई मौजूद नहीं है। गांव की ही रेखा देवी पत्नी रामदेव ने बच्ची को अपनाने की इच्छा जाहिर की तो पुलिस ने उसकी सुपुर्दगी में दे दिया। जिगना चौकी के प्रभारी कन्हैय्या लाल मौर्य ने बताया कि एक जीवित नवजत बच्ची मिली थी उसे परसा बुजुर्ग गांव की रहने वाली रेखा देवी की सुपुर्दगी में लालन-पालन के लिए सौंप दिया गया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अंतरजनपदीय चोर




जोगिया पुलिस की गिरफ्त में अंतरजनपदीय चोर ● जागरण

**जासं, जोगिया, सिद्धार्थनगर :** कोतवाली क्षेत्र के फजितहवा नाले के पास पुलिस ने रविवार की रात तीन चोरों को पकड़ने में सफलता पायी है। तीनों आरोपित संतकबीरनगर व महराजगंज जिले के निवासी हैं। इनके पास से चोरी का बीएसएनएल फीडर केबल बरामद किया गया है। इन्होंने स्वीकार्य किया कि यह तीनों साथ मिलकर केबल चुराने का कार्य करते हैं। एक मामले में जेल भी जा चुके हैं। एसआइ राजेश शुक्ला पुलिसकर्मियों के साथ फजितहवा नाले के पास गस्त पर थे। इसी बीच दो बाइक से तीन संदिग्ध बांसी की तरफ जाते दिखे। वाहन को रोककर पूछताछ करते हुए सामान की तलाशी ली तो फीडर केबल बरामद हुआ। पूछताछ में बताया कि यह केबल सतवाढी गांव के पास से चुराया है। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के पास से दो बाइक, एक लैपटाप, दो केबल कटर, दस हजार नकद रुपये, छह मीटर बिजली का तार , रिंच, औजार , तीन मोबाइल बरामद किया है। पुलिस टीम में एसआइ धनंजय, अख्तर,रामशंकर यादव, आयुष व देवेंद्र शामिल रहे।

**यह हुए गिरफ्तार :** पकड़े गए आरोपितों में एक संतकबीनगर जनपद के महुली थाना क्षेत्र के कटकटी गांव बृजेश उर्फ लालजी पुत्र विंध्याचल, है जबकि दूसरा बेलहर थाना क्षेत्र के भगौसा गांव निवासी मुकेश गुप्ता पुत्र झिनकान गुप्ता। तीसरा महराजगंज का अखिलेश प्रजापति पुत्र रामकुमार अहिरावल है जो थाना बृजमनगंज थाना क्षेत्र में पड़ता है।



चोरी की बाइक के साथ पुलिस की हिरासत में आरोपित ● जागरण

## चोरी की बाइक व नशीली दवा समेत युवक गिरफ्तार


**जासं,ककरहवा :** ककरहवा बार्डर पर चेकिंग के दौरान मोहाना पुलिस ने चोरी की बाइक व 70 टेबलेट नशीली दवा अल्प्राजोलाम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मोहाना थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बार्डर पर चेकिंग कर रहे थे। बाइक से एक व्यक्ति नेपाल की ओर जाता दिखा। उसे रोककर पूछताछ की गई तो पता चला कि बाइक चोरी की है। उसने गाड़ी को ककरहवा कस्बे से चुराना स्वीकार्य किया। उसने बताया कि वह इसे बेचने नेपाल जा रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से नशीली दवा भी बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान नेपाल के लुंबिनी थाना क्षेत्र के तरकुलहा निवासी तौफीक अहमद पुत्र अब्दुल मजीद के रूप में हुई है। टीम में एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी,अभिषेक शामिल रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-06-2022

# छेड़खानी के विरोध पर पीड़िता को पीटा, आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस।

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को अकेला पाकर शुक्रवार को उसके साथ छेड़खानी कर रहे दो युवकों के कृत्य का विरोध करने पर युवकों द्वारा की गई पीड़िता की पिटाई करने के आरोप में नामजद दो आरोपी युवकों को धनघटा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी बीते शुक्रवार को जरूरी कार्य से खेत में गयी थी। काम समाप्त होने के बाद किशोरी घर जा रही थी। रास्ते में किशोरी को अकेला पाकर थाना क्षेत्र के भौतहा गांव निवासी विक्कू पुत्र महेन्द्र तथा राहुल पुत्र रामकरन नामक युवकों ने किशोरी को रोककर उसके साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया। इस दौरान किशोरी द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे मारपीट कर घायल भी कर दिया था। इतना ही नहीं आरोपियों के चंगुल से मुक्त होकर पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी तो परिजन आरोपी के घर उंलाहना देने पहुंच गए तो आरोपी समेत उसके परिवार के लोग पीड़िता के परिजनों को उपर भी आक्रामक होकर उन्हें गाली देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए। नतीजा रहा कि पीड़िता के परिजनों ने भागकर किसी तरह खुद की जान बचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों आरोपी युवकों विक्कू और राहुल समेत उसके पिता रामकरन तथा रामकरन की पत्नी और बहू के खिलाफ आईपीसी की धारा 354,323,504,352 तथा 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को घटना के मुख्य आरोपी विक्कू और राहुल के नजदीकी बाजार में मौजूद रहने की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों आरोपी को जेल भेज दिया।

# पुलिस ने की संदिग्धों की जांच

**नाथनगर** । बढ़ते अपराधों व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की और आसपास के लोगों से दिन भर की गतिविधियों की जानकारी इकट्ठा की। औचक निरीक्षण के लिए निकले प्रभारी निरीक्षक ने नाथनगर स्थित ब्लाक परिसर, सीएचसी हास्पिटल, भारतीय स्टेट बैंक,बड़ौदा यूपी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अचानक पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध हालत में इधर-उधर घूम रहे लोगों की जांच किया और उनमे से अधिकांश लोगों को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ दिया तो कुछ लोगों को संदिग्ध पाते हुए उन्हें सार्वजनिक स्थलों से बाहर खदेड़ दिया। पुलिस की इस औचक कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो उठा। इतना ही नहीं भीड़भाड़ इलाकों में अनावश्यक रूप से भीड़ की शक्ल में खड़े लोग पुलिस के दस्तक के कारण भाग खड़े हुए। बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश परपुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपरोक्त भीड़भाड़ इलाकों में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।

# अपहरण मामले में ढाई माह बाद केस

**धनघटा (एसएनबी)** । धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को बहला-फुसलाकर किए अपहरण की घटना में ढाई माह बाद सोमवार को धनघटा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती समेत नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपहृता की मां ने बताया कि उसकी बेटी को फोन के जरिए महुली थाना क्षेत्र के महुली खास गांव निवासी रितिक पुत्र राजेश ने उसकी बेटी को अपने झूठे प्यार के जाल में फंसाया और बीते 4 अप्रैल 2022 को अपने पिता राजेश पुत्र अज्ञात और परिवार की सदस्य आहुति पत्नी संजय की मदद से बेटी का अपहरण कर लिया। बेटी के अपहरण में उक्त रितिक का गोरखपुर जिले के सहजनवां थानान्तर्गत माडर गांव निवासी अविनाष पुत्र राजेश तथा सुनील पुत्र राजेश ने भी सहयोग किया। अपहृता की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवती के अपहरण के आरोप में उक्त रितिक समेत उसके पिता और उक्त सहयोगियों के खिलाफ सोमवार को कोर्ट के आदेश पर आईपीसी की धारा 363 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहरकर्ता समेत नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही अपहृता को बरामद कर आरोपियों पर कार्रवाई होगी।

# दुधारा पुलिस ने गांजा के साथ दो को दबोचा

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान संवाद। जनपद के दुधारा थाना पुलिस टीम ने गांजा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई किया।

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय की टीम ने दिनांक 27 जून को बाघनगर से बस्ती जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन अस्पताल के पास से तीन किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ सेराज पुत्र बल्लन व इसरार अहमद पुत्र इसहाक निवासीगण साफियाबाद थाना दुधारा को एक किलो 600 ग्राम व एक किलो 800 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उक्त बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाना पर एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीकृत हुआ।

आरोपित अभियुक्त इसरार अहमद पुत्र इसहाक को अपर जिला मजिस्ट्रेट ने 29 अप्रैल को छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया था। जिसका तामीला अभियुक्त को पूर्व में कराया जा चुका था।

# छेड़खानी में वांछित दो आरोपितों को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने छेड़खानी मामले में वांछित दो आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने छेड़खानी, पोक्सो एक्ट समेत अन्य धारा में वांछित मिक्कू व राहुल कुमार ग्राम भोतहा थाना धनघटा को शिवबखरी तिराहा से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपितों ने दिनांक 24 जून को वादी की नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की थी। पीड़िता के विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट भी की। जिसके बाद वादी ने थाना धनघटा पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया।

# दो परिवारों में पुलिस ने कराई सुलह

संतकबीरनगर। टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत पुलिस ने दो परिवारों को बचाया।

महिला रिपोर्टिंग चौकी धनघटा पर लंबे समय से पति पत्नी और ससुराली जन में चले आ रहे विवाद को सुलझाया गया। कंचन पुत्री रामकेश निवासी हैंसर थाना धनघटा व द्वितीय पक्ष ज्ञानदास पुत्री रामकेश निवासी उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद था। इसी तरह प्रियंका पुत्री तिलकधारी निवासी छितौनी थाना धनघटा व द्वितीय पक्ष रोहित पुत्र साधू निवासी हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाकर आपसी मनमुटाव को दूर कराते हुए सुलह समझौता कराया गया।

# मारपीट में घायलों को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद व मारपीट की घटना में घायलों को उपचार के लिए भेजवाया। पीआरवी 1489 को थाना महुली क्षेत्र के बरौली गांव से किसी ने दो पक्षों के विवाद में तीन महिलाओं के घायल होने की सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी नाथनगर भेजवाया।

# कई मामले में डेढ़ दर्जन लोगों का चालान

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने कई मामले में डेढ़ दर्जन आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। जानकारी के अनुसार थाना दुधारा पुलिस ने 13, धनघटा दो, महुली एक और मेंहदावल पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने सभी आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की है।

# आपसी विवाद में मनबढ़ों ने छात्र को पीटा, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : खलीलाबाद शहर के गोला बाजार में मनबढ़ों ने एक छात्र की जमकर पिटाई की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम लहुरादेवा निवासी जोखन प्रसाद ने बताया कि मेरा बेटा अवाविल सिंह गौतम हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में 10वीं का छात्र है। रविवार को वह शहर में मित्र शैयांस गुप्ता के घर किसी काम से आया था। कुछ देर बाद अवाविल व शैयांस टीचर्स कालोनी से गोला बाजार किताब कापी के सामग्री को लेने आ रहे थे। दोनों छात्र गोला बाजार सरदार कालोनी के पास पहुंचे कि अचानक साहिद खान एवं करन वर्मा बाइक से सवार होकर आए और गाड़ी को खडी करके जाति सूचक गाली देना शुरू कर दिया। पूछने पर दोनों लोगों ने अवाविल को पीटा और लोहे के हथियार से सिर पर प्रहार कर दिया, इससे सिर फट गया। भीड़ इक्कट्ठा होता देख आरोपित फरार हो गए। राहगीरों के द्वारा घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि आरोपितों पर मामला दर्ज किया गया है।

# 31 हजार समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने सरकारी अस्पताल, बैंक शाखा परिसर के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 43 चालकों से 31 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की गई।(जासं)

# नाबालिग से छेड़खानी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी करने के मामले में सोमवार को शिवबखरी तिराहा से मिक्कू और राहुल कुमार को को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन आरोपितों ने 24 जून को एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की थी। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा था। पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# गांजा के साथ दो जिलाबदर अपराधी गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, दुधारा, संतकबीर नगर:** मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो जिलाबदर अपराधी रविवार की देर रात दुधारा पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इन लोगों को प्रशासन ने जिला बदर किया था। दूसरे जनपदों में रहने के आदेश के बाद भी आरोपित घर पर ही रह रहे थे। थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश कुमार राय ने बताया कि सेराज व इसरार निवासीगण सफियाबाद थाना दुधारा को कठिनाइया पुलिया बाघनगर के पास से गिरफ्तार किया। दोनों के पास से करीब साढ़े तीन किग्रा गांजा बरामद हुआ। आरोपितों का आपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला कि यह लोग थाने के टाप टेन अपराधी हैं। इसरार पर 11 मुकदमे दर्ज हैं और अधिकांश में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल है। सेराज पर भी पांच मुकदमा है जिसमें आरोप पत्र दाखिल है। एडीएम कोर्ट ने दोनों को जिलाबदर भी कर रखा है। पिछले एक पखवारे से दोनों आरोपितों के क्षेत्र में सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। आरोपितों के विरुद्ध मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके न्यायालय भेज दिया गया।

## ट्रक का तिरपाल काटकर 20 क्विंटल बेसन चोरी



**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** खलीलाबाद के कांटे चौकी के निकट रविवार की रात चोरों ने एक खड़ी ट्रक का तिरपाल काटकर 20 क्विंटल बेसन चुरा लिया। सोमवार की सुबह जब घटना की जानकारी चालक को हुई तो उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। राजस्थान के टौक जिला के देवली थानाक्षेत्र के दलवासा निवासी धर्मराज ने बताया कि मध्य प्रदेश से बेसन लादकर वह गोरखपुर जा रहा था। रविवार की रात 12 बजे ट्रक में कुछ खराबी होने के कारण खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के कांटे चौकी के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक खड़ी कर सो गया। अगले दिन सुबह सोकर उठा तो देखा की ट्रक का तिरपाल काटकर चोर 20 क्विंटल बेसन उठा ले गए है। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि चालक की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बीच ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसे लेकर लोगों में नाराजगी है।

# पटरियों पर अवैध अतिक्रमण लोगों का राह चलना दुश्वार



मेंहदावल कस्बे में पटरियों पर अतिक्रमण ● जागरण

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर** : मेंहदावल कस्बे में अतिक्रमण की समस्या लाइलाज बनी हुई है। कस्बे के लगभग सभी मुख्य सड़कों पर पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण ज्यादातर सड़कों की पटरियों पर मोटरसाइकिल व चारपहिया वाहन खड़े होते हैं। जिससे लोगों को आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ता है। चौक बाजार में तो पटरियों पर कारोबारियों का कब्जा है। स्टेट बैंक मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में बाइक पटरियों पर सुबह से ही खड़ी हो जाती हैं। जिससे सड़क पर काफी कम जगह बचती है। इससे अक्सर बड़े वाहन निकलने के दौरान जाम भी लग जाता है। पुलिस प्रशासन के लोग पटरियों को खाली कराने के लिए समय-समय पर अभियान चलाने की जहमत नहीं उठाते। कभी अभियान चलता भी है तो दूसरे दिन ही पटरियां फिर से अवैध अतिक्रमण की शिकार हो जाती हैं। इससे कस्बे के सभी मुख्य मार्ग सिकुड़ गए हैं। लोगों को अक्सर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन इससे जाम के झाम में लोग फंसकर घंटों समय गंवाते हैं। कभी-कभी तो मारपीट की घटना सामने आती है। उसके बावजूद पुलिस प्रशासन अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने में सुस्त है। कस्बावासियों ने पटरियों से अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर अभियान चलाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह ने बताया कि पटरियों पर अगर अवैध अतिक्रमण है या अवैध पार्किंग की की जा रही है तो जल्द ही अभियान चलाकर पटरियों को खाली कराकर कस्बे को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा।

# शांतिभंग में 18 गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में सोमवार को 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दुधारा पुलिस ने सर्वाधिक 13, धनघटा व मेंहदावल पुलिस ने दो-दो तथा महुली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। ये लोग मामूली बात पर मारपीट करने पर उतारू थे। (जासं)

# चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान चाकू के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। एसओ सर्वेश राय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान साफियाबाद गांव निवासी गुलाम वारिस, नाजिर, साकिर अली के रूप में हुई। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई शैलेंद्र सिंह,एसआई अमरनाथ यादव, कांस्टेबल सिकंदर गुप्ता, कांस्टेबल गणेश प्रसाद, कांस्टेबल आशुतोष कुमार, कांस्टेबल अरविंद यादव शामिल रहे। ब्यूरो

# पुलिस ने जिला बदर अपराधी समेत दो को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने सोमवार को तीन किलो 400 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को बस्ती से बाघनगर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। एसओ सर्वेश राय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान सेराज और इसरार अहमद निवासी साफियाबाद थाना दुधारा के रूप में हुई। एसओ ने बताया कि एडीएम कोर्ट से 29 अप्रैल को पकड़ा गया आरोपी इसरार अहमद छह माह के लिए जिला बदर घोषित है। उक्त आदेश का तामिला अभियुक्त को पूर्व में कराया जा चुका है। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के जिला बदर होने के बावजूद जिले की सीमा में रह रहा था। दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# मनबढ़ों ने लोहे के रॉड से किशोर का सिर फोड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

### पीड़ित पिता ने दो लोगों पर दर्ज कराया मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट का केस

संतकबीरनगर। दो दिन पहले शहर के गोला बाजार में किशोर की लोहे के रॉड से प्रहार कर मनबढ़ों ने सिर फोड़ दिया था। इस मामले में सोमवार को पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा गांव निवासी जोखन प्रसाद ने बताया कि उसका बेटा अखिलेश सिंह गौतम खलीलाबाद में दसवीं में पढ़ता है। बेटा 25 जून को शैयांस गुप्ता के घर गया था। दोनों कॉपी किताब खरीदने के लिए गोला बाजार गए थे। उसी दौरान बाइक से शाहिद खान और करन वर्मा पहुंच गए।

आरोप है कि उन लोग ने बेटे को अपशब्द कहना शुरू कर दिया। लोहे के रॉड से बेटे के सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। बेटे का सिर फूट गया। बाद में घटना देखकर भीड़ जुट गई। आरोप है कि लोग उसके बेटे को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए भाग गए। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि इस मामले में शाहिद खान और करन वर्मा के खिलाफ मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

धनघटा। सोमवार को धनघटा पुलिस ने शिवबखरी तिराहे के पास से छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि 24 जून को आरोपियों ने किशोरी से छेड़खानी की थी। विरोध करने पर किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को शिवबखरी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी पौली राजेश मिश्रा, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह विशेन, कास्टेबल प्रशांत विक्रम सिंह शामिल रहे। ब्यूरो

# चकरोड की जमीन से अतिक्रमण हटाया

## नगर पालिका प्रशासन व राजस्व टीम के संयुक्त नेतृत्व में चला अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद में मेंहदावल बाईपास के पर चकरोड की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए टीनशेड पर सोमवार को बुलडोजर चला। नगर पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कुछ ही देर में अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी तैनात रहे।

जानकारी के अनुसार खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास के पास मैलानी में चकरोड की जमीन पर अतिक्रमण कर टीनशेड डालकर कब्जा कर लिया गया था। एसडीएम के निर्देश पर सोमवार को नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, ईओ नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सुरेश मौर्य, कोतवाल विजय नारायण, उमेश कुमार आदि ने कब्जा करने वालों को सामान हटाने के लिए कहा। इस बीच बुलडोजर भी पहुंच गया। इसके बाद अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ। कुछ ही देर में बुलडोजर से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। ईओ सुरेश मौर्य ने कहा कि एसडीएम के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है, वे हटा लें, अन्यथा सख्ती के साथ हटवाया जाएगा।



नगरपालिका की टीम ने मैलानी में अतिक्रमण हटवाया। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-06-2022

# शांति भंग में दस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

वजीरगंज। विभिन्न मामलो में आरोपियों द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डुमरियाडीह पुलिस ने आरोपी नेम कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, भगवान बक्श सिंह, बब्लू, लल्लू यादव, कमलनाथ, करुणाकर मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा व शिवम दूबे निवासी खालेगांव थाना छपिया को गिरफ्तार किया है।

# नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी पकड़ा

गोण्डा। कटराबाजार थाने की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी विक्की यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वह बिहार के सीतामढ़ी जिले के चरौत थानाक्षेत्र के खोरिया का रहने वाला है। कटराबाजार की एक नाबालिग लड़की को विक्की बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। आरोप है कि उसने लड़की के साथ दुष्कर्म भी किया।

# प्रधानपुत्र हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- नामजद आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े
- तीन नामजद समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**गोण्डा/छपिया, हिटी।** जिले के छपिया थानाक्षेत्र के तांबेपुर गांव में चुनावी रंजिश में प्रधानपुत्र की हत्या के मामले में पुलिस सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले से जुड़े लोगों की धरपकड़ के लिए पुलिस की कई टीमें ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। जल्द की आरोपी पुलिस के शिकंजे में होंगे। उधर इस मामले में रविवार रात करीब पौने दस बजे छपिया पुलिस ने तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रात में ही प्रधानपुत्र के शव पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को परिजनों ने अयोध्या में उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

**साजिश रचने वालों पर कसेगा कानूनी फंदा:** एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि छपिया में प्रधानपुत्र के मर्डर की घटना पुलिस के बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को कानूनी तौर पर सबक सिखाया जाएगा। एसपी ने बताया कि दुर्गेश सिंह की हत्या के आरोपी, साजिश रचने में शामिल लोग पुलिस के रडार पर हैं। यही नहीं गुनहगारों को पनाह देने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है।

आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान ने कहा कि इस मामले की साजिश रचने में एक महिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि मामले में शामिल तांबेपुर गांव के निवासी सत्यराम वर्मा पुत्र तेजराम वर्मा और सुभावती पटेल पत्नी बलजीत कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पुलिस ने देरात दर्ज किया केस:** प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि प्रधानपुत्र दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह हत्याकांड में तीन नामजद समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। मृतक की पत्नी दामिनी सिंह की तहरीर के मुताबिक रविवार को दोपहर 1.15 बजे तांबेपुर में बाबा कुट्टी पर भंडारे आयोजित किया गया था।

## डीआईजी पहुंचे मौके पर, गांव बना छावनी

देवीपाटन रेंज के डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने रविवार आधी मौके का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ति परिजनों से मिलकर हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस टीम को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उधर, घटना के बाद तांबेपुर गांव पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती गई है।

# पड़ोसन को महिलाओं ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उदयपुर ग्रन्ट में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दो आरोपी महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता श्यामा देवी ने कहा है कि उसकी पड़ोसन बिटना देवी व सीमा देवी ने उसके घर पर जाकर अभद्रता और मारपीट की है। जिससे गंभीर चोटें आई हैं।

### छपिया थानाक्षेत्र के तांबेपुर में हुई घटना के आरोपियों पर लगेगा रासुका, नामजद आरोपी फरार

# प्रधानपुत्र हत्याकांड में दो लोग गिरफ्तार

## कार्रवाई

ण्डा/छपिया, हिटी। जिले के छपिया थानाक्षेत्र के तांबेपुर गांव में चुनावी रंजिश में प्रधानपुत्र की हत्या के मामले में पुलिस सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले से जुड़े लोगों की धरपकड़ के लिए पुलिस की कई टीमें ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। जल्द की आरोपी पुलिस के शिकंजे में होंगे। उधर, इस मामले में रविवार रात करीब पौने दस बजे छपिया पुलिस ने तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रात में ही प्रधानपुत्र के शव पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को परिजनों ने अयोध्या में उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

**साजिश रचने वालों पर कसेगा कानूनी फंदा:** एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि छपिया में प्रधानपुत्र के मर्डर की घटना पुलिस के बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को कानूनी तौर पर सबक सिखाया जाएगा। एसपी ने बताया कि दुर्गेश सिंह की हत्या के आरोपी, साजिश रचने में शामिल लोग पुलिस के रडार पर हैं। यही नहीं गुनहगारों को पनाह देने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान ने कहा कि इस मामले की साजिश रचने में एक महिला भी शामिल है।

सियासी रंजिश के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई कितना भी रखूसदार क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले में शामिल तांबेपुर गांव के निवासी सत्यराम वर्मा पुत्र तेजराम वर्मा और सुभावती पटेल पत्नी बलजीत कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।



तांबेपुर गांव में रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

## पुलिस ने देररात दर्ज किया केस

प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि प्रधानपुत्र दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह हत्याकांड में तीन नामजद समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। मृतक की पत्नी दामिनी सिंह की तहरीर के मुताबिक रविवार को दोपहर 1.15 बजे तांबेपुर में बाबा कुट्टी पर भंडारे आयोजित किया गया था। इसके आयोजक उनके दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह ( 25) थे। भंडारे में बाइक से आए विक्रम पटेल विक्की, बलजीत वर्मा निवासी तांबेपुर और वहां मौजूद अवधेश वर्मा ने गोली मारकर दुर्गेश सिंह की हत्या कर दी। मौके पर लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी फायरिंग करते हुए भाग निकले।



गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस।

## डीआईजी पहुंचे मौके पर, गांव बना छावनी

देवीपाटन रेंज के डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने रविवार आधी मौके का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिजनों से मिलकर हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस टीम को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उधर, घटना के बाद तांबेपुर गांव पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती गई है।

## गम और गुस्से के बीच तांबेपुर में पसरा मातमी सन्नाटा

छपिया। चुनावी रंजिश के चलते प्रधानपुत्र की हत्या से पूरे गांव में गम, गुस्से के साथ दहशत का माहौल है। रविवार तड़के कड़ी सुरक्षा में दुर्गेश का शव गांव लाया गया तो हर आंख से आंसू बह निकले। दिनभर रोने-पीटने के बाद सिसकियों में तब्दील माहौल चीत्कार से गूंज उठा। परिजन और रिश्तेदारों का रुदन सुनकर हर आंख नम हो गई। लोगों में जघन्य हत्या से काफी रोष है। उधर, घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। सोमवार को आलम यह रहा कि गांव के प्राथमिक स्कूल में एक भी बच्चा पढ़ने नहीं गया।

# चौपाल लगाकर किया जागरूक

करनैलगंज। रविवार मिशन शक्ति टीम ने गांव में चौपाल लगाकर बालक बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के साथ साथ ड्राई-डे के बारे में जानकारी व सुरक्षा के टिप्स दिए।

महिलाओं व बेटियों के प्रति हो रहे अपराध छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चो के अभिभावकों से संपर्क किया गया। बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत, व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया और लोगों को जानकारी दी गई।

# प्रधान के बेटे की हत्या में चार के खिलाफ मुकदमा

## गांव में पुलिस की टीमें कर रही कैंप आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गईं पांच टीमें

**संसू, मसकनावा (गोंडा) :** छपिया थाने के तांबेपुर गांव में प्रधान के बेटे की हत्या के मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धारा में मुकदमा किया गया। घटना को लेकर पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं गांव में तीन थानों की पुलिस कैंप कर रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें लगाई गईं हैं। जो संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं पुलिस ने छह से अधिक लोगों को उठाया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

रविवार को तांबेपंर गांव की प्रधान इसरावती के बेटे दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के भाई राहुल सिंह की तहरीर पर गांव के ही विक्रम पटेल उर्फ विक्की व उनके भाई बलजीत पटेल, अवधेश वर्मा और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा किया गया है। राहुल ने दी गई तहरीर में कहा है कि 26 जून को तांबेपुर बाबा कुट्टी पर भंडारा था। आयोजक उसका भाई दुर्गेश सिंह था। कहा कि भंडारे में मौजूद अवधेश वर्मा की सूचना पर विक्रम पटेल व बलजीत पटेल एक अन्य साथी के साथ बाइक से आए और दुर्गेश को गोली मारकर हथियार लहराते भाग निकले। जब आरोपितों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। राहुल का कहना है कि आरोपित विक्रम पटेल उर्फ विक्की ने प्रधान पद का चुनाव लड़ा था। इसमें वह हार गया था। तभी से वह रंजिश रखने लगा था। इसके पूर्व भी आरोपित कई बार धमकी दे चुका था। सोमवार को दुर्गेश का अंतिम संस्कार अयोध्या में कर दिया गया।

**..........गांव में पसरा सन्नाटा:** मृतक दुर्गेश उर्फ भोलू व आरोपित तांबेपुर गांव के ही हैं। ऐसे में किसी अनहोनी को लेकर सोमवार को भी पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा। हर कोई अपने घर के अंदर ही कैद रहा। वहीं गांव के स्कूलों में वीरानी छाई रही। गांव के अधिकांश बच्चे स्कूल नहीं गए । शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन थानों की पुलिस गांव में कैंप करती रही। आरोपित के घर भी पुलिस टीम मुस्तैद रही। वहीं मृतक के घर मातम छाया रहा। मृतक की मां प्रधान इसरावती व पत्नी दामिनी सहित अन्य स्वजन का रो-रो कर हाल बेहाल रहा।

**...जल्द होगी आरोपितों की गिरफ्तारी:** सीओ मनकापुर संजय तलवार ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगाईं गई हैं। कई जिले के विभिन्न स्थानों सहित पड़ोस के जिलों में दबिश दी जा रही है। अहम सुराग मिले हैं। जल्द ही आरोपित गिरफ्त में होंगे। गांव में शांति व्यवस्था कायम है।





दुर्गेश उर्फ भोलू सिंह की मौत के बाद रोते-बिलखते स्वजन व छपिया के तांबेपुर गांव में पसरा सन्नाटा ● जागरण

### प्रधान के बेटे की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

छपिया थाना के तांबेपुर गांव की प्रधान के बेटे के हत्या में संलिप्त पाए जाने पर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक छपिया संदीप कुमार सिंह ने कहा कि हत्या की घटना में संलिप्त होने पर नामजद आरोपित बलजीत की पत्नी शुभावती पटेल व सत्यराम वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों के लिए टीमें दबिश दे रहीं हैं।

## आरोपित गिरफ्तार

कटरा बाजार : किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने विक्की यादव को खोड़िया थाना चौरोत जनपद सीतामढ़ी बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने कहा कि आरोपित के विरुद्ध गत माह में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। तभी से वह फरार चल रहा था। (संसू)

## तमंचे के साथ गिरफ्तार

कटरा बाजार : पुलिस ने ठकुरनपुरवा गौरिया गांव निवासी मनोज पाठक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने कहा कि चेकिंग के दौरान आरोपित को पकड़ा गया है। उसके पास से अवैध तमंचा बरामद हुआ है। (संसू)

# प्रधान के पुत्र की हत्या में महिला समेत दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## छपिया थाना क्षेत्र के ताबेपुर में हुई थी वारदात, तीन अन्य हिरासत में

गोंडा। ताबेपुर ग्राम प्रधान के बेटे भोलू सिंह की चुनावी रंजिश में हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी की पत्नी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। भोलू सिंह की हत्या की साजिश रचने वालों के साथ ही अभियुक्तों की तलाश में पुलिस ने पूरी रात कई ठिकानों पर छापे मारे। मगर साजिशकर्ता अभी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं।

छपिया थाना क्षेत्र के ताबेपुर की ग्राम प्रधान ईश्वरवती के बेटे दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू की रविवार दोपहर उस समय बाइक सवार तीन लोगों ने ताबड़तोड़ तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी थी, जब वह गांव की बाबकुटी में भंडारे की तैयारियां करा रहा था। फायरिंग के दौरान गांव वाले दौड़े तो हमलावर असलहे तानकर गोली मारने की धमकी देते हुए बाइक से भाग गये थे। मामले में भोलू की पत्नी दामिनी सिंह चुनावी रंजिश में पति की हत्या का आरोप लगाते हुए पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे विक्रम वर्मा उर्फ विक्की, बलजीत वर्मा, गांव के ही अवधेश वर्मा व एक अन्य के खिलाफ थाना छपिया में हत्या व हत्या की साजिश की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एएसपी शिवराज ने खुलासे के लिए कई पुलिस टीमें लगाई हैं। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर पूरी रात दबिश देती रहीं। पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से मुख्य आरोपी बलजीत वर्मा की पत्नी सुभावती पटेल व सत्यराम वर्मा को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा तीन अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। हत्या की साजिश रचने के आरोपियों समेत हत्या के बाद अभियुक्तों को शरण देने वाले कुछ लोगों को भी पुलिस ने चिह्नित किया है। इनकी तलाश की जा रही है। एसपी संतोष कुमार मिश्र का दावा है कि मंगलवार तक हत्या अभियुक्तों के साथ ही हत्या की साजिश में शामिल व अभियुक्तों को शरण देने वाले भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-06-2022

# नहीं थम रहा अवैध शराब का कारोबार

## कवायद

महदेइया बाजार। आबकारी विभाग से जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। इसके बावजूद अवैध शराब कारोबारी चोरी चुपके अपने काम को अंजाम देकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार गोमड़ी जंगल के आस-पास के गांव गंगाडीह, गौर रमवापुर, त्रिलोकपुर, कुल्ही बिनोनी, जलीलडीह, केवटन डीह, बिश्रामपुर, महदेइया चौकी, मुजहना, कुरकुपुरवा, पिपरा याकूब, तिलकहना सहित कई गांवो में अवैध शराब की बिक्री जोर शोर से की जा रही है। गुमड़ी के घने जंगलों में कच्ची शराब की भट्ठियां लगाई गई हैं।

# ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

तुलसीपुर। स्थानीय पुलिस टीम ने अवैध खनन की बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली लैबुड़वा रेलवे स्टेशन के निकट कटहा नाला पकड़ी है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने यह जानकारी दी।

### तीन के साथ छेड़छाड़, किसी को पता न चले इसलिए युवतियों को धमकाकर सीमा के पार भगा दिया

# नेपाली युवतियों से सामूहिक दुराचार

**दरिंदगी**

बलरामपुर, संवाददाता। हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र स्थित मणिपुर बाजार से सामान खरीदने आ रही दो नेपाली युवतियों के साथ रविवार सुबह 10 बजे घने महादेव बांकी जंगल में सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मनबढ़ों ने उनकी तीन नाबालिग सहेलियों के साथ छेड़छाड़ भी की। घटना की जानकारी किसी को न हो इसके लिए उन्हें धमकाकर सीमा पार भगा दिया। नेपाल पुलिस रविवार देर रात हरैया थाना पहुंची तब जाकर सामूहिक दुष्कर्म व छेड़छाड़ का केस दर्ज हुआ। पुलिस के आला अधिकारी नामजद चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तक थाने में रुके रहे। युवतियों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। एसपी ने कहा है कि अभियुक्तों पर गैंगस्टर, पाक्सो व रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय सीमा से सटे गांव की दो युवतियां, तीन किशोरियां व एक महिला मणिपुर बाजार से सामान खरीदने आ रही थी। मणिपुर में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस बाजार में नेपाल के सीमावर्ती गांव के सैकड़ों लोग आवश्यक वस्तुओं की खरीद करने आते हैं। बाजार तक पहुंचने के लिए जंगल पार करना पड़ता है। जंगल पहुंचते ही नेपाली युवतियों को चार लोगों ने पकड़ लिया। वे नेपाल सीमा से सटे गांव में रहते हैं। उनका युवतियों के गांव आना जाना था। इसलिए उन्हें वे पहचान गई। चारों लोग उनके साथ छेड़छाड़ करने लगे। 20 -20 साल की दो युवतियों के साथ दो-दो लोगों ने बारी बारी से दुष्कर्म किया।

**10** बजे महादेव जंगल में की गयी वारदात

- युवतियों ने दोपहर बाद परिजनों को बताया
- अपराधी अपराध के बाद दूसरे देश चले जाते हैं

> सामूहिक दुष्कर्म व छेड़छाड़ की घटना में शामिल सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी पर पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।
>
> **राजेश सक्सेना, पुलिस अधीक्षक**

## खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहे हैं अपराधी

■ राकेश सिंह

बलरामपुर। एसएसबी जवान मस्त करते रहे और मनबढ़ों ने महादेव बांकी जंगल में नेपाली युवतियों को अपनी हवस का शिकार बना लिया। यही नहीं घटना का खुलासा न हो इसलिए उन्हें धमका कर उनके देश भेज दिया। नेपाली युवतियों के मन में इतना खौफ भरा था कि उन्होंने दोपहर बाद घटना की जानकारी परिवारीजनों को दी। भारत-नेपाल की खुली सीमा का सर्वाधिक लाभ अपराधी उठा रहे हैं। मौका मिलते ही वे भारत-नेपाल के बीच रोटी-बेटी के सम्बन्ध को कलंकित करने से नहीं चूकते। रविवार दिनदहाड़े हुई घटना से दोनों देशों के बीच मैत्री सम्बन्धों पर भले ही कोई फर्क न पड़े लेकिन नैतिकता कलंकित हुई है।

जिले में लगभग 180 किलोमीटर भारत-नेपाल की खुली सीमा है। दोनों देशों के बीच सदियों से रोटी-बेटी का सम्बन्ध रहा है। जिले के तमाम लोग नेपाल में व्यापार करते-करते स्थाई नागरिक बन गए। नेपाल सरकार ने उन्हें मधेशी का दर्जा दे दिया। जिले के सैकड़ों लोग हर साल नेपाल में अपने बेटियों की शादी करते हैं। इसी तरह नेपाल के तमाम लोग जिले में बेटियों की शादी कर रिश्तों की डोर को मजबूत बनाते हैं। खुली सीमा का लाभ अक्सर अपराधी उठा लेते हैं। पहाड़ी नाले अक्सर दोनों देशों की सीमा का निर्धारण करते हैं। नाला के उस पार नेपाल के गांव है तो इस पार भारतीय सीमावर्ती गांव। कहीं-कहीं सीमा का निर्धारण नेपाल की पहाड़ियां भी करती हैं। जिले के तमाम लोग अपराध करने के बाद नेपाल भाग जाते हैं। उधर के लोग अपराध करके भारत में शरण लेते हैं।

### साप्ताहिक बाजारों में नेपालियों की होती है आमद

रविवार को हरैया थाना क्षेत्र के मणिपुर गांव में साप्ताहिक बाजार लगता है। यहां गन्धैला, डगमरा, खंगरा, बरहवा, पतुली, सिरिया, शुकली, गुरुंग, खबरी व मुंशी नाका आदि नेपाल के सीमावर्ती गांव के लोग आवश्यक वस्तुओं की खरीद करने आते हैं। जिससे दुकानदारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। नेपाल में शराब सस्ती बिकती है। इधर के लोग नेपाल जाकर वहां की बनी सस्ती शराब का उपयोग करते हैं जिससे दुकानदारों को काफी मुनाफा होता है। सीमावर्ती गांव में एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना बनी रहती है। वे एक-दूसरे से पहचान रखते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुःख में शामिल भी होते हैं। सामूहिक दुष्कर्म व छेड़छाड़ के आरोपी रामचन्द्र, राजेन्द्र, राकेश व पिंटू का युवतियों के गांव आना-जाना था। वे एक-दूसरे को भलीभांति पहचानते भी थे। घटना में इसलिए चारों को नामजद किया गया। एसएसबी खंगरा नाका पर तैनात नितिन का कहना है कि जवान दस बजे सुबह ही सुरक्षा की दृष्टि से जंगल चले जाते हैं। हालांकि यह मामला गंधैला नाका से जुड़ा है। नितिन के मुताबिक एसएसबी की मौजूदगी के कारण जंगल में अपराध की दर काफी कम है।

# दुष्कर्म में एक नामजद

**उतरौला (बलरामपुर) :** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक के विरुद्ध मुकदमा लिखा है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम शौच के लिए गई बालिका के साथ आरोपी ने दुराचार किया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि हरिप्रसाद के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

# पुलिस ने पकड़ी अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली, अज्ञात पर केस




तुलसीपुर थाने खड़ी बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली • जागरण

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : तुलसीपुर थाना की पुलिस ने अवैध बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी है। खनन करने वाले मौके पर दो फावड़ा छोड़कर फरार हो गए। ट्रैक्टर-ट्राली को थाना लाकर सीज कर दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय व लेखपाल अनुरोध पांडेय की संयुक्त टीम ने लैबुड़वा रेलवे स्टेशन के निकट पुरुषोत्तमपुर गांव स्थित कटहा नाला पर छापेमारी की। खनन करने वाले आधा ट्राली बालू भर चुके थे। पुलिस टीम के पहुंचते ही खनन कर रहे दो व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गए। बताया कि थाना पर ट्रैक्टर-ट्राली लाकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम में कांस्टेबल रणवीर सिंह, अर्जुन मौर्य, रवि दुबे शामिल रहे।

# एंटी रोमियो स्क्वायड एक्शन टीम ने महिलाओं को दिया संबल



उतरौला नगर में महिला को जागरूक करती पुलिस ● जागरण

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो स्क्वायड एक्शन टीम ने मिशन शक्ति के तहत मंगलवार को सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं व महिलाओं को साइबर अपराधों से सचेत रहने की नसीहत देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए। त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि मिशन शक्ति के पहले चरण में महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण के संबंध में व्यापक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे चरण में अभियान को आपरेशन के रूप में संचालित किया गया। कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व लड़कियों को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, फायर ब्रिगेड 101, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व थानों के प्रभारी निरीक्षकों के सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

का

ट्यां

ोजना

ाकारी
शिक्षकों
30
उपस्थित
सभी
इल
या कि
भारंभ
ी
गी।
पर
ने की

य अक्सर
चलाया
भी मीठा
ताया कि
ायत की,
आ। एक
संचालित
ां जाने से

# दो दिन से लापता युवती का बूढ़ी राप्ती नदी में उतराता मिला शव

**संवादसूत्र, गौरा चौराहा (बलरामपुर) :** क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासिनी 18 वर्षीया रेखा यादव का शव दो दिन बाद सोमवार को अंबरनगर गांव के पास बूढ़ी राप्ती नदी में उतराता मिला। वह शनिवार की शाम पैर फिसलने के कारण नदी की धारा में बह गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिवारजन के सिपुर्द कर दिया है।

प्रभारी निरीक्षक प्रेमप्रकाश पांडेय ने बताया कि शनिवार की शाम रेखा खेत में खाद डालने गई थी। उस समय उसका पिता चेतराम नदी के दूसरे छोर पर स्थित अपना खेत देखने चला गया था। इसी बीच रेखा बगल में बह रही बूढ़ी राप्ती नदी में हाथ धुलने चली गई। हाथ धुलते समय पैर फिसलने से वह नदी की धारा में बह गई। उसका दुपट्टा व चप्पल नदी के किनारे रखा मिला था। बताया कि गोताखोर लगाकर दो दिन से उसकी तलाश की जा रही थी। सोमवार की दोपहर करीब एक किलोमीटर दूर अंबरनगर गांव के पास उसका शव उतराता मिला।

# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह



गैंसड़ी में अग्निपथ योजना के विरोध में जुलूस निकालते कांग्रेसी ● जागरण

**जासं, बलरामपुर :** कांग्रेसियों ने अग्निपथ योजना के विरोध में एक दिवसीय सत्याग्रह किया। नगर के अंबेडकर तिराहा पर पीसीसी सदस्य डा. पंकज गुप्त और गैंसड़ी में डा. इश्तियाक की अगुवाई में कांग्रेसियों ने विरोध दर्ज कराया।

पीसीसी सदस्य ने कहा कि सेना में पिछले तीन साल में कोई भर्ती नहीं हुई। अब सरकार अग्निवीर योजना के तहत चार साल की नौकरी देकर युवाओं के भविष्य के साथ खेल रही है। पुराने तरीके से ही सेना में भर्ती की जाए। जिला महासचिव डा. प्रतीक मिश्र, ब्लाक अध्यक्ष बंगाली शुक्ल, आतिफ ने अपनी बात कही। दूसरी तरफ गैंसड़ी से पचपेड़वा जा रहे पार्टी नेता डा. इश्तियाक व अन्य कार्यकर्ताओं को पुलिस ने धारा 144 का हवाले देते हुए रोक लिया। कहा कि यदि अग्निपथ योजना को वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेसी सड़क पर आंदोलन को बाध्य होंगे।



अंबेडकर तिराहा पर अग्निपथ योजना के विरोध में धरने पर बैठे कांग्रेसी ● जागरण

**जिले की महत्वपूर्ण खबरें**
www.jagran.com पर पढ़ें

# दो नेपाली युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपित गिरफ्तार

- नेपाल से मणिपुर बाजार में खरीदारी करने आ रहीं थीं
- आरोपितों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** खरीदारी करने आईं दो नेपाली युवतियों से महादेव बांकी के जंगल में सामूहिक दुष्कर्म किया गया। एक पीड़िता की मां ने नेपाल के जिला दांग थाना खंगरा नाका पुलिस के साथ ही हरैया थाने पर रविवार की रात घटना की जानकारी दी। पुलिस ने चारों आरोपितों जयरामपुर खादर निवासी रामचंद्र उर्फ चंद्र, राजेंद्र, राकेश व पिंटू को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी दो पुत्रियां सहेलियों के साथ रविवार को साइकिल से मणिपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार जा रहीं थीं। रास्ते में महादेव बांकी के जंगल में चारों आरोपितों ने सभी युवतियों से छेड़खानी करने के बाद दो युवतियों को जंगल में घसीटकर दुष्कर्म किया। दरिंदों के चंगुल से छूटने के बाद युवतियों ने परिवार को घटना की सूचना दी। पीड़िता की मां ने नेपाल में खंगरा नाका पुलिस से शिकायत की। इसके बाद नेपाल पुलिस के साथ पीड़िता की मां युवतियों को लेकर हरैया थाना पहुंची। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने चारों आरोपितों के खिलाफ पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। हरैया, महराजगंज तराई, ललिया थाने व एसओजी की टीमें गठित कर तीन घंटे के अंदर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर व राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

# अपराधी कर रहे वारदात, देहात पुलिस खाली हाथ

श्लोक मिश्र • बलरामपुर

फॉलोअप

• एक के बाद एक ताबड़तोड़ घटनाओं ने खाकी के इकबाल पर उठाए सवाल, अपराधी पकड़ से दूर

एक तरफ पुलिस अधीक्षक ला एंड आर्डर दुरुस्त करने के लिए मातहतों को लगातार हिदायत दे रहे हैं। वहीं देहात कोतवाली की पुलिस हत्या व हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराधों में खाली हाथ है। एक के बाद एक हो रही घटनाओं ने खाकी के इकबाल पर सवालिया निशान लगा दिया है। रविवार को बेला नौशहरा गांव निवासी सहजराम यादव का शव गांव में काली मंदिर के निकट मिला। हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को नामजद किया गया है। शनिवार को पाठकपुरवा गांव के निकट सेमरहना गांव निवासिनी बड़का के साथ लूटपाट कर हत्या कर दी गई। इन सभी घटनाओं के अभियुक्तों को सलाखों के पीछे पहुंचाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।




बहराइच मार्ग स्थित देहात कोतवाली • जागरण

**लगातार दो हत्याओं ने खाकी को दी चुनौती :** बेला गांव के मजरे नौशहरा निवासिनी कृष्णावती ने बताया कि उसके पति सहजराम की गांव के ही कुतुब अली व मुख्तार से जमीन विवाद को लेकर पुरानी रंजिश थी। शनिवार को दोनों ने सहजराम को जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रात उसकी हत्या कर शव को कालीथान मंदिर के बगल फेंक दिया गया। रविवार को शव मिलने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया।

इससे पूर्व शनिवार को ललिया के सेमरहना गांव निवासिनी बड़का की दिनदहाड़े लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई। मृतका के बेटे शीतला ने बताया कि मां का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। कान का झाला, नथुनी व पायल गायब थी। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

**जल्द गिरफ्तार होंगे अभियुक्त :** प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा का कहना है कि सभी घटनाओं के वांछित अभियुक्तों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही सभी अभियुक्त सलाखों के पीछे होंगे।

# मारपीट के दो मामलों में 20 को कैद व अर्थदंड

**बलरामपुर।** एफटीसी प्रथम ने मारपीट के दो मामलों में सोमवार को 20 लोगों को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई। एक मामले में 15 लोगों को दोषी मानते हुए दो-दो वर्ष के कारावास व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दी है। जबकि दूसरे मामले में पांच लोगों को तीन-तीन वर्ष के कारावास व 14-14 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी ने बताया कि ग्राम मनोहरापुर थाना पचपेड़वा की रहने वाली सावित्री देवी ने न्यायालय में परिवाद दाखिल करते हुए रामसागर, भागीरथी, रंगीलाल, चंदर, रामअवतार, रामसुमिरन, भीखी, हरिराम, मंशाराम, बबलू, गोपाल, महाजन, आज्ञाराम, राम प्यारे व काशीराम के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया था। न्यायालय ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सभी 15 लोगों को तलब किया। विवेचना के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने पांच गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद एफटीसी प्रथम जहेंद्र पाल सिंह ने सभी 15 लोगों को मारपीट का दोषी मानते हुए दो-दो वर्ष के कारावास व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।



**15 लोगों को दो-दो वर्ष और पांच को तीन-तीन वर्ष का कारावास**

वहीं, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रणधीर सिंह ने बताया कि पचपेड़वा के ग्राम मनोहरापुर निवासी अलख प्रसाद यादव ने 18 जून 2006 को थाने में प्रार्थना दिया था। इसमें बताया था कि कोटेदार अश्वनी कुमार से राशन वितरण को लेकर विवाद होने पर पिंगल, अश्वनी कुमार, मंगलू, सालिकराम व लक्ष्मी नरायन ने उसे पीटा, जिससे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जान से मारने की नियत से हमला करने के जुर्म में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली की जांच के बाद एफटीसी प्रथम जहेंद्र पाल सिंह ने पांचों लोगों को तीन-तीन वर्ष की कैद व 14-14 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपियों को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। संवाद

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-06-2022

# खैरीघाट पुलिस ने 33 लाख की चरस बरामद की

## कार्रवाई

बहराइच, संवाददाता। खैरीघाट थाने की पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोच लिया है। इनके पास से 33 लाख की चरस, चोरी की गई रकम, तमंचा, कारतूस व एक मोबाइल बरामद किया गया है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ महसी जय प्रकाश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एसएचओ खैरीघाट निखिल कुमार श्रीवास्तव की ओर से गठित दरोगा संजय कुमार यादव, राम गोविंद वर्मा, मुख्य सिपाही राहुल सिंह, सिपाही कार्तिकेय गौड़, अजय यादव, सोनू यादव ने सोमवार भोर में मक्कापुरवा डीप पर दबिश देकर दो शातिर चोरों को पकड़ा। तलाशी में इनके पास से 1.100 किग्रा चरस, एक तमंचा 12 बोर, एक कारतूस, चोरी गई रकम से 17,470 रुपये, एक मोबाइल एंड्रायड बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों की पहचान खैरीघाट थाने के चिड़ीमारन पुरवा, टेपरी निवासी मिश्री, विक्रम व गुड्डू बहेलिया के रूप में हुई। मिश्री बहेलिया पर पूर्व में चार, गुड्डू बहेलिया पर तीन व विक्रम पर पूर्व में एक आपराधिक केस दर्ज है।

# तराई में आज से झमाझम बारिश होने के आसार

## बदला मौसम

बहराइच, संवाददाता। मानसून की बंगाल की खाड़ी वाली शाखा सक्रिय होने के कारण 28 जून से तराई में झमाझम बारिश के संकेत हैं। हालांकि सोमवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। शाम पांच बजे हलकी बारिश भी हुई, जिससे पारा लुढ़क गया, लेकिन उमसभरी गर्मी देर शाम तक बरकरार रही।

तराई में मानसून की दस्तक के एक दिन पहले 27 जून को दिन का अधिकतम तापमान बिना किसी विशेष बदलाव के 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य कृषि मौसम केन्द्र प्रभारी आईएमडी लखनऊ भारत सरकार अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अभी तक मानसून को बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त नमी नहीं मिल रही थी, इसलिए यह 20 जून से सोनभद्र के पास ठिठका हुआ था।

अब यह बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त पुरवा हवा का साथ पाकर आगे बढ़ने लगा है। राज्य कृषि मौसम केन्द्र प्रभारी के अनुसार अगले



- सोनभद्र के पास 20 जून से टिटका हुआ था मानसून
- सोमवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया था

दो-तीन दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ और भागों में मानसून के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। नमीयुक्त पुरवा हवाओं के तेजी से बढ़ने के कारण 28 जून से प्रदेश के ज्यादातर तराई भाग में बारिश शुरू हो जाएगी। इसी के साथ अधिकतम तापमान में और कमी आने की संभावना है।

# खेत में जहरीली दवा स्प्रे मामले में पुलिस ने दो लोगों को उठाया

**हि असर**

- थाने में हो रही पूछताछ पुलिस को तहरीर मिलने का इंतजार
- गांवों के किसान भी सतर्क, कर रहे खेतों की रखवाली

**बहराइच, संवाददाता।** खैरा धौकल गांव में शनिवार रात धान की नर्सरी में जहरीली दवा स्प्रे मामले में हिन्दुस्तान में सोमवार को खबर प्रकाशित होने पर पुलिस हरकत में आई। खैरा धौकल गांव से पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ को थाने लाई है। उनसे पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार केस दर्ज किए जाने को तहरीर का इंतजार किया जा रहा है। तहरीर मिलने पर जांच की कार्रवाई की जाएगी।

रामगांव थाने के खैराधौकल गांव में जहरीली दवा के स्प्रे से झुलस कर नष्ट हुई धान की नर्सरी को किसान खेतों से साफ कर रहे है। आशंका जताई जा रही है कि दवा की मात्रा अधिक होने पर खेत की मिट्टी पर भी इसका प्रतिकूल असर हो सकता है।

नतीजतन किसानों ने प्रभावित खेतों की मिट्टी का प्रयोगशाला में मृदा परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद खेत जुताई के बाद धान की फिर से नर्सरी लगाई जाएगी। 20 बीघा धान की नर्सरी लगाने में लगभग 1.20 लाख की लागत आई थी। इतनी ही लागत अब फिर किसानों को लगानी पड़ेगी। इस वारदात के बाद आस -पास गांव के किसान भी सतर्क हो गए हैं।

किसानों को यह समझ नहीं आ रहा कि इस प्रकार की मानसिकता लोगों में कैसे पनप रही है। एक ही गांव में साथ -साथ रहने वाले लोग दूसरे का नुकसान की प्रवृति क्यों पाल रहे हैं। दूसरी ओर पुलिस ने इस मामले मे तहकीकात की शुरुआत की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। पीड़ित किसानों से तहरीर मांगी गई है। ताकि इस मामले में तहकीकात के बाद केस दर्ज किया जा सके। इसके लिए जो भी दोषी होगा उसके प्रति जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# लोकतंत्र रक्षक का निधन, सुरक्षा जवानों ने दिया गार्ड आफ आनर

- **राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार**

**संसू, शिवपुर (बहराइच) :** लोकतंत्र रक्षक रामप्यारे वर्मा का सोमवार को उनके पैतृक आवास गुजरातीपुरवा में हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया।

लोकतंत्र की लड़ाई में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई थी। आपात काल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा करते हुए जेल भी गए। इनको सरकार की ओर से पेंशन मिलती थी। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा जगत की नींव की पहली ईंट रामप्यारे शिवशंकर इंटर कालेज की स्थापना के साथ रखी थी। उस समय दूर-दूर तक कोई शिक्षण संस्थान नहीं था। वे चौधरी गयाप्रसाद महाविद्यालय शिवपुर के भी संस्थापक थे।



राम प्यारे वर्मा (फाइल फोटो)

अंतिम संस्कार में सांसद अक्षयबर लाल गोंड़, विधायक रामनिवास वर्मा, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, जिला कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष घनश्याम सिंह, तहसीलदार नानपारा अमरचंद्र वर्मा, थानाध्यक्ष खैरीघाट निखिल कुमार श्रीवास्तव, परमहंस पांडेय, प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर कुमार यज्ञसैनी आदि शामिल रहे।

# कर रहा था दूसरी शादी पहुंच गया जेल

**संसू, फखरपुर(बहराइच)** : जिस युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। उसी से युवक पहली पत्नी को बिना बताए शादी कर रहा था। युवक के ससुरालीजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद आरोपित को पुलिस ने मंडप से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, जहां से जिला कारागार में निरुद्ध कराने का आदेश दिया गया।

थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि बटुरहा गांव निवासी राहुल की चार मई को पयागपुर थाना क्षेत्र के खुटेहना चंदवापुर निवासी रामनिवास की पुत्री खुशबू के साथ शादी हुई थी। शादी से पहले राहुल का कई वर्षों से दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके बाद प्रेमिका ने राहुल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमे से बचने के लिए आरोपित चुपचाप प्रेमिका से शादी करने को तैयार हो गया। घर से दो किलोमीटर तिंगाई गांव में मामा के घर से शादी की तैयारियां कर रविवार रात वह बरात लेकर पहुंचा। इसकी भनक पत्नी खुशबु को हुई तो उसने सारा मामला मायके में बताया। इस पर रामनिवास ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ बरात स्थल पर पहुंचे और द्वारपूजा से पहले ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि आरोपित पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज था, इसलिए गिरफ्तारी की गई है।

# जेसीबी लेकर चेतावनी देने पहुंच गये अफसर

संवाद न्यूज एजेंसी

## नानपारा से बाबागंज के बीच कब्जे हटाने की दी चेतावनी

### कुछ बोर्ड भी हटवाए, तमाम लोगों ने खुद ही हटाए कब्जे

बाबागंज/अगैय्या(बहराइच)। हाईवे किनारे फैले अवैध अतिक्रमण को लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अफसरों ने सोमवार को सख्ती दिखाई। जेसीबी साथ लेकर निकले अधिकारियों ने नानपारा से बाबागंज तक लोगों को अवैध कब्जे हटाने की चेतावनी दी।

इस दौरान अगैय्या में जेसीबी से एक-दो बोर्डों हटाए भी गये। बाबागंज में अधिकारियों ने लाउडस्पीकर से व्यापारियों को अवैध कब्जे हटाने के लिए चेतावनी देते हुए चार जुलाई से जेसीबी चलाने का ऐलान भी कर दिया।



अगैय्या में अफसरों ने कुछ बोर्ड हटवाकर दिखाए तेवर। -संवाद

एनएचआई के इंजीनियर विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि अगैय्या चौराहे पर दुकानदारों को अतिक्रमण खुद हटाने का निर्देश दिया गया है। अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो मंगलवार को जेसीबी से हटवाया जाएगा। इस दौरान चौराहे पर डॉ. राघवेंद्र बाजपेई का बोर्ड जेसीबी से हटाया थी गया। एनएचआई के सख्त तेवरों से अगैय्या चौराहे पर हड़कंप की स्थिति रही। कई दुकानदारों ने खुद ही टिन शेड हटा लिए। वहीं, अब्दुल मन्नान, इशान अहमद, भुसैली प्रसाद व राजेंद्र प्रसाद ने भी अवैध निर्माण खुद तोड़ दिए। विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि बीच हाईवे से दोनों साइड में 15-15 मीटर सड़क खाली करवाई जाएगी। कब्जेदारों को आखिरी चेतावनी दी गई है। कब्जे नहीं हटाए गये तो चार जुलाई से बुलडोजर चलेगा। बाबागंज क्षेत्र में एनएचआई की मुनादी से लोगों में दहशत दिखी।

# 60 लाख रुपये की चरस बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** नेपाल से चरस लेकर भारत आ रहे तीन तस्करों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। तस्करों के पास से भारी मात्रा में चरस के अलावा एक तमंचा, कारतूस व नगदी बरामद हुई।

बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 60 लाख रुपये बताई जा रही है। एसपी के निर्देश पर खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने मुखबिरों का जाल बिछाया। इसके बाद थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि कुछ लोग नेपाल से चरस लेकर आ रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए

## नेपाल से खेप लेकर भारत आ रहे थे तीनों, तमंचा भी बरामद

थानाध्यक्ष ने एसआई संजय कुमार यादव व रामगोविंद वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर मक्कापुरवा के पास भेजी। यहां तीन लोग आते दिखे। टीम ने रोका तो तीनों भागने लगे। इस पर घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान 1100 ग्राम चरस, एक तमंचा, एक कारतूस व नगदी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान तीनों की पहचान खैरीघाट थाना क्षेत्र के चिड़ीमारनपुरवा गांव निवासी मिश्री, गुड्डू व विक्रम के रूप में हुई।

# हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी पकड़ा

बहराइच। नवाबगंज थाने की पुलिस ने शनिवार को केवलपुर में पिता पुत्र पर चाकू से वार कर घायल किए जाने के मामले में आरोपी को थाने के गेट के पास दबोच लिया। उसके पास से चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

नवाबगंज संवाद के अनुसार एसएचओ राम समुझ प्रभाकर ने उपनिरीक्षक रविन्द्र चंद्रा, मुख्य सिपाही हरि नारायण यादव, सिपाही रोहित कुमार को केवलपुर में हुए हत्या के प्रयास के आरोपियों की गिरफ्तारी को रविवार शाम दबिश को भेजा। थाने के गेट के पास ही केवलपुर निवासी इदरीश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास चाकू बरामद किया गया है। शनिवार को भूमि बंटवारे के दौरान केवलपुर गांव में इदरीश खान ने अच्छन खां और उनके पुत्र मोहम्मद अहमद को चाकू मारकर घायल कर दिया था।

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-06-2022

# 22 शीशी नेपाली शराब बरामद

श्रावस्ती। जिले में अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर रोकथाम के लिए पुलिस की ओर से अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सिरसिया पुलिस ने 22 शीशी नेपाली शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

रविवार शाम सिरसिया में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति पास से 22 शीशी नेपाली शराब बरामद की है। शराब जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मनोहर पुत्र अलख राम निवासी विशंभर पुर थाना सिरसिया के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

# 70 वाहनों पुलिस ने चलान काटा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 70 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। इन वाहनों चालान किया गया।

# फर्जी दरोगा बन रुपये हड़पने वाला गिरफ्तार

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस ने फर्जी दरोगा बनकर फ्राड काल करके लोगों से रुपये हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफांस किया। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

कस्बा गिलौला निवासी आशीष कुमार गुप्ता पुत्र देवेन्द्र गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसके खाते से 10 हजार रुपये फर्जी तरीके से हड़प लिया गया है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए थाना गिलौला में मामला दर्ज कराया। इसके साथ ही उन्होंने साइबर सेल, सर्विलांस सेल, एसओजी की संयुक्त टीम बनाकर घटना के सफल अनावरण का निर्देश दिया। टीम ने ठगी करने वाले गैंग के एक सदस्य शुभम शुक्ला उर्फ बंटी पुत्र मदन शुक्ला निवासी शंकरपुर राजा थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी को तिलकपुर से गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी दरोगा बनकर लोगों के पास फ्राड कॉल करता था।

# हादसे में पीआरडी जवान समेत तीन घायल

संसू, सिरसिया( श्रावस्ती) : सिरसिया के उत्तरी तकिया गांव निवासी पीआरडी जवान सोमवार को बाइक पर पत्नी व बेटी को बिठाकर भिनगा जा रहे थे। भिनगा जंगल में वन निगम डिपो के पास अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बेटी समेत दंपति गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

उत्तरी तकिया गांव निवासी पीआरडी जवान देवेंद्र मिश्र बाइक से पत्नी के साथ पुत्री सत्तमी का इलाज कराने भिनगा जा रहे थे। भिनगा वन डिपो के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें पुत्री समेत दंपति घायल हो गए।

## मानव तस्कर को गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिले में अपराधियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शकील उर्फ छोटकऊ पुत्र बाउर निवासी तेंदुआ रतनपुर थाना सिरसिया के रूप में हुई।

# दारोगा बन ठगने वाले गिरोह का राजफाश

## मोबाइल व 10 हजार रुपये बरामद दोनों आरोपित लखीमपुर जिले के

**जासं, श्रावस्ती :** फर्जी दारोगा बन फोन कर रुपये हड़पने वाले गिरोह का पुलिस ने राजफाश किया है। साइबर, सर्विलांस सेल, एसओजी व गिलौला पुलिस की संयुक्त टीम ने ठगी करने वाले गैंग के एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लखीमपुर खीरी जिले के निवासी हैं।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि गिलौला निवासी आशीष कुमार गुप्त ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसके खाते से 10 हजार रुपये फर्जी तरीके से हड़प लिए गए हैं। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए गिलौला थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। साइबर, सर्विलांस सेल व एसओजी की संयुक्त टीम बनाकर घटना के अनावरण के निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने रविवार को ठगी करने वाले गैंग के एक आरोपित लखीमपुर खीरी के मुहम्मदी क्षेत्र के शंकरपुर राजा निवासी शुभम शुक्ला उर्फ बंटी को गिलौला क्षेत्र के तिलकपुर से गिरफ्तार



गिलौला थाने में पुलिस हिरासत में फर्जी दारोगा ● जागरण

कर लिया। आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एंड्रायड मोबाइल फोन व हड़पे गए 10 हजार रुपये बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने फर्जी दारोगा बनकर लोगों को फोन कर अपने गांव के सहयोगी कमलेश कुमार के खाते मे रुपये मंगवाने की बात स्वीकार की है। खाते से रुपये निकाल कर दोनों आपस में बांट लेते थे। फरार साथी कमलेश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

### स्कूटी की डिग्गी से 50 हजार रुपये उड़ाए

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के भभरापुर निवासी शिक्षक सोमवार को भरत मिलाप चौराहे के पास मिष्ठान की दुकान में चाय पी रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी की डिग्गी का ताला तोड़कर आरोपित 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। शिक्षक कारी अमीन स्कूटी से इंडियन बैंक शाखा भिनगा आए थे। यहां अपने बैंक खाते से उन्होंने 49 हजार रुपये निकाले। एक हजार रुपये अपने पास से मिलाकर उन्होंने 50 हजार रुपये स्कूटी की डिग्गी में रख दिए। इसके बाद वे स्कूटी लेकर भरत मिलाप चौराहे पर पहुंचे। यहां मिष्ठान की दुकान में जाकर चाय पीने लगे। कुछ देर बाद दुकान से बाहर आए। डिग्गी खोलकर देखा तो रुपये गायब थे। पुलिस प्रतिष्ठानों में लगे सीसी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# एप से हो सकेगा हादसों के कारण का विश्लेषण

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा पुलिस लाइन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में सोमवार को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने व उनसे होने वाली मृत्यु दर पर प्रभावी रोकथाम के लिए सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की ओर से आइआइटी मद्रास के सहयोग से सड़क दुर्घटना डेटाबेस तैयार किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर शिव कुमार पाठक ने कहा कि इस एप से सड़क हादसों के कारणों का विश्लेषण हो सकेगा।

## 22 शीशी नेपाली शराब बरामद

**श्रावस्ती** : सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विशंभरपुर निवासी मनोहर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 22 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।(वि.)

## चाकू संग आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : भिनगा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तेंदुआ रतनपुर निवासी शकील उर्फ छोटकऊ को दबोचा। तलाशी में इनके कब्जे से एक अदद चाकू बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।(वि.)

# दबोचा गया मानव तस्कर

**कटरा :** श्रावस्ती पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मानव तस्करी के मामले में फरार चल रहे राम्पुरवा सलवरिया निवासी रक्षाराम यादव उर्फ भगौती को कटरा चौराहे से दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेजा गया है। (वि.)

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती** : सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीरपुर बगही निवासी विश्राम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# शांति भंग के आरोप में 12 धरे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात 12 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। दूसरी ओर, जिला पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने वाहनों की जांच कर 70 वाहनों का ई-चालान किया। संवाद

# दरोगा बनकर ठगी करने वाला पकड़ा

**श्रावस्ती।** साइबर सेल, सर्विलांस, एसओजी व गिलौला पुलिस की संयुक्त टीम ने दरोगा बनकर ठगी करने वाले युवक को पकड़ा है। उसके गैंग में शामिल दूसरे सदस्य की तलाश की जा रही है। कस्बा गिलौला निवासी आशीष कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य को प्रार्थना पत्र सौंपा था। इसमें बताया था कि उसके खाते से 10 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकाल लिए गये। एसपी ने खुलासा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद साइबर सेल, सर्विलांस सेल, एसओजी व गिलौला पुलिस की संयुक्त टीम ने ठगी करने वाले गैंग के एक शातिर को मिलकपुर से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल व एक हजार रुपये बरामद हुए हैं। उसकी पहचान लखीमपुर जिले के थाना मोहम्मदी अंतर्गत शंकरपुर राजा निवासी शुभम शुक्ला उर्फ बंटी के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह फर्जी दरोगा बनकर लोगों के पास कॉल करता था। इसके बाद अपने सहयोगी कमलेश कुमार के खाते में रकम मंगाता था। फरार कमलेश कुमार की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है। संवाद

# 22 बोतल नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान विशंभरपुर निवासी मनोहर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 22 बोतल नेपाली शराब बरामद की, उसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। भिनगा कोतवाली पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ रतनपुर निवासी शकील उर्फ छोटकऊ के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई किया है। संवाद

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था जांची



**श्रावस्ती।** बैंक की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने बैंकों व ग्राहक सेवा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद लोगों को आवश्यक निर्देश भी दिए गये। बैंकों में लगे सीसीटीवी व सायरन सहित वाहनों की जांच की गई। सिरसिया पुलिस व क्षेत्राधिकारी, इकौना के नेतृत्व में गिलौला पुलिस ने भी बैंकों की जांच की। मल्हीपुर व सोनवा क्षेत्र में भी जांच की गई। संवाद

# मानव तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न थाना पुलिस ने एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। जिले में गरीब परिवार के युवाओं को रोजगार का लालच देकर गैर प्रांत ले जाया जा रहा है। वहां घरों व प्रतिष्ठानों में काम करने के लिए मोटी रकम लेकर बेच दिया जाता है। चंगुल में फंसने के बाद युवक वहां से बाहर नहीं निकल पाते हैं। ऐसा ही मामला इकौना के ग्राम सलवरिया के मजरा रामूपुरवा में सामने आया। यहां रक्षाराम यादव उर्फ भगौती मानव तस्करी कर रहा था। मामला दर्जकर इकौना पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय ने कटरा चौराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया। संवाद